* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

30 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 72

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सुखोई ब्रह्मोस मिसाइल का से सफल परीक्षण : बंगाल की खाड़ी में 400 किमी दूर टारगेट पर साधा सटीक निशाना



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

नामांकन जारी सत्र : 2022-2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B.PHARM
(Bachelor in Pharmacy)



Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354


## मुख्यमंत्री ने सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर राज्यवासियों को दी सौगातें

# सरकार ने तय किया लक्ष्य, उसी के अनुरूप कर रही काम : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से 951 करोड़ रुपये हस्तांतरित किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज सरकार के तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस दौरान हमने कई उतार-चढ़ाव देखे। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से हमारा सामना हुआ। हमारी सरकार ने कोरोना को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। हमने हार नहीं मानी और इस आपदा को अवसर के रूप में लिया। इसी का नतीजा रहा कि आप सभी के सहयोग से इस महामारी से निपटने में कामयाब हुए। इसके उपरांत विकास की गति को तेज करने की संकल्पना के साथ कई योजनाओं को शुरू किया। इसका लाभ आज राज्य के कोने-कोने में रहने वाले लोगों को मिल रहा है। सरकार जिस सोच और उद्देश्य के साथ काम कर रही है, उससे यहां के लोग भी आगे बढ़ेंगे और राज्य भी आगे बढ़ेगा। सरकार ने लक्ष्य तय कर रखा है और उसी के अनुरूप कार्यों को अंजाम दे रहे। सीएम हेमंत सोरेन गुरुवार को सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।




**हमारे राज्य में काफी क्षमताएं हैं:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे राज्य में काफी क्षमताएं हैं। यहां खनिज समेत वैसे सभी संसाधन मौजूद हैं, जो राज्य को विकास के मार्ग पर आगे ले जा सकते हैं। पिछले 20 वर्षों में किसी न किसी वजह से राज्य में विकास का माहौल नहीं बन सका। हमारी सरकार अब विकास को नयी दिशा देने में जुट गयी है। इसके लिए वातावरण तैयार किया जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यहां के संसाधनों का अगर सदुपयोग सही तरीके से हुआ तो झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा होगा।

**हर क्षेत्रों में हो रहा है विकास:** मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य हो रहे हैं। किसानों, मजदूरों, सरकारी कर्मियों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौजवानों सहित हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं चला रहे हैं। हमारी सरकार ने लक्ष्य तय कर रखा है और उसी के अनुरूप कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है।

**विकसित प्रदेश बनाने का है संकल्प:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज पूरे राज्य के लिए हर्ष उल्लास और उत्साह का दिन है। सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कई योजनाओं और पोर्टल का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लाभुकों के बीच डीबीटी के माध्यम से लगभग 951 करोड़ रुपये हस्तांतरित किये गये हैं। हमारी सरकार इसी मकसद के साथ कार्य कर रही है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज विकास को तेज करने का कार्य पूरी क्षमता और ताकत के साथ सरकार कर रही है। लेकिन, यह शुरूआत है। अभी हमें आगे लंबा सफर तय करना है। झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

### मुख्यमंत्री के वक्तव्य की मुख्य बातें

- किसानों, मजदूरों, सरकारी कर्मियों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौजवानों सहित हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं चल रही हैं।
- राज्य के कोने-कोने में रह रहे गरीबों और जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं का मिल लाभ रहा है।
- आज पूरी क्षमता और ताकत के साथ विकास की गति को धार दे रह हैं। झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।
- सरकार जिस सोच और उद्देश्य के साथ काम कर रही है, उससे यहां के लोग आगे बढ़ेंगे और राज्य भी आगे बढ़ेगा।
- पिछले बीस वर्षों में किसी न किसी वजह से राज्य में विकास का माहौल नहीं बन सका।

### सरकार ने जो कहा, वह कर रही है: आलमगीर आलम

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। सरकार ने जो कहा है, उसे पूरा कर रही है। लोगों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। किसानों को पहली बार सुखा राहत राशि उपलब्ध करायी गयी है। ग्रामीण विकास की कई योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। सरकार के कार्यों से हर तरफ हर्ष का माहौल है।

### सरकार ने तीन सालों में बेहतरीन कार्य किये: भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में विभिन्न चुनौतियों के बीच बेहतरीन कार्य किये हैं। सरकार की योजनाओं और कार्यों का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। हर तबके को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अगले दो वर्षों में भी सरकार ऐसे कार्य करेगी, जो इस राज्य के लिए मिसाल साबित होगा।

### सीएम ने लाभुकों के साथ किया संवाद

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर समारोह में कुछ लाभुकों को अपने हाथों से योजनाओं का लाभ प्रदान किया। वहीं, विभिन्न जिलों में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के साथ ऑनलाइन संवाद भी किया। लाभुकों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं से उन्हें काफी लाभ पहुंच रहा है और उनके गांव-पंचायत में विकास कार्य काफी बेहतर तरीके से संचालित हो रहे हैं।

### ऑनलाइन जुड़े मंत्री और अधिकारी

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक बसंत सोरेन, दीपिका पांडे सिंह, राजेश कच्छप, प्रदीप यादव और विधायक अंबा प्रसाद के अलावा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी नीरज सिन्हा, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री, उपायुक्त और लाभुक ऑनलाइन जुड़े।

# मोदी का बंगाल दौरा आज

## एक मंच पर दिखेंगे मोदी-ममता-योगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बंगाल दौरे पर आ रहे हैं। वे कोलकाता में राष्ट्रीय गंगा परिषद की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा राज्य में 7,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे और अन्य परियोजनाएं को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री हावड़ा स्टेशन से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली पूर्वी भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखायेंगे। सेमी हाई स्पीड यह ट्रेन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन के नवनिर्मित जोका-तारातला खंड का भी उद्घाटन करेंगे और विभिन्न रेलवे व अन्य परियोजनाओं की आधारशिला और कुछ का लोकार्पण करेंगे।

**पांच राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल :** प्रधानमंत्री दोपहर 12 बजे यहां नौसेना के बेस आइएनएस नेताजी सुभाष पहुंचेंगे। वहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर 12.25 बजे से राष्ट्रीय गंगा परिषद की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, राष्ट्रीय गंगा परिषद के सदस्य अन्य केंद्रीय मंत्रियों के अलावा सभी गंगा प्रदेशों यानी बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली चंद्रभान पाहन ढेर

**एक नक्सली पकड़ाया, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में नक्सलियों की मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस मुठभेड़ में जहां एक नक्सली ढेर हो गया, वहीं एक पकड़ा गया है। पकड़े गये नक्सली की निशानदेही पर पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। मृतक नक्सली की पहचान चंद्रभान पाहन एवं घायल नक्सली की पहचान गोविंद बिरिजिया के रूप में किया गया है। एसपी आर रामकुमार ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सूचना के आलोक में वरीय पुलिस उपाधीक्षक लोहरदगा दीपक कुमार पांडेय एवं एसके पाल आइसी ऑपरेशन सीआरपीएफ 158 बटालियन के नेतृत्व में अभियान प्रारंभ किया गया। इसमें सीआरपीएफ- 158 बटालियन के साथ लोहरदगा पुलिस की सैट टीम के द्वारा उग्रवादियों के विरूद्ध कोरबो जंगल में छापामारी किया गया, तो रविंद्र गंझू के दस्ता के द्वारा पुलिस को देखते ही पुलिस को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग की जाने लगी। पुलिस द्वारा सुरक्षित आड़ लेते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गयी, जिसके बाद उग्रवादी जंगल और पहाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये। तत्पश्चात अभियान दल के द्वारा कोरबो जंगल में तलाशी अभियान चलाया गया, तो तलाशी के कम में पुलिस को एक उग्रवादी जख्मी हालात में मिला और एक उग्रवादी मृत पाया गया। घायल उग्रवादी नाम पता पूछने पर अपना नाम गोविन्द बिरिजिया एवं दूसरे का चन्द्रभान पाहन उर्फ सीबी पाहन बताया। उग्रवादी के पास से हथियार एवं कारतुस, नक्सली कागजात, मोबाईल फोन, दवा, दो पीठू जिसमें दैनिकी उपयोग का सामान बरामद किया गया।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

## हेमंत सरकार के तीन साल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जारी किया आरोप पत्र

# रोजगार के वायदे पर सरकार फेल, संन्यास की याद दिलायेगी भाजपा

- प्रदेश अध्यक्ष ने किये सवाल, राज्य सरकार से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन की सरकार के तीन साल पूरे होने पर झारखंड भाजपा ने आरोप पत्र जारी किया। हेमंत सोरेन के कार्यकाल को झूठ, लूट और भ्रष्टाचार के तीन साल बताया गया। साथ ही कहा कि सरकार के इस कार्यकाल में लूट की छूट है। गुरुवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने पार्टी कार्यालय में राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए जवाब मांगा। श्री प्रकाश ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की संयुक्त सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रखी है। राज्य में संरक्षित भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा है कि पंकज मिश्रा, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश से मुख्यमंत्री का क्या संबंध है।




### वीडियो क्लिप में दिखाया भ्रष्ट सरकार के कारनामे

आरोप पत्र के संबंध में कहा कि यह पत्र राज्य की जनता का है। सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना होगा। मौके पर सोशल मीडिया की टीम की ओर से वीडियो क्लिप में सरकार की विधि व्यवस्था, करप्शन, मतांतरण, रोजगार और अन्य पर राज्य सरकार के कारनामे को बताया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और योगेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद थे। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य में लूट पर लूट मची हुई है। सीओ कार्यालय से सचिवालय तक लोग त्रस्त हैं। शराब के मामले में झारखंड को कितना नुकसान हुआ है, सरकार को इसे बताना चाहिये। छत्तीसगढ़ के किस शराब माफिया के कारण झारखंड को राजस्व की हानि हुई है, सीएम बताएं। कोयला, बालू की लूट मची है। ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल खेला जा रहा है।

### स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर राजनीति

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने किसी वायदे पर टिक नहीं सकी है। 1932 के खतियान और नियोजन नीति पर यह सरकार राजनीति करती रही। स्थानीय नीति, नियोजन नीति को जलेबी की तरह घुमा कर झारखंडी जनता के साथ राजनीति कर रहे है। हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार नहीं तो संन्यास के वादे हुए। इसकी याद भाजपा कार्यकर्ता दिलाएगी। सरकार चाहे तो खुद से संकल्प लाकर नियोजन नीति ला सकती थी पर उसकी मंशा ही नहीं। पिछड़ों के हित की बात करने वाली यह सरकार उनकी विरोधी ही है। बगैर आरक्षण के पंचायत चुनाव कराये। नगर निकाय के चुनाव से वह बच रही। इसकी तुलना में मोदी सरकार ने सबसे अधिक सशक्त पिछड़े समाज को ही बनाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी भरपूर जगह दी है। पिछड़ा आयोग को सशक्त किया गया है।

### रामगढ़ उपचुनाव में मिलेगा जवाब

प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में जनता अपना जवाब देगी। इस सरकार के खिलाफ आक्रोश जतायेगी। गांवों में पंचायत चुनाव में यह दिख चुका है, अब शहरों में भी यह दिखेगा। हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी, सीबीआइ जांच के सवाल पर कहा कि कानून अपना काम करेगा ही। अगर किसी ने गलत किया है तो केंद्रीय एजेंसियां अपने स्तर से अपना काम तो करेंगी ही। 36 महीने के कार्यकाल पूरा करने पर 34 महीना का ही रिकॉर्ड पेश किया है। दो महीना का इसमें भी घोटाला हुआ है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,600 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो



# क्या झारखंड के लिए उम्मीदों का नया सवेरा लेकर आयेगा 2023

## रोजगार में वृद्धि, अपराध पर लगाम, महिलाओं को सुरक्षा और खुशहाल जनता की कल्पना क्यों न की जाये

## क्यों न संकल्प लिया जाये, झारखंड के समुचित विकास का : कठिन है, लेकिन नामुमकिन नहीं, तभी तो संकल्प लेने की जरूरत है

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड, 24 जिलों के सवा तीन करोड़ लोगों का खूबसूरत प्रदेश पूरी दुनिया के साथ 2022 को विदाई देने के साथ 2023 के स्वागत का इंतजार कर रहा है। इसमें अभी दो रातें बाकी हैं, लेकिन झारखंड को उम्मीद है कि आनेवाला साल उसके लिए उम्मीदों और कामयाबियों का नया सवेरा लेकर आयेगा। देश की खनिज जरूरतों का 40 प्रतिशत पूरा करनेवाला यह राज्य आगे तो बढ़ रहा है, लेकिन इसके कदमों में वह दृढ़ता नहीं दिखायी दे रही है, जो 22 साल के एक कद्दावर नौजवान के कदमों में होती है। शायद उसे एक ऐसे वैक्सीन की जरूरत है, जो झारखंड में पोलिओनुमा विकास को ताकत प्रदान कर सके। जो अपने पैरों पर दौड़ सके। विकास को नयी रफ्तार दे सके। इसलिए झारखंड को अब गियर बदलना होगा। इसके लिए सबसे जरूरी है, सियासत के चश्मे को उतार कर झारखंड की जरूरतों पर निगाह डालना, ताकि जरूरी फैसले लिये जा सकें। झारखंड में सियासत की गाड़ी इतनी तेज दौड़ती है कि इसके आगे तमाम योजनाएं और नीतियां पिछड़ जाती हैं। योजनाएं और नीतियां संवैधानिक होनी चाहिए ,अन्यथा आप अपने समर्थकों का भी नुकसान कर बैठते हैं। इसीलिए कोर्ट में जाकर सरकार की कुछ नीतियां धराशायी हो जाती हैं। सरकार को अपनी योजनाओं के प्रति भी सजग रहना पड़ेगा, नहीं तो भ्रष्टाचार रूपी दानव उन्हें निगल लेंगे। बाद में पता चलेगा कि उनके आस-पास के लोगों ने उसे छल लिया। झारखंड देश का सबसे विकसित राज्य बन सकता है। क्योंकि इस राज्य के पास वह सब कुछ है, जो एक अग्रणी राज्य के पास होना चाहिए। झारखंड तो पूरे देश को रोशन करने की क्षमता रखता है, लेकिन आज झारखंड खुद अंधकार में है। कारण राजनीतिक विजन की कमी। नये साल में उम्मीद की जानी चाहिए कि झारखंड अपनी इस कमजोरी से बाहर निकलेगा और अपने विकास की गाड़ी की रफ्तार को तेज करने में सफल हो सकेगा। झारखंड के लिए 2023 में क्या उम्मीदें हैं, इस पर रोशनी डाल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार के तीन साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा है कि 2023 का साल योजनाओं-नीतियों को लागू करने का साल होगा। उनके इस बयान के बाद अब झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के भीतर उम्मीदों का नया संचार हुआ है। यह उम्मीद वाजिब भी है और जरूरी भी, क्योंकि झारखंड आज जिस मोड़ पर खड़ा है, वहां से उसके भटकने के कई खतरे मौजूद हैं। इसलिए लोग भी मानने लगे हैं कि 2023 का साल झारखंड के लिए उम्मीदों का नया सवेरा लेकर आयेगा।

लेकिन आगे बढ़ने से पहले झारखंड के अतीत और वर्तमान पर नजर डालना भी जरूरी है। बिहार से काट कर झारखंड बने 22 साल से अधिक का समय बीत गया है। किसी व्यक्ति, संस्था या प्रदेश के आकलन के लिए इतना वक्त पर्याप्त होता है। झारखंड बनाने के पीछे की मंशा यहां के लोगों के सर्वांगीण विकास की थी। इसे समझने के लिए अविभाजित बिहार के तत्कालीन वित्त सचिव वीएस दुबे के एक बयान को याद करना जरूरी है। उन्होंने कहा था कि बिहार सरकार दक्षिण बिहार (तब झारखंड को इसी नाम से लोग जानते-पुकारते थे) के लिए बजट में जितना प्रावधान करती है, अगर उतने बजट को ही मान लें, तो झारखंड का बजट सरप्लस ही रहेगा। ऐसा कहने के पीछे उनका इशारा साफ था।

दरअसल खनन और उद्योग के मामले में झारखंड बिहार का समृद्ध हिस्सा था। एचइसी, बोकारो स्टील प्लांट, टाटा घराने की टिस्को-टेल्को, कोयला क्षेत्र की कंपनियां- बीसीसीएल, सीसीएल और इसीएल और उनके प्लांट तो झारखंड के हिस्से में ही थे। इनसे मिलने वाली रॉयल्टी या टैक्स के रूप में राजस्व बिहार के खाते में जाते थे। बंटवारे के बाद बिहार उद्योगविहीन हो गया, जबकि झारखंड समृद्ध। बिहार में चीनी मीलें और शराब की फैक्टरियां थीं, लेकिन उस वक्त की सरकार की अनदेखी से उनमें ज्यादातर बंद हो चुकी थीं। तब यह जुमला खूब उछला था कि बिहार अब बालू फांकेगा। स्थापना के कुछ साल तक तो झारखंड का बजट वास्तव में सरप्लस ही रहा। बिहार के वही वित्त सचिव झारखंड के मुख्य सचिव बनाये गये थे। लेकिन पांच साल भी नहीं बीते होंगे कि झारखंड का बजट घाटे का बनने लगा। उद्योग बदहाल होने लगे। कोयला, लौह अयस्क और दूसरे मिनरल्स का खनन तो होता रहा, लेकिन वह राजस्व में उतना बदल नहीं सका, जितना होना चाहिए था। झारखंड आहिस्ता-आहिस्ता बदहाली की ओर बढ़ता गया। ऐसा क्यों हुआ, इस पर झारखंड से बाहर का आदमी तो आश्चर्य कर सकता है, लेकिन यहां के लोग इसकी वजह से अनजान नहीं हैं।

झारखंड को भ्रष्टाचार और कुशासन का घुन लग गया। इसका नतीजा यह हुआ कि विकास के पैमाने पर यह राज्य नीचे से दूसरे या तीसरे पायदान पर रहा, लेकिन भ्रष्टाचार, चाहे राजनीतिक हो या प्रशासनिक, के सबसे ऊंचे पायदान पर इसी राज्य का कब्जा रहा। राजनीतिक अस्थिरता ने इस राज्य को भीतर से इतना खोखला कर दिया कि एकबारगी तो इसे दोबारा बिहार में मिला देने की चर्चा होने लगी।

तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद झारखंड में कुछ ऐसी बातें थीं, जिन्होंने इस राज्य को बेपटरी होने से बचाये रखा। राजनीतिक स्थिरता आयी, तो काम भी होने लगे, लेकिन विकास की गाड़ी की रफ्तार अपेक्षित नहीं हो सकी। अब जबकि 2022 खत्म हो रहा है और 2023 का साल हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है, झारखंड को स्वाभाविक रूप से बहुत सी उम्मीदें हैं।

### राजनीतिक उम्मीदें

जहां तक राजनीतिक उम्मीदों का सवाल है, तो झारखंड के लिए अब इस चश्मे का उतरना जरूरी हो गया है। पक्ष-विपक्ष के बीच झकझूमर तो होता रहेगा, आरोप-प्रत्यारोप भी होते रहेंगे, लेकिन इन सबके बीच सियासतदानों को झारखंड के बारे में सोचना होगा। विधानसभा की सार्थकता को एक बार फिर स्थापित किये जाने की जरूरत है, क्योंकि अब तक राज्य की इस सर्वोच्च पंचायत की बैठकों का प्रतिफल इस राज्य की जनता को उतना नहीं मिल पाया है, जितना मिलना चाहिए था।

### आर्थिक उम्मीदें

आर्थिक मोर्चे पर झारखंड को नये साल से काफी उम्मीदें हैं। देश में जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद राज्यों के पास आर्थिक गतिविधियां बहुत अधिक नहीं बच गयी हैं। झारखंड की आय का मुख्य स्रोत वैसे भी खनिजों से मिलनेवाली रॉयल्टी ही है, जो केंद्र सरकार देती है। ऐसे में नये साल में इसमें कुछ इजाफा होने की आशा करना बहुत अधिक नहीं है। झारखंड इकलौता ऐसा राज्य है, जो देश की खनिज जरूरतों का 40 फीसदी हिस्सा अकेले पूरा करता है। इसके बदले यदि वह बेहतर राजस्व प्रबंधन की उम्मीद करता है, तो यह तो उसका अधिकार है।

### सामाजिक उम्मीद

झारखंड के सामाजिक जीवन में गरीबी, बेरोजगारी और अपराध किसी धब्बे के समान हैं। 2022 में इन तीनों मोर्चों पर काम हुए हैं। गरीबी कम करने के लिए जिन योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया, उन्हें नये साल में लागू कराने का संकल्प लेना होगा।

नियोजन नीति और स्थानीयता नीति के साथ आरक्षण जैसे विवादास्पद मुद्दों पर हेमंत सोरेन सरकार ने साहसिक कदम उठाया है। ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए कि नये साल में इन नीतियों-कार्यक्रमों पर अदालती ब्रेक नहीं लगेगा और झारखंड के युवाओं के बीच उम्मीद की नयी किरण जगेगी। साल 2022 में अपराध के मामले में झारखंड ने बहुत दर्द झेला है। महिला दारोगा संध्या टोपनो से लेकर दुमका की बेटी अंकिता सिंह और रेबिका पहाड़िया की मौत ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया। नये साल में उम्मीद की जानी चाहिए कि इस तरह की दुखद घटनाओं से झारखंड को मुक्ति मिल जायेगी।

नये साल के आगमन पर हर व्यक्ति सुनहरे सपने देखता है, लेकिन उन सपनों को वही व्यक्ति हकीकत में बदल पाता है, जो ईमानदारी से ऐसा संकल्प लेता है। झारखंड के बारे में भी यही बात लागू होती है। तो अब जरूरत है ऐसे संकल्प लेने की, जहां से झारखंड पीछे मुड़ कर कभी नहीं देखेगा।

---

# नये डीजीपी के लिए नौ आइपीएस के नाम यूपीएससी को भेजे गये

## यूपीएससी नौ जनवरी को वरीयता तय कर तीन नाम भेजेगा

आजाद सिपाहीसंवाददाता

**रांची।** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा का कार्यकाल 11 फरवरी 2023 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में झारखंड के नये डीजीपी के चयन को लेकर प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। राज्य सरकार द्वारा यूपीएससी को वरीय आइपीएस अधिकारियों की सूची भेजी गयी है, ताकि वरीयता की जानकारी राज्य सरकार को दे सकें। जानकारी के अनुसार, यूपीएससी में 9 जनवरी को बैठक होगी, जिसमें वरीयता तय कर सरकार को जानकारी दी जायेगी। झारखंड सरकार की ओर से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह बैठक में शामिल होंगे।




**यूपीएससी को नौ आइपीएस के भेजे गये हैं नाम :** राज्य सरकार ने डीजीपी के चयन के लिए 9 आइपीएस के नाम यूपीएससी को भेजे हैं। इनमें एसएन प्रधान, अजय भटनागर, अजय सिंह, अनुराग गुप्ता, अनिल पालटा, आरके मल्लिक, मुरारीलाल मीणा, प्रशांत सिंह और एमएस भाटिया शामिल हैं। यूपीएससी वरीयता और अन्य मापदंडों पर विचार कर तीन नामों का पैनल राज्य सरकार को भेजेगी, जिसमें किसी एक आइपीएस को राज्य सरकार डीजीपी बनायेगी।

---

### हाइटेक होगी झारखंड पुलिस की संचार प्रणाली

# जल्द खरीदे जायेंगे वेरी हाई फ्रीक्वेंसी वायरलेस सिस्टम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के वायरलेस तंत्र हाइटेक करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए डिजिटली वेरी हाई फ्रीक्वेंसी सेट खरीदे जायेंगे, जिससे सूचनाओं का तेजी से आदान-प्रदान होगा और पुलिस कुशल आंतरिक संचार प्रणाली की ओर अग्रसर होगी।

बता दें कि इसके लिए झारखंड पुलिस हाई फ्रिक्वेंसी वायरलेस 25 सेट, वेरी हाई फ्रीक्वेंसी हैंड वायरलेस 200 सेट और डिजिटल वेरी फ्रीक्वेंसी वायरलेस 210 सेट खरीदेगी। इसकी खरीदारी के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर भरने की प्रक्रिया 5 जनवरी 2023 से शुरू होकर 18 जनवरी 2023 तक होगी।

### ये हैं नियम और शर्तें

आपूर्ति किये गये हैंड हेल्ड और बेस सेट (एनालॉग और डिजिटल दोनों) होने चाहिए। जो फर्म वायरलेस सेट जमा करेंगी, उनका फील्ड ट्रायल किया जायेगा। टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों को कहा गया है कि पिछले पांच सालों के दौरान सेना/अर्द्धसैनिक/राज्य पुलिस संगठन को वायरलेस उपकरणों की आपूर्ति की हो तो आपूर्ति आदेश की प्रति बोली के साथ संलग्न की जाये। बता दें कि वेरी हाई फ्रीक्वेंसी वायरलेस सिस्टम से झारखंड पुलिस की संचार व्यवस्था मजबूत होगी।

---

# बंगाल के मंत्री सुब्रत साहा का दिल का दौरा पड़ने से निधन

## सीएम ममता बनर्जी ने जताया दुख, आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री सुब्रत साहा का दिल का दौरा पड़ने से गुरुवार को निधन हो गया है। 69 वर्षीय साहा को सीने में दर्द की शिकायत के चलते सुबह मुर्शिदाबाद मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। अस्पताल के प्राचार्य अमित दान ने बताया कि साहा ने सुबह 11 बजकर 2 मिनट पर अंतिम सांस ली। साहा दिल की बीमारी से पीड़ित थे। वे राज्य सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं उद्यानिकी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) थे। तृणमूल नेता सुब्रत साहा मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी से विधायक थे। पिछले



साल विधानसभा चुनाव में तृणमूल के टिकट पर उन्होंने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज किया था।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा कई नेताओं ने सुब्रत साहा के निधन पर दुख जताया है। राज्य सरकार ने उनके निधन पर इस दिन आधे दिन की राजकीय छुट्टी की भी घोषणा की। सीएम ने अपने शोक संदेश में कहा कि मंत्री सुब्रत साहा के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनके निधन से राजनीतिक जगत में एक शून्यता पैदा हुई है। परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ममता ने आगे कहा कि लंबे राजनीतिक जीवन में साहा विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों से भी जुड़े रहे। सुब्रत के साथ मेरे लंबे व्यक्तिगत संबंध थे। उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। साहा का हाल में कोलकाता में गाल ब्लैडर का ऑपरेशन भी हुआ था। हालांकि, वह ठीक हो गए और बुधवार सुबह मुर्शिदाबाद लौट आए थे, लेकिन रात में फिर तबीयत खराब हुई। उसके बाद सुबह में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

---

# पति ने ही की अभिनेत्री रिया की हत्या, गिरफ्तार

**प्रकाश ने पुलिस को बतायी थी लूट की झूठी कहानी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की नागपुरी-खोरठा फिल्मों की अभिनेत्री इशा आलिया उर्फ रिया कुमारी की हत्या के आरोप में हावड़ा ग्रामीण पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। रिया के मायके वालों की ओर से बुधवार देर शाम दर्ज करायी गयी शिकायत के बाद पुलिस ने उसके पति गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब तक की जांच में इस नतीजे पर पहुंची है कि प्रकाश ने इशा उर्फ रिया को सड़क लुटेरों द्वारा गोली मारने की जो कहानी बतायी है, वह फर्जी है। पुलिस ने उसकी कार से एक खोखा भी बरामद





किया है। हावड़ा ग्रामीण एसपी स्वाति भंगालिया ने बताया कि इशा के परिवार वालों ने प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। परिवार ने इनके खिलाफ कई तरह के गंभीर आरोप लगाये हैं। परिजनों का कहना है कि वह पहले भी रिया की पिटाई करता था। उसे टॉर्चर करता था। प्रकाश कुमार पहले से शादीशुदा था। उसकी पहली पत्नी से दो बच्चे भी हैं। इशा उसकी दूसरी पत्नी थी। इशा के घरवालों ने इस हत्याकांड में प्रकाश की पहली पत्नी को भी आरोपित बनाया है। बताया जाता है कि दोनों झारखंड फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। प्रकाश डायरेक्टर है और इशा ने कई झारखंडी और नागपुरी एलबम में काम किया है। दोनों एक दूसरे को लंबे समय से जानते थे। बाद में दोनों ने लव मैरिज की। बताया जाता है कि दोनों के बीच मनमुटाव था। शुरूआत में प्रकाश ने इशा को अपनाने से इनकार कर दिया था। मामला कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद दोनों ने शादी की थी। दोनों की एक बेटी भी है। इशा आलिया मूल रूप से हजारीबाग की रहने वाली थी। रांची के टैगोर हिल एरिया में उसका फ्लैट था। इसी फ्लैट में पति प्रकाश अलबेला और दो साल की बेटी के साथ रहती थी। रिया कुमारी ने साल 2009 में झारखंडी फिल्म इंडस्ट्री झॉलीवुड में कदम रखा था। उन्होंने नागपुरी के साथ-साथ भोजपुरी, खोरठा, बांग्ला सहित कई एल्बम में काम किया था। इस इंडस्ट्री में वह अलग पहचान रखती थी। बता दें कि रिया कुमारी उर्फ इशा आलिया की रांची-कोलकाता मार्ग पर बुधवार सुबह गोली मार कर हत्या कर दी गयी। यह वारदात पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के बगनान में महिषरेखा पुल के पास सुबह छह बजे हुई। रिया पति प्रकाश कुमार और दो साल की पुत्री के साथ कार से कोलकाता जा रही थी। रिया के पति प्रकाश कुमार ने पुलिस को पहले बताया था कि उसकी हत्या सड़क लुटेरों ने की है। बाद में वह कई बार अपने बयान में उलझ गया। फिर रिया के घरवालों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पुलिस ने प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया।

---

## सरकार ने हाइकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर बताया

# मानव तस्कर पन्नालाल के खिलाफ दर्ज हैं 16 मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया है कि कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल के खिलाफ खूंटी थाना, मुरहू थाना, तोरपा थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, जगन्नाथपुर थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, बसिया गुमला, बरियातू थाना में कुल 16 मामले दर्ज कराये गये थे। इनमें से 10 मामलों में उसकी रिहाई हो चुकी है। वहीं मुरहू थाने में दर्ज दो मामलों में न्यायालय, खूंटी में रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण पारित आदेश उपलब्ध नहीं हो सका है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, खूंटी में दर्ज कांड संख्या 7 / 2019 को 9 अप्रैल 2020 को एनआइए को स्थानांतरित किया गया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में दर्ज आठ मामलों में से छह मामलों में पन्नालाल की रिहाई हो गयी है। बता दें कि मानव तस्कर पन्नालाल और उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड की गरीब लड़कियों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है। एनआइए ने वर्ष 2020 में खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में 19 जुलाई 2019 को दर्ज केस को टेकओवर किया था। रांची एनआइए की विशेष अदालत में अभी इस मामले में गवाही चल रही है। पन्नालाल के मामले में एनआइए की ओर से तीन गवाही करायी जा चुकी है।

फरवरी माह में पन्नालाल के साथ उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, भाई शिव शंकर गंझू और सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ आरोप गठित किया गया था। दरअसल, झारखंड हाइकोर्ट द्वारा पन्नालाल की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से पन्नालाल के खिलाफ दर्ज मुकदमों के संबंध में विवरण मांगा था। रांची एनआइए कोर्ट में पन्नालाल के खिलाफ दर्ज केस में उसकी ओर से जमानत की गुहार लगायी गयी है, जिस पर पर सरकार ने यह शपथ पत्र दाखिल किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.8 °c | 7.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 07.13 बजे |



## राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता-2022 के समापन समारोह में शामिल हुए सीएम

# सीमित संसाधनों में हमारे खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक : हेमंत सोरेन

फाइनल मुकाबले में (महिला वर्ग) के मुकाबले में रांची जोन की अनगड़ा टीम ने ओरमांझी टीम को 2-1 से पराजित किया

पुरुष वर्ग के मुकाबले में दुमका जोन की टीम (मालपहाड़ी) पाकुड़ ने धनबाद जोन की टीम (निरसा) धनबाद को 5-1 से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विगत 20 वर्षों में हमारे राज्य के नौजवान खिलाड़ियों के प्रतिभा को तलाशने का प्रयास न के बराबर हुई। वर्तमान राज्य सरकार के गठन के बाद से ही हमने गांव से लेकर शहर तक के कोने-कोने से यहां के नौजवानों के अंदर छिपी हुई हुनर को निरंतर तराशने का काम किया जा रहा है। राज्य सरकार खेल के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करने का काम कर रही है। झारखंड में उम्दा खेल नीति बनाया गया है। इसी क्रम में आज जोहार खिलाड़ी पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया है। इस पोर्टल का लाभ झारखंड के कोने-कोने में मेहनत कर रहे खिलाड़ियों को मिलेगा। सभी खिलाड़ियों को राज्य सरकार की नीति एवं योजनाओं की जानकारी इस पोर्टल के माध्यम से मिल सकेगी। पोर्टल के माध्यम से राज्य के खिलाड़ियों का डाटा संग्रहित किया जा सकेगा। जोहार पोर्टल का उपयोग कर झारखंड में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सहजता पूर्वक निर्णय ले सकेगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता-2022 के समापन समारोह में अपने संबोधन में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किस राज्य के नौजवान खिलाड़ियों में अद्भुत प्रतिभा समाहित है। सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे राज्य के खिलाड़ियों ने देश की कई विभिन्न खेलों की टीम का कप्तानी पद को भी सुशोभित कर दिखाया है। सीमित संसाधनों के बीच हमारे राज्य के खिलाड़ी देश और दुनिया में चमक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न खेल जैसे तीरंदाज, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन इत्यादि में हमारे नौजवान तथा छात्र-छात्राएं निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इनके प्रयासों को पंख देने का काम किया है। राज्य सरकार द्वारा खेल की दिशा में कई कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं संचालित की जा रही हैं। विगत कुछ दिन पहले ही 'सहाय' योजना मुख्य रूप से राज्य के 5 जिलों में चलाया गया था। आगे भी हमारी सरकार कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की कार्य योजना तैयार कर रही है।

**80 हजार से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस बार आयोजित हुए राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता में राज्यभर से 80 हजार से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। खेल के क्षेत्र में यह बड़ी बात है। हमारी सरकार गांव-गांव तक जाकर खिलाड़ियों के बीच पहुंचने का प्रयास कर रही है। सभी पंचायतों में खेल मैदान बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों के अंदर की क्षमता और हुनर को प्लेटफार्म देकर आगे बढ़ाने का प्रयास हो रहा है ताकि आने वाले समय में नीति के अभाव से खिलाड़ियों की प्रतिभा दबकर न रह जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के नौजवानों के हौसला और जुनून को मजबूती प्रदान कर रही है।

**झारखंड में भी हो वर्ल्ड कप का आयोजन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी नेशनल टीम में झारखंड के 5-7 खिलाड़ी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं लेकिन यह विडंबना है कि हॉकी वर्ल्ड कप का मैच हमारे राज्य में नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि आने वाले दिनों में झारखंड में भी वर्ल्ड कप के मैच कराया जाए। हमारी सरकार राज्य में खेल का एक अलग लेवल तैयार करने में लगी है। राज्य के गांव-गांव और शहर-शहर में हम खेल का अलग ट्रैक बनाने में जुटे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फाइनल मुकाबले के पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अपनी ओर से बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता-2022 में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा टीम मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को पुरस्कृत किया तथा खिलाड़ियों को फुटबॉल किट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक दीपिका पांडे सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा सहित उपस्थित थे।

## खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में सहायक होगा जोहार खिलाड़ी पोर्टल

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य की प्रमुख परियोजनाओं की सतत निगरानी के लिए जोहार परियोजना पोर्टल लॉन्च किया। अब परियोजनाओं के धरातल पर उतरने की गति की जानकारी राज्य सरकार की निगरानी में रहेगी। रीयल टाइम डेटा पोर्टल सरकार गठन के बाद शुरू की गई परियोजना की प्रगति की निगरानी एवं कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए प्रमुख विभागों के बीच ठोस समन्वय सुनिश्चित करने में सहायक होगा। हर माह मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्य सचिव द्वारा इसकी समीक्षा की जायेगी। जोहार परियोजना पोर्टल सड़क, भवन समेत अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की प्रगति की निगरानी करेगा। इसके जरिए परियोजनाओं की प्रतिदिन की प्रगति अपलोड की जायेगी। यह विभागों के बीच निरंतर समन्वय को भी बेहतर बनायेगा। समन्वय के अभाव में परियोजनाओं में देरी आम बात है। इस समस्या को दूर करने के लिए परियोजनाओं का प्रति दिन का अपडेट पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। इस अवसर पर जोहार खिलाड़ी पोर्टल की भी लांचिंग हुई। यह पोर्टल खेल संस्कृति के विकास एवं जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों की पहचान में सहायक होगा। पोर्टल के जरिए खिलाड़ी और खेल से जुड़े लोगों का डेटा संग्रह किया जा सकेंगा, जिससे खेल को और बढ़ावा दिया जा सकेगा।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha, India
PHONE: 0671–2367768-783, FAX: 0671-2367663,
E-mail: crrictc@nic.in

ADVERTISEMENT NO. 41/CEO/Ac/GA/2022-23

Walk-in-Interviews are to be held on **09.01.2023, 10.01.2023 and 11.01.2023** for selection of **five (05) Chief Executive Officers (CEO), five (05) Accountants (Ac) and two (02) Graduate Assistants (GA) respectively at ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 in the "Establishment of Hybrid Rice Seed System and state of art for Genetic Purity Testing in Odisha"** (EAP-389). The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

PRINCIPAL INVESTIGATOR

# सीएम को दिया श्रीराम कथा के आयोजन में आने का न्योता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हरमू मैदान में आगामी 15 से 21 जनवरी 2023 तक श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। श्री राम कथा आयोजन समिति के मुख्य यजमान प्रेमचंद श्रीवास्तव (लाला जी) एवं स्वागत समिति के धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर जाकर उन्हें सात दिवसीय श्री राम कथा में भाग लेने एवं मुख्य अतिथि सहित उद्घाटनकर्ता के रूप में आने का निमंत्रण दिया। मुख्य यजमान प्रेम चंद श्रीवास्तव व श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी के हरमू मैदान में आगामी 15 जनवरी से 21 जनवरी, 2023 तक श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जायेगा। मैदान में 5000 से अधिक श्रद्धालुओं की बैठने की व्यवस्था की गयी है। सातों दिन दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक राजन महाराज राम कथा के रसास्वादन से राजधानी के लोगों को आनंदित करेंगे। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार किया और कहा कि वे यथासंभव झारखंड में रहेंगे तो रामकथा कार्यक्रम में उपस्थित होने का पूरा प्रयास करेंगे।

श्री राम कथा आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि रांची की सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं सहित प्रभुत्व एवं विशिष्ट जनों के साथ साथ श्री राम के भक्तों के बीच कथा में आने के लिए निमंत्रण कार्ड हमारे सदस्य ऑफिस, दुकानों में एवम घर घर जाकर दे रहे है। हम राज्य के सभी कथा प्रेमियो से आग्रह करते हैं कि आप 15 जनवरी से 21 जनवरी तक होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रम में दिन के दो बजे से छह बजे तक कथा स्थल हरमू रोड पहुंच कर राजन महाराज के श्रीमुख से श्री राम कथा की अमृत वर्षा का लाभ उठावें।

# भाजपा युवा मोर्चा ने सीएम का पुतला फूंक कर जताया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर जहां सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाते नहीं थक रही है। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा सरकार की विफलताओं को बता राज्यव्यापी आक्रोश मार्च निकाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध जताया।

गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में जनाक्रोश मार्च हरमू चौक से निकाला गया। इसके बाद सरकार का पुतला दहन किया गया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि आज राज्य में हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल का तीन वर्ष पूरा हुआ है। तीन साल के कार्यकाल में युवाओं को ठगने का काम किया गया है। इसके विरोध में युवा मोर्चा के साथी सड़कों पर निकल कर विरोध जता रहे हैं। सरकार हर मोर्चे पर विफल है, इसमें युवा, महिला, किसान, हर वर्ग नाराज और परेशान हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यरुप से राकेश भास्कर, रमेश सिंह, संदीप वर्मा, शशांक राज, जितेंद्र सिंह पटेल, बलराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, सूर्य प्रभात, मिंटू चौबे, अजय सिंह,रणजीत नाथ सहदेव, टुनटुन यादव, अरविंद तिवारी, राहुल सिन्हा , सचिन साहू, अक्षय पल्लव, सनोज सिंह, धर्मवीर सिंह, तुषार आरव, इंद्रजीत यादव, मुनेशर साहू, पीयूष विजयवर्गिया, विवेक कुमार, अमित साहू, साहिल कुमार, रौनक राजपूत, दिलीप यादव, अमन सिंह, राजू पांडेय, उज्वल मिश्रा, प्रदीप सिंह, सुमित पांडेय, विशाल यादव, आयुष सिंह, तरुण दास और सुमन बाखला सहित कई अन्य मौजूद थे।

## सरना स्थल की जमीन पर कब्जे का विरोध

# कोकर चौक पर दो घंटे एनएच जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरना स्थल की जमीन को जनरल बना कर उसके अवैध हस्तांतरण का आरोप लगाते हुए आदिवासियों ने गुरुवार को कोकर चौक के पास दो घंटे एनएच को जाम किया। रोड जाम के कारण बूटी मोड़ से कांटा टोली चौक तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे। लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

कोकर तिरिल ढेला टोली के स्थानीय लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। इनकी मांग थी कि जो लोग वहां काम कर रहे हैं, उन्हें फौरन वहां से हटाया जाये। बाद में पुलिस ने निर्माणाधीन स्थल पर जाकर काम कर रहे लोगों और मजदूरों को वहां से हटाया। इसके बाद रोड जाम खत्म किया गया। आंदोलकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि वहां दोबारा काम शुरू हुआ, तो उग्र आंदोलन होगा।

### आंदोलनकारी पक्ष क्या कहता है

तिरिल डेला टोली की दिव्या लकड़ा ने बताया कि वर्षों से यहां पर सरना स्थल है। मोहल्ले और समाज के लोग यहां पर मेला जतरा लगाते हैं। इस जमीन (खाता नंबर 94 और प्लॉट नंबर 625, रकबा 1 एकड़ 12 डिसमिल) को धनबाद के विष्णु अग्रवाल के नाम से गलत तरीके से जनरल बना कर रजिस्ट्री कर दिया गया है। अब इस जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

गुरुवार को सैकड़ों लोगों द्वारा इस जमीन को कब्जे में लेने के लिए घेराव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुलाबी गैंग द्वारा यहां की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

**दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है :** जमीन की दावेदार कुमुदिनी प्रभावती ने बताया कि जमीन गणेद्र चक्रवर्ती के नाम से है, जिन्होंने अपनी जमीन सरोज काबरा को बेच दी थी। उसके नाम से डीड बन चुका है। 1932 का खतियान है। उन्होंने सारा कागजात दिखा कर अपना दावा जताया। बताया कि यह 1 एकड़ 12 डिसमिल जमीन हमारे परिवार वालों की है। हम थाने और कोर्ट का सहारा लेकर अपनी जमीन को कब्जे में लेंगे। यहां के लोग इसे सरना स्थल बता कर इस जमीन को हड़पने की साजिश कर रहे हैं।

# अधिवक्ताओं की कमेटी 4 जनवरी को मुख्यमंत्री से मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अधिवक्ताओं की कमेटी विधानसभा से पारित कोर्ट फीस संशोधन विधेयक 2022 को वापस लेने की मांग को लेकर 4 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेगी। वहीं इससे पहले इसी विषय को लेकर कमेटी की ओर से राज्यपाल से 2 जनवरी को मिलने की संभावना है।

झारखंड स्टेट बार कौंसिल की ओर से मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिलने के लिए काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में काउंसिल सदस्य एके रसीदी, हेमंत सिकरवार, संजय विद्रोही सहित 11 अधिवक्ताओं की कमेटी बनायी गयी है। अधिवक्ताओं की कमेटी मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिल कर उनसे कोर्ट फी संशोधन विधेयक वापस लेने, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू करने की मांग करेगी।

बता दें कि स्टेट बार काउंसिल की 24 दिसंबर को हुई बैठक में कहा गया था कि कोर्ट फीस संशोधन विधेयक 2022 को वापस नहीं लिया गया तो पूरे राज्य के अधिवक्ता दो जनवरी 2023 से न्यायिक कार्य में शामिल नहीं होंगे।

काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने बताया कि राज्य सरकार कोर्ट फी संशोधन विधेयक पर अगर विचार नहीं करती है तो काउंसिल आंदोलन को बाध्य होगा। इसके तहत दो जनवरी से राज्य के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से खुद को अलग रखेंगे, यह अनिश्चितकालीन भी हो सकता है। कोर्ट फीस संशोधन विधायक सिर्फ आइवास है। बैठक में पूरे राज्य के अधिवक्ताओं का ग्रुप इंश्योरेंस कैसे किया जाये इसके लिए कमेटी बनायी गयी है। इसके अलावा बैठक में कहा गया था कि वकीलों में से एपीपी की नियुक्ति हो, इस पर भी सरकार विचार करे।

# सीबीआइ ने बोकारो समेत देश भर के 91 ठिकानों पर की छापेमारी

## एक्शन : 14 राज्यों के मेडिकल काउंसिल और 73 विदेशी चिकित्सा स्नातकों के खिलाफ चल रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल ब्यूरो इन्वेस्टिगेशन (सीबीआइ) ने बोकारो समेत देशभर के 91 ठिकाने पर गुरुवार को छापेमारी की। सीबीआइ 14 राज्यों के मेडिकल काउंसिल और 73 विदेशी चिकित्सा स्नातकों के खिलाफ जांच कर रही है. इन विदेशी छात्रों को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एक्जाम (एफएमजीइ) की परीक्षा पास किए बगैर ही मरीजों का इलाज करने की अनुमति दे दी गयी थी। इसी मामले को लेकर सीबीआइ ने बोकारो, दिल्ली, चंडीगढ़, अमृतसर, गुरदासपुर, भटिंडा, खन्ना, करनाल, सवाईमाधोपुर, नरवाना, हमीरपुर, शिमला, जम्मू, श्रीनगर, देहरादून, गाजियाबाद, गुवाहाटी, तेजपुर, इंफाल, सिक्किम, राजपुर, पटना, मुंगेर, मुंबई, जयपुर, सीकर, विजयवाड़ा, वारंगल, तिरुनेलवेली, मदुरै, भोपाल, नागपुर, बुलढाणा, पुणे, जलगाँव, धरभंगा, भागलपुर, चंपारण, बेगूसराय, विजाग, हाजीपुर, वैशाली, नालंदा समेत 91 ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान सीबीआइ ने एफएमजी परीक्षा के फर्जी पास प्रमाणपत्र सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये हैं। सीबीआइ ने इस मामले को लेकर 21 दिसंबर को मामला दर्ज किया था। अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।




मामला विदेश से पढ़ाई करके भारत आने वाले डॉक्टर्स के लिए जरूरी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन से जुड़ा है। आरोप है कि 14 राज्यों की मेडिकल काउंसिल ने विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करके वापस लौटे 73 डॉक्टर्स को ये परीक्षा पास किये बिना ही भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दे दी थी। सीबीआइ ने राज्यों की मेडिकल काउंसिल के अज्ञात अधिकारियों और विदेशों से मेडिकल स्नातक 73 डॉक्टर्स के खिलाफ भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश, जालसाजी और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सीबीआइ से मामले की शिकायत की थी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सीबीआई को दी गयी शिकायत में कहा गया था कि अयोग्य लोगों की ओर से इस तरह धोखाधड़ी और फर्जी रजिस्ट्रेशन आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा। इस तरह के कार्य का स्वास्थ्य के क्षेत्र में अन्य राज्यों में प्रभाव पड़ता।

### एफएमजीइ परीक्षा पास करना अनिवार्य

बताया जाता है कि नियमों को ताक पर रख कर 14 राज्यों की मेडिकल काउंसिल ने विदेश से पढ़ाई करके भारत आये 73 मेडिकल स्नातकों को प्रैक्टिस करने की अनुमति दे दी। नियमों के मुताबिक देश के बाहर किसी भी दूसरे देश से मेडिकल की पढ़ाई करके भारत आने वालों के लिए फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास करना अनिवार्य है।

# रिम्स का माइक्रोबायोलॉजी लैब होगा बीएसएल लेवल तीन में अपग्रेड, खर्च होंगे 1.23 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में लैब को हाइटेक बनाया जा रहा है। अब इलाज के लिए आने वाले मरीजों को ब्लड सैंपल टेस्ट कराने के लिए प्राइवेट लैब में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस कड़ी में हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजी लैब को बायोसेफ्टी लेवल 3 में अपग्रेड किया जा रहा है। इस काम में एक करोड़ 123,91,246 रुपए खर्च किए जायेंगे। इससे लैब में टेस्टिंग की रफ्तार बढ़ जायेगी। वहीं रिपोर्ट के लिए भी लंबा इंतजार नहीं करना होगा। बताते चलें कि कोरोना काल में सबसे ज्यादा टेस्टिंग रिम्स के माइक्रो बायोलॉजी लैब में की जा रही थी।




### इंफेक्शन का रिस्क होगा कम

माइक्रो बायोलॉजी डिपार्टमेंट में बीमारियों का पता लगाने वाले क्रिटिकल टेस्ट किये जाते है। इस दौरान सबसे ज्यादा रिस्क लैब में काम करने वाले डॉक्टर्स और लैब टेक्निशियन को होता है। नयी टेक्निक से बनाये जाने वाले लैब बायोसेफ्टी नार्म्स को फालो किया जायेगा, जिससे कि यहां काम करने वाले लोगों को इंफेक्शन का रिस्क काफी कम हो जायेगा। ऐसे में वे लोग बिना टेंशन के अपने काम पर फोकस कर सकेंगे। हॉस्पिटल में हर दिन हजारों मरीज आते है। ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या 2000 के करीब है, जबकि इनडोर में भी 1500 से ज्यादा मरीज हर दिन एडमिट रहते हैं। इन मरीजों को डॉक्टर टेस्ट कराने की सलाह देते हैं। ऐसे में मरीजों को भी राहत हो जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



# लालपुर थाना परिसर में लगी आग 40 से अधिक मोटरसाइकिलें खाक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** लालपुर थाना परिसर में आग लग गयी। यह आग थाना द्वारा जब्त किये गये वाहनों में लगी थी। गाड़ी में लगी आग काफी तेजी के साथ थाना परिसर में फैल गयी। इससे पूरे परिसर में थाना के कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग के दस्ते को बुलाया गया। दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अगलगी में जब्त किये गये 40 से ज्यादा दोपहिये वाहन जलकर राख हो गये।

लालपुर थाना परिसर में रखे गये जब्त वाहनों में गुरुवार की शाम आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि परिसर में रखे छोटे बड़े दर्जनों वाहनें जलकर रखा हो गयीं। थाना परिसर में अचानक लगी इस आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब सात बजे के आसपास आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि अगलगी की इस घटना में जब्त कर रखे गए छोटे बड़े 40 से अधिक वाहन पूरी तरह से जल गयीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लालपुर थाना परिसर में बड़ी संख्या में जब्त की गयी बाइक रखी हुई थी। गुरुवार शाम छह बजे अचानक एक बाइक धू-धूकर जलने लगी।

आग की लपटें एक से दूसरी गाड़ी में पकड़ती गयी और धीरे धीरे आसपास की कई गाड़ियों में आग पूरी तरह फैल गयी। हालांकि उस वक्त थाना में प्रभारी समेत तीन लोग ही मौजूद थे। कुछ ही देर में आग की लपटें परिसर में रखे सभी बाइक और दो कारों में पकड़ लिया।

आग की लपटों को देख कर आसपास में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने करीब दस-बारह छोटी गाड़ियों को खींच कर निकाला। हालांकि इस दौरान पुलिस की टीम मूक दर्शक बनी हुई थी। शाम साढ़े छह बजे दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आधे घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया।

# बाबा श्याम का भव्य तिलक श्रृंगार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान के बाद दोपहर के बाद केसर चंदन तिलक अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि 7 दिनों तक खाटू नरेश ने भक्तों को अपने श्यामल रूप में दर्शन दिए। केसर चंदन तिलक करके खाटू नरेश को लाल गुलाबी रंग का बागा पहनाया गया। लाल गुलाब, रजनीगंधा मुर्गुन सफेद, स्टार लाल और पीला गेंदा तुलसीदल की 41 मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा सहयोगी आचार्य अनूप दाधीच के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य रिंकू तिवारी व अन्य आचार्य वैदिक रीति से केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया। कोलकाता निवासी गोपाल जैन ने श्रृंगार की पहाड़ी टोला रांची निवासी गीता अग्रवाल ने खाटू नरेश के लिए बागा वस्त्र तथा 8 मित्रों यश रोशन मयंक निखिल दिनेश विशाल किशन सिद्धार्थ पोद्दार ने संयुक्त रूप से पंचमेवा भोग की सेवा निवेदित की। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री, विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उपमंत्री अनिल नारनौली, अरविंद सोमानी, संजय सराफ, रौनक पौदार, दिनेश अग्रवाल, किशन शर्मा, रोशन खेमका सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों ने श्री श्याम दरबार में मत्था टेका।

## शनिवार को 43वां श्री श्याम भंडारा

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार 31 दिसंबर शाम 5 बजे से 43 वा श्री श्याम भंडारा होगा। बर्धमान कंपाउंड निवासी रामकिशोर रमालता, अशोक, शशि, सीए संजय, प्रियंका अग्रवाल परिवार के साथ श्री श्याम भंडारा की सेवा निवेदित करेंगे । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों से श्री श्याम भंडारे में शामिल होन का निवेदन किया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के स्वास्थ्य सुधार के लिए पहाड़ी मंदिर में रुद्राभिषेक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां की सेहत की बेहतरी के लिए रांची के पहाड़ी मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। यह रुद्राभिषेक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने करवाया। उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए पुजारी अश्विनी कुमार मिश्रा की टीम ने वैदिक मंत्रों के द्वारा रुद्राभिषेक कराया। इस दौरान हीराबा बेन के स्वास्थ्य में सुधार हो, इसके लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की गयी। इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री की माता ने ऐसे देशभक्त महान पुत्र को जन्म दिया, जो देश को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत करते हैं। प्रार्थना की गयी है कि प्रधानमंत्री की माताजी की तबीयत जल्द ठीक हो, ताकि प्रधानमंत्री मां के स्वास्थ्य के प्रति चिंता मुक्त हों और फ्री मांइड से देश को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करते रहें।

रुद्राभिषेक कार्यक्रम में पुजारी की टीम के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। भाजयुमो जिला के मंत्री शुभम कुमार जायसवाल, सुखदेव नगर मंडल के महामंत्री राजकुमार जयसवाल, जावेद खान, अविनाश राय, तरुण कुमार जायसवाल, रणधीर कुमार, नितेश कुमार, अंकित राजपाल, सुमित बराईक, साकेत चौधरी, समीर कुमार, राजेश वर्मा मौजूद थे।

## जेबीवीएनएल का कारनामा

# किसान को थमाया दो करोड़ 29 लाख का बिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेबीवीएनएल ने कांके प्रखंड के एक उपभोक्ता नेसार आलम को करोड़ों का बिल थमा दिया है। इसके बाद उपभोक्ता बिजली कार्यालय का चक्कर लगाते फिर रहे हैं। दरअसल, न्यू कैपिटल डिवीजन एरिया कांके सबडिवीजन के तहत कांके ऊपर कोनकी के रहने वाले नेसार आलम भुक्तभोगी बने हैं। उनका एक साल का बिजली बिल 2 करोड़ 29 लाख 64 हजार 430 रुपये थमा दिया गया। नेसार आलम बिजली बिल देखकर परेशान हैं। साथ ही सोच में पड़ गये हैं कि आखिर उन्होंने सवा दो करोड़ से अधिक की बिजली कैसे जला दी।

मजे की बात यह है कि नेसार एक किसान हैं। यदि किसी बड़ी फैक्ट्री के मालिक होते तो बात अलग होती। अब नेसार बिजली बिल सुधरवाने के लिए बिजली कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं। इसे लेकर न्यू कैपिटल डिविजन के कार्यपालक अभियंता राजेश मंडल कहा कि यह सिस्टम की गड़बड़ी से हुआ है। उनके संज्ञान में मामला आया है। इसके बाद बिल सुधारने का काम किया जा रहा है। उम्मीद है कि बिल जल्दी ही सुधार दिया जायेगा।

# समारोह में डॉ छैल बिहारी शर्मा और सहयोगियों को किया गया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति रांची द्वारा मारवाड़ी भवन में आयोजित समारोह मे कंचन सेवा संस्थान के विख्यात प्राकृतिक चिकित्सक डॉ छैल बिहारी शर्मा एवं उनके सात सहयोगियों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ शर्मा ने कहा कि रांची में प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर सार्थक एवं लाभप्रद रहा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कमर घुटने रीढ़ दर्द डायबिटीज थायराइड प्रोस्टेट, गैस, ब्लड प्रेशर, अल्सर कब्ज हृदय रोग तथा अन्य जटिल बीमारियों के कई मरीज हैं। सभी बीमारियों का उपचार प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से बिना किसी ऑपरेशन एवं किसी साइड इफेक्ट से संभव हो सकता है। प्राकृतिक चिकित्सा से हजारों मरीजों को बिल्कुल ठीक किया गया है। रांची मे भी कई लोगों को इस इलाज से लाभ मिला है।

समारोह की अध्यक्षता मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष- अशोक नारसरिया ने की संचालन- सचिव कौशल राजगढ़िया तथा धन्यवाद- ज्ञापन भरत बगड़िया ने की। कौशल राजगढ़िया ने बताया मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वधान में 3 दिनों तक चली प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के अलावे रोजाना एक घंटे का परिचर्चा एवं व्याख्यान के कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया एवं सभी असाध्य बीमारियों के निवारण तथा उपचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

समारोह में कंचन सेवा संस्थान के डॉ शर्मा ने अशोक कुमार नारसरिया, कौशल राजगढ़िया, मनोज चौधरी, भरत बगड़िया, संजय सर्राफ, विजय कुमार खोवाल, राजेश कौशिक, रमन बोड़ा, आकाश अग्रवाल को अंग वस्त्र ओढ़ा कर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अरुण बुधिया, सुरेश जैन, पवन कुमार पोद्दार, अनिल अग्रवाल, लोकपाल, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, अशोक कुमार लाठ, विजय खोवाल, मनीष लोधा, अजय बजाज, राजेश भरतीया, कमल खेतावत, अनूप सर्राफ के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# उपवास पर बैठे हैं झारखंड आंदोलनकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की केंद्रीय समिति के तत्वावधान में गुरुवार को मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के सामने एक दिवसीय उपवास किया गया। झारखंड आंदोलनकारियों ने कहा कि हजारों आंदोलनकारियों ने अलग राज्य बनाने में अपना बलिदान दिया है, लेकिन अबतक उन्हें उचित सम्मान नहीं मिला है। इसी आंदोलन की बदौलत बनी हेमंत सोरेन की सरकार आज तीन साल पूरे होने पर खुशी मना रही है और हम आंदोलनकारी सड़क पर बैठे हैं। सरकार अलग राज्य के लिए बलिदान देनेवालों की उपेक्षा कर रही है। उपाध्यक्ष किशोर किस्कू ने कहा कि झारखंड आंदोलन की उपज वाली सरकार सत्ता में बैठी है। इसके बावजूद हमारी बात नहीं सुनी जा रही है। आने वाले चुनाव में इसका असर दिखेगा। आंदोलनकारियों की स्थिति खराब है। पूरा जीवन झारखंड आंदोलन में बिता दिया। प्रत्येक आंदोलनकारी को सम्मान देने के बात होनी चाहिए थी। आंदोलनकारियों को सेनानी का दर्जा देने की बात होनी चाहिए था। कम से कम झारखंडी सेनानी का दर्जा दिया जाना चाहिए था, लेकिन आंदोलनकारियों को सम्मान नहीं दिया जा रहा है। उनके परिवार वालों को शिक्षा व्यवस्था तक मुहैया नहीं करायी जा रही है।

इस मौके पर धनबाद जिला अध्यक्ष शिव शंकर शर्मा, छत्रपति महतो, बालकिशुन रजवार, सीता उरांव, ब्रजेश पांडेय, हाफिज खान, भोला मांझी और शिवचरण मंडल समेत बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# पश्चिमी सिंहभूम में आइइडी बम विस्फोट में ग्रामीण की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम (आजाद सिपाही)।** जिले के अति उग्रवाद प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मारादिरी के समीप मालिका कोचा जंगल में नक्सलियों के आइइडी बम विस्फोट में ग्रामीण की मौत हो गयी। मृतक की पहचान ग्राम छोटा कुईया के निवासी सिंगराय पुर्ति (23) के रूप में की गयी है। पश्चिमी सिंहभूम एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने 250 कंबल बांटे

## आगे भी कंबल बांटा जायेगा: सुरेश चंद्र अग्रवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र चुन्द गाँव में निर्धन जरूरतमंदों असहाय वृद्धजनों, निराश्रितों ग्रामीणों के बीच 120 कंबल वितरण किया गया। साथ ही काटमकुली धुरधुरा महादेव नामक गाँव में 130 गरीब तथा असहाय ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी सच्चे नारायण हैं और नर की सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि जिला मारवाड़ी सम्मेलन ग्रामीण क्षेत्र के प्रभु जनों की सेवा एवं सहायता हेतु कृतसंकल्प है। आपके चेहरे पर मुस्कान देखकर यज्ञों के फल से भी ज्यादा सुकून मिलता है` भविष्य में भी इसी प्रकार के शिविर लगाने का उन्होंने आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पियुष रामगढ़िया, वनवासी कल्याण केन्द्र के तुलसी जी, लाला उरांव, शनिचरवा उरांव, पंचम महतो, अनिल महतो आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# हेहल अंचल कार्यालय के पास पुलिस पिकेट होनी ही चाहिए : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हेहल अंचल कार्यालय में चोरी की वारदात के बाद रांची के सांसद संजय सेठ वहां पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सांसद ने वहां के कर्मचारियों से भी बात की। इसके बाद सेठ ने पूरी घटना पर सवाल उठाये। सांसद ने कहा कि एक साल में यहां चार बार चोरी हुई। दो चोरी तो लगातार हुई। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रहते हैं। इतना सबकुछ होने के बाद भी प्रशासन के द्वारा सतर्कता नहीं बरता जाना, चोरी के मामले का खुलासा नहीं किया जाना, स्पष्ट रूप से इनकी लापरवाही को दशार्ता है। सांसद ने कहा कि हेहल अंचल कार्यालय में बाउंड्री तक नहीं है, जिससे यह और भी असुरक्षित है। इसके आसपास का बड़ा क्षेत्र असुरक्षित है। इस कार्यालय के बगल में सरकारी भवन खाली पड़े हैं। झारखंड पुलिस और जिले के अधिकारियों को चाहिए कि यहां तत्काल पुलिस पिकेट की स्थापना करे।

# सायक्लोपीडिया ग्रुप रांची के आठ सदस्य बैंकॉक से फुकेत तक 800 किमी का साइकिल अभियान पूरा कर रांची पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सायक्लोपीडिया ग्रुप, रांची के सभी आठ सदस्य साइकिल अभियान के तहत हुआ हिन से फुकेत तक लगभग 800 किलोमीटर की दूरी तय की और यात्रा पूरी कर हवाई मार्ग से गुरुवार को रांची पहुंचे। बैंकॉक से फुकेत तक की साइकिल यात्रा के लिए रांची से रवाना हुए सायक्लोपीडिया ग्रुप, रांची के आठ साइकिल सवारों ने पहले दिन हुआ हिन से प्राचुअप खीरी खान 130 किमी, दूसरे दिन प्राचुअप खीरी खां से बंग सफर 105 किमी, तीसरे दिन बंग सफन से चुम्फॉन 110 किमी, चौथे दिन चुम्फॉन से पाक नाम तको 85 किमी, पांचवें दिन पाक नाम ताको से बान ट्रांग - 75 किमी, छठे दिन बान त्रांग से कापो 65 किमी, सातवें दिन कपोई से सी फांग नगा राष्ट्रीय उद्यान 105 किमी तथा आठवें एवं अंतिम दिन सी फांग नगा राष्ट्रीय उद्यान से एओ फांग नगा राष्ट्रीय उद्यान (फुकेत) 110 किमी साईकल चलाकर इस अभियान को पूरा किया।

इससे पहले बैंकॉक में थाईलैंड टूरिज्म ऑथोरिटी द्वारा ग्रुप के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और थाईलैंड टूरिज्म ऑथोरिटी के डायरेक्टर अर्चावन कोंगकनंत ने झंडी दिखा कर अभियान की शुरुआत की और रवाना करते हुए सभी सदस्यों को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी।



इस ग्रुप में कनिष्क पोद्दार, गौतम कुमार, चंद्रशेखर किंगर, गौतम चौधरी, सौरव माहेश्वरी, अनिल अग्रवाल, आशीष कुमार एवं विकास सिन्हा शामिल थे।

ग्रुप के चंद्रशेखर किंगर ने बताया कि सफर निश्चित रूप से परेशानी भरा था लेकिन सभी ने चुनौती ली और अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। सवारी के दौरान साइकिल चालकों को कोई बड़ी चोट या समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। यात्रा के दौरान हमारे प्रति मोटर वाहन चालकों के सम्मान का स्तर भी अविश्वसनीय था। हमारी साइकिलिंग के दौरान उन्होंने हॉर्न नहीं बजाया और तब तक हमें ओवरटेक भी नहीं किया जब तक उनके पास इसके लिए पर्याप्त जगह नहीं हुई। रास्ते में आने वाले गांव भर के लोगों, छोटे रेस्तरां मालिकों, स्थानीय साइकिल चालकों और कई लोगों ने हमारा स्वागत किया। हम उनके समर्थन के लिए आभारी हैं। हमारे देश में भी साइकिल चालकों को साइकिल पर्यटन अपनाने की ओर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि साइकिल चलाना शारीरिक फिटनेस के साथ साथ सीधे तौर पर जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है। बहावलपुरी पंजाबी समाज के संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा, अध्यक्ष ललित किंगर, सचिव अश्विनी सुखीजा, मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा तथा बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति की अध्यक्ष रवि नागपाल एवं सचिव मनीषा मिढ़ा ने इस अभियान में शामिल हुए समाज के 52 वर्षीय चंद्रशेखर किंगर की सराहना करते हुए उनके जज्बे की दाद दी एवं उन्हें युवाओं के साथ साथ उनकी उम्र के लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया तथा अभियान की सफलता की बधाई दी।

# युवा गजल गायक युवराज मिश्र का नेशनल यूथ फेस्टिवल में चयन



**रांची (आजाद सिपाही)।** कमड़े रांची निवासी युवा गायक युवराज मिश्र ने लाइट वोकल एकल (गजल) गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके पूर्व इन्होंने डीएसपीएमयू में भी इसी श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था । युवराज मिश्र अपनी गायन शैली में महान गजल गायक गुलाम अली, मेहंदी हसन, जगजीत सिंह को अपना आदर्श मानते है। अभी ये संगीत की विधिवत शिक्षा अपने पिता संतोष कुमार मिश्र एवं बड़े पापा सतीश कुमार मिश्र से प्राप्त कर रहे है। ये रांची शहर और राज्य के कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी गायिकी का जलवा बिखेरते रहे है। इनके दादाजी गंगा प्रसाद मिश्र एक अच्छे रचनाकार है, जिनकी रचनाओं को समय-समय पर विभिन्न संगीत समारोहों में गाते रहते है। युवराज का कहना है कि वे भविष्य में होने वाले नेशनल फेस्ट में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने व अपने युनिवर्सिटी का नाम रौशन करेंगे।

# सीबीएसइ : 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से होंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसइ) ने साल 2023 में होने वाले 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम की डेटशीट जारी की है। दोनों क्लासेस के एग्जाम 15 फरवरी से शुरू होंगे। 10वीं का लास्ट पेपर 21 मार्च को और 12वीं का लास्ट पेपर 5 अप्रैल को होगा। इस बार करीब 34 लाख से अधिक छात्रों ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार क्लास 10 और 12 की प्रैक्टिकल परीक्षा, इंटर्नल असेसमेंट और प्रोजेक्ट वर्क 1 जनवरी 2023 से शुरू जाएंगे। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि विषयवार शेड्यूल संबंधित स्कूल जारी करेंगे। सीबीएसइ ने अपने नोटिफिकेशन में स्कूलों के साथ-साथ स्टूडेंट्स के लिए भी गाइड लाइन जारी की है।

**अब 100 प्रतिशत सिलेबस :** पिछले साल देश में कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए 10वीं और 12वीं के एग्जाम दो टर्म में आयोजित किया गया था। इस दौरान जो छात्र संक्रमण की वजह से एक परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, उनके मार्क्स दूसरी परीक्षा के आधार पर कैलकुलेट किए गए थे। लेकिन इस पॉलिसी को अब सीबीएसइ ने खत्म कर दिया है। कोरोना से उबरने के बाद इस बार बोर्ड एग्जाम 100 प्रतिशत सिलेबस के साथ होंगे।

# चौपारण में पत्रकार पर जानलेवा हमले की साजिश, 6 राउंड फायरिंग



- शटर बंद कर चंद मिनट पहले दुकान से निकले थे
- अपराधियों ने पीएलएफआइ का पोस्टर चिपकाया
- अपराधी तीन की संख्या में थे, घटना सीसीटीवी में कैद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के पत्रकार और समाजसेवी शशि चंद्रवंशी पर अज्ञात आपराधियों ने हमले की कोशिश की। हालांकि इस हमले में शशि बाल-बाल बच गये, क्योंकि वे घटना के चंद मिनट पहले अपनी दुकान को बंद कर घर की ओर निकल गये थे। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है। अपराधियों ने गोली चलाने से पहले शशि की चौपारण स्थित दुकान के बाहर उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का पोस्टर चिपकाया और उसके बाद दुकान पर गोलिया दागी। इस घटना के बाद से चौपारण बाजार में दहशत का माहौल है। घटना रात 8:25 बजे की बतायी जा रही है। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। इधर इस मामले पर प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने एसपी मनोज रतन चौथे से बात की है। उधर थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर ने बताया कि आसपास एरिया को सील करके चेंकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# तीन साल में सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल है : विजय शंकर नायक



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी हटिया विधानसभा विजय शंकर नायक ने गुरुवार को कहा कि तीन वर्षों के कार्यकाल में हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंडी समाज के हितों में कार्य करने का प्रयास तो किया, मगर वे सफल नहीं हो सके। इसका परिणाम झारखंड के दलित, आदिवासी, मूलवासी की कसौटी पर जितना खरा उतरना था, वह नहीं उतर सके। उन्होंने आगे यह भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का सवाल हो, या बेरोजगारी भत्ता देने या फिर खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, आरक्षण, ठेकेदारी में 25 लाख तक के कार्य में आरक्षण देने के मामलों, महिलाओं को सुरक्षा देने तथा दलित-ओबीसी समाज को सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के मामलों में यह सरकार आज तक पूरी तरह से फेल साबित हुई है। नायक ने यह भी कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंडी जनता की भावनाओं के साथ खेलने का काम किया है।

# आइजी ने पुलिस लाइन में बैरक और वाहन पड़ाव का किया उद्घाटन

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेंज के आइजी पंकज कंबोज ने गुरुवार को कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में चार बैरक और दो वाहन पड़ाव का उद्घाटन किया। मौके पर रांची जोन के डीआईजी अनीश गुप्ता, एसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक, हेड क्वार्टर वन टू के डीएसपी, कोतवाली, हटिया डीएसपी, गोंदा, लालपुर, कोतवाली, जगन्नाथपुर सहित कई अन्य थाना के थाना प्रभारी मौजूद थे। सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक ने बताया कि एक बैरक में 25 पुलिसकर्मी आराम से रह सकते है। बैरक में कुल 100 पुलिसकर्मी को सुविधा मिलेगी।

# अवैध स्टीम कोयला लदा 709 मिनी ट्रक जब्त, चार गिरफ्तार







**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बोकारो- रामगढ़ जिला के सीमावर्ती इलाके से अवैध कोयला टपाने वाले गिरोह पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में अवैध कोयला लदा मिनी ट्रक को जप्त कर थाना लाई है। जबकि चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही मिनी ट्रक का स्कॉट कर रही ओमनी वैन को भी जब्त किया गया है। पुलिस मामले में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## क्या है मामला

जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात्रि एसपी पीयूष पांडेय को गुप्त सूचना मिली कि बोकारो जिला के महुआटांड़ थाना क्षेत्र के धवैया वन क्षेत्र से अवैध खनन करवाकर कोयला तस्कर 709 मिनी ट्रक में अवैध कोयला लादकर रांची ले जा रहे हैं। सूचना के बाद रात्रि गश्ती में मौजूद एएसआइ मालती कुमारी को उक्त 709 मिनी ट्रक को छत्तरमांडू लोधमा सड़क पर पकड़ने का निर्देश दिया। निदेर्शानुसार गश्ती दल में शामिल पदाधिकारी ने 709 मिनी ट्रक संख्या जेएच01 एम 5919 को जप्त कर लिया। साथ ही उक्त वाहन का स्कॉट कर रही मारुति-800 संख्या जेएच01 आर 7379 को भी जब्त कर थाना ले आया। साथ ही मौके से वीरेंद्र कुमार पिता विमल महतो, संजय महतो पिता विमल महतो पारलोलो, अशोक कुमार महतो पिता विजय महतो सुगिया कुजू एवं कामेश्वर महतो पिता भगत महतो सुगिया कुजू को गिरफ्तार कर थाना ले आया गया। पुलिस ने मामले में रामगढ़ थाना कांड संख्या 328/22 के तहत उक्त चारों के अलावे करमा कुजू निवासी कौलेश्वर महतो, अशेश्वर महतो दोनों के पिता रीतलाल महतो को नामजद अभियुक्त बनाया है। सभी पर कोयला तस्करी का आरोप है।

## हेमंत सरकार के 3 वर्ष होने पर आजसू जिला कमेटी ने की प्रेस कांफ्रेंस

# विकास के हर क्षेत्र में राज्य सरकार फेल युवाओं को किया ठगने का काम : आजसू





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला कमेटी के तत्वधान में राज्य सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय सचिव विजय साहू ने कहा कि राज्य सरकार विकास के हर क्षेत्र में फैल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा झारखंड के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। नियोजन नीति, रोजगार, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवा ठगे गए। मुख्यमंत्री ने एक साल में 5 लाख नौकरियां देने के वादे किए थे, लेकिन 3 साल में महज साढ़े पांच सौ नियुक्तियां हुई हैं।

### अपराध चरम पर, महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध चरम पर है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। किसानों के हितों को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हुई। कहा कि बंद हुए कितने स्कूल इन्होंने खोले? शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की बजाय बच्चों को बिना बेसिक शिक्षा दिए पास कराना ही इनकी उपलब्धि है। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल बुरा है। तीन साल में इंफ्रास्ट्रक्चर का एक काम नहीं हुआ। हर इंडेक्स में हमारा राज्य पीछे है। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनविषयों को लेकर आजसू पार्टी गांव से लेकर शहर तक, पंच से पंचायत तक, इस राज्य के हित में व्यापक संघर्ष करेगी और अगले महीने 12 जवनरी, युवा दिवस के दिन से इसकी शुरूआत होगी।

### सरकार ने तीन साल में जनादेश और जनभावना का अपमान किया है

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आजसू नेताओं ने कहा कि सरकार ने तीन साल में जनादेशल और जनभावना का अपमान किया है। स्थानीय नीति को नियोजन का आधार क्यों नहीं बनाया गया। आजसू पार्टी ने शुरू से इस विषय पर अपनी आवाज मुखर की।

### प्रेस कांफ्रेंस में ये थे उपस्थित

केंद्रीय सचिव विजय साहू, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, जिला सचिव लालचंद महतो, जिला प्रधान महासचिव अनुज तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष सह मुखिया किशुन राम मुंडा, बबलू मोदी, महेश महतो, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

# राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर डीसी हुईं वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल





**रामगढ़।** वर्तमान राज्य सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन रांची में आयोजित कार्यक्रम में जिला समाहरणालय रामगढ़ के झारनेट कक्ष से डीसी माधवी मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुई। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मियों सहित अन्य उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत रामगढ़ जिले के कुल 56771 विद्यार्थियों को 12 करोड़ 77 लाख 78 हजार 500 रुपए, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 13427 बच्चियों को 5 करोड़ 38 लाख 57 हजार 500 रुपए, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 13858 लाभुकों के बीच 4 करोड़ 85 लाख 3 हजार रुपए एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कुल 439 लाभुकों के बीच 1 करोड़ 74 लाख 78 हजार 741 रुपए की लाभ राशि का डीबीटी किया गया।

# सीसीएल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर इसके प्रभाव और ह्यन्यूम वेज कोड पर संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल मुख्यासलय, दरभंगा हाऊस, रांची स्थित ।मानव संसाधन विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर इसके प्रभाव तथा ह्यन्यूम वेज कोड पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ताच के रूप में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) / अध्यक्ष, एनआइपीएम, रांची चैप्टकर, हर्ष नाथ मिश्र एवं पूर्व महाप्रंधक (कार्मिक), सीएमपीडीआइएल, एनके ओझा सहित पूर्व निदेशक (कार्मिक) कोल इंडिया यूके चौबे, पूर्व निदेशक (कार्मिक), जीडी. गुलाब उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल, सीएमपीडीआईएल एवं अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठा नों के प्रतिनिधिगण ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। निदेशक (कार्मिक) / अध्यपक्ष, एनआइपीएम, रांची चैप्टतर,हर्ष नाथ मिश्र ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर प्रभाव के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों से विस्ताचर चर्चा की। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साकारात्मेक एवं नाकारात्मपक प्रभावों के बारे में बताया।

श्री मिश्र ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सदैव सकारात्ममक रूप से अपनाने एवं रचनात्मक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व महाप्रंधक (कार्मिक), सीएमपीडीआईएल, एनके ओझा ने कहा कि न्यून वेज कोड के बारे में चर्चा करते हुए इसके विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण मुख्य प्रबंधक (कार्मिक)/ सचिव, एनआइपीएम, रांची चैप्टर, संजय, जबकि धन्यचवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष, एनआइपीएम, रांची चैप्टर, रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में महाप्रबंधक (एचआरडी), पार्थो भट्टाचाय, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), एस जमाल एवं अन्यव का महत्व पूर्ण योगदान रहा।

# डॉ जेबी पांडेय की नियुक्ति अतिथि प्राध्यापक के रूप में की गयी



**रांची (आजाद सिपाही)।** ओड़िसा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के द्वारा रांची विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जेबी पांडेय की नियुक्ति अतिथि प्राध्यापक के रूप में की गई है। डा पांडेय को मानदेय के रूप प्रतिमाह 1,10000 (एक लाख दस हजार) मिलेंगे। उन्हें अध्ययन अध्यापन के साथ साथ शोध कार्य एवम् अन्य साहित्यिक एवम् सांस्कृतिक गतिविधियों को भी देखना होगा। बताते चले कि डा पांडेय 2008 में नेहू (उत्तर पूर्वी विश्वविद्यालय,शिलांग) में 2012 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा में और 2013 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली के द्वारा जर्मनी के जोहान्स गुटेनबर्ग, माइंस में एक सेमेस्टर के लिए अतिथि प्राध्यापक के रूप में अध्यापन कर यश प्राप्त कर चुके हैं। 2018 में मारीशस में हुए 11 वें विश्व हिंदी सम्मेलन में भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में अपनी सहभागिता प्रदान कर चुके हैं।अभी 2 जून 2022 से 31/8/2022 तक फिनलैंड के हेलसिंकी विश्वविद्यालय में हिन्दी का अध्यापन कर लौटे हैं। डा पांडेय भारत की भारती हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित प्राध्यापक हैं और उनकी दो दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। अतिथि प्रोफेसर के रुप में उनकी नियुक्ति से रांची विश्वविद्यालय और झारखंड का मान सम्मान बढ़ा है।डा पाण्डेय ने अपनी इस नियुक्ति पर कहा है कि यह राष्ट्र भाषा हिंदी की सेवा का सुअवसर है और गुरुजनों और बड़े बुजुर्गों के शुभाशीष का फलाफल है।कुलपति डा तपन कुमार शाण्डिल्य, कुलपति डा अजित कुमार सिंहा कुलसचिव डा मुकुंद चंद्र मेहता तथा अन्य शुभैषियों ने डा पांडेय को बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं।

# मेघा उरांव ने सरना धर्मकोड को लेकर किये कई सवाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा रांची की अध्यक्ष मेघा उरांव ने कहा है कि ने सरना धर्मकोड, कॉलम की मांग करने वाले लोगों से मेरा कुछ सवाल हैं। क्या सरना कोड, कॉलम मिलने के बाद आदिवासी जनजाति समाज बहुसंख्यक कहलायेंगे या अल्पसंख्यक? अगर आदिवासी समाज अल्पसंख्यक कहलाएंगे तो फिर आदिवासी, जनजाति कौन ? और आदिवासियों के लिए संविधान में प्रदत्त हक और अधिकार जिसमें संविधान के अनुच्छेद 13 (3) (का) का क्या होग जो आदिवासी, जनजातियों के लिए रूढ़ि और प्रथा विधि का बल प्रदान है। रुढिजन व्यवस्था परंपरा बच पाएगा? सरना धर्म कोड, कॉलम की मांग किसकी है आदिवासियों का या कैथोलिक चर्च का? क्योंकि कैथोलिक चर्च का कहना है कि सरना धर्म कोड की मांग कैथोलिक चर्च की पुरानी मांग है, कहते हुए सरना धर्म कोड दिलाने के लिए एंड़ी चोटी एक किए हुए हैं, इस मांग के पीछे क्या कारण है।? आदिवासी/ जनजातियों को चर्च मिशनरियों के द्वारा बड़े पैमाने पर लोभ लालच छल कपट प्रपंच धोखा से धर्मांतरण कराया जा रहा है इस पर चुप क्यों हैं।? आदिवासी, जनजातियों को किस विधि, प्रक्रिया, परंपरा के तहत हिंदू बनाया है या बनाया जा रहा हैं।? मेघा उरांव ने कहा है कि देश आजादी के बाद भारत सरकार ने 6 प्रमुख धर्म जिसमें हिंदू ,मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन धर्म को पृथक धर्म कोड, कॉलम आवंटित किया है। ज्ञात हो कि 2001 की जनगणना में एक सौ से अधिक जनजाति धर्मों सहित विभिन्न धर्म पंथ अलग कोड, कॉलम हेतु दर्ज हुए हैं। जिसमें से प्रत्येक को पृथक कोड, कॉलम आवंटित करना संभव नहीं है यह कहते हुए भारत सरकार ने 2013 और 2015 में अस्वीकार कर दिया है। आदिवासी,जनजातियों को अलग कोड/कॉलम मिलने से क्या फायदा और क्या नुकसान है इस पर जरूर आत्ममंथन करना चाहिए। क्योंकि आदिवासी/ जनजाति समाज अपने रूढ़ि और प्रथा पूजा पद्धति, परंपरा, संस्कार और संस्कृति ,कस्टमरी से जाने और पहचाने जाते हैं वही उसका पहचान है। जो संविधान में प्रदत हैं।

# भुवनेश्वर में आयोजित युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने भुवनेश्वर में आयोजित पूर्वी जोन के 36वें इंटर युनिवर्सिटी युवा कृति महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त किया है। यह युवा महोत्सव 23-27 दिसंबर तक आयोजित हुआ था। इस आयोजन में 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। एकल म्युजिक इवेंट में यामिहा कच्छप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लिटरेरी इवेंट में युवराज प्रसाद, आकाश कुमार और आकाश कुमार झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आरयू के छात्र जीतेंद्र कुमार मिमिक्री में तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइन आर्ट के छात्र शुभम कुमार दूबे ने कार्टून प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में फाइन आर्ट के छात्र गौरव पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंदा कुमारी, गौरव पाल ,रमा कुमारी, शुभम दूबे ने फाइन आर्ट के स्पर्द्धा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में यामिहा कच्छप एवं जेनिस खलखो ने द्वीतीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि इस युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय से डॉ पूनम सहाय, सुजीत कुमार के नेतृत्व में परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट के शिक्षक मनीष कुमार, बिपुल नायक प्रतियोगिता में छात्रों को लेकर गये थे। इस आयोजन में कीट युनिवर्सिटी ओड़िसा के कुलपति प्रो सस्मिता सामंता, एआइयू के प्रो एसके शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में आइआइटी बीएचयू, डॉ जेके मोहंती कीट युनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ कृति उत्सव (आइइयूजेडवाइएफ) के ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी डॉ एसएस बेहुरा उपस्थित थे। रांची विश्वविद्यालय के छात्रों के इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने आगे भी सफलता की शुभकामनायें दी और प्रसन्नता व्यक्त किया। कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, डीएसडब्ल्यू डॉ जीसीझा, डॉ स्मृति सिंह पीआरओ रांची विश्वविद्यालय ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुये छात्रों को बेंगलुरू में होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे इसके लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## झारखंड की अर्थव्यवस्था और उसके विकास पर विशेष सत्र आयोजित

# डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त आयोजित कार्यक्रम ने छोड़ी विशेष छाप





> केंद्र की नयी औद्योगिक एवं शिक्षा नीति को भी बढ़ावा देना होगा। 3 दिनों का यह सम्मेलन कराना बेटी के शादी कराने के समान है
>
> -तपन बाबू, प्राचार्य, एसपी शाही एसएन कॉलेज पटना।

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तथा रांची विश्वविद्यालय रांची के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित इंडियन इकोंनॉमिक एसोसिएशन के 105 वें सम्मेलन 27 से 29 दिसंबर के तीसरे दिन झारखंड की अर्थव्यवस्था और उसके विकास पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने झारखंड की वर्तमान स्थिति और उनके विकास के लिए किए जा रहे उपक्रमों और मानकों की विस्तारपूर्वक चर्चा की । उन्होंने इंडिया टुडे समूह द्वारा किए जा रहे सर्वे के विषय में बताते हुए कहा कि विकास के इन महत्वपूर्ण मानकों, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और मानव संसाधन की दिशा में अगर पूर्ण प्रयास से कार्य किया जाए तो झारखंड देश के विकसित प्रांतों की श्रेणी में आ जायेगा। उन्होंने शिक्षा के विकास पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की गुणवत्ता हमारे मानव संसाधन के महत्वपूर्ण कारक है। इसके अलावा उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और आधरभूत संरचना को किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण अवयव माना। इसी सत्र के वक्ता के तौर पर संत जेवियर कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रो डॉ हरिश्वर दयाल ने झारखंड के विकास का एक खाका प्रस्तुत करते हुए कहा कि यहां के संसाधनों की प्रचुरता को देखते हुए यहां असीम विकास की असीम संभावनाएं है। सत्र को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रो डॉ पीसी देवघरिया ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व आज के अन्य सत्रों में पूर्वाह्न 9:30 बजे डिजिटल इकोसिस्टम, इंडिया कोविड के पैनल डिस्कशन के साथ चर्चा हुई जिसमें चेयरपर्सन के तौर पर डॉ वीरेंद्र सिंह राठौर, बीआइटी मेसरा से थे। वक्ता डॉ केशव दास (गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च, अहमदाबाद तथा डॉ शरत कुमार मालिक, एक्स चीफ इंजीनियर, सेबी मौजूद थे। उसके उपरांत 12:00 बजे से ग्रुप डिस्कशन का विषय था, ग्रीन ग्रोथ फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट था। तथा वक्ता प्रो शैलेंद्र गंजाम, यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग तथा प्रो सुधाकर येदला, पूर्व कुलपति कुप्पम यूनिवर्सिटी, आंध्रप्रदेश रहे। दोपहर 1:15 से लेशन लर्न फोर दी पास्ट फॉर प्लानिंग रैपिड ग्रोथ लेक्कर की शुरूआत हुई जिसके चेयरमैन डॉ नीलमणि प्रसाद वर्मा, पूर्व कुलपति, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ थे। इसके उपरांत बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सेक्टर फॉर न्यू इंडिया और एफिशिएंट रिसोर्स पर कार्यशाला हुई जिसके चेयरपर्सन प्रो विक्रमा सिंह, मगध विश्वविद्यालय थे। इसके उपरांत इस तीन दिवसीय अधिवेशन का विदाई सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने विशिष्ट अतिथियों के लिए स्वागत भाषण दिया और इस आयोजन के विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया । इसके उपरांत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने अपने अध्यक्षीय भाषण में झारखंड के गौरवशाली इतिहास की चर्चा की और इस सम्मेलन की सफलता के लिए सबों का आभार प्रकट किया।

# ट्रिपल टेस्ट की बाधा

इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश सरकार और राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण के बगैर ही कराये जायें। कोर्ट ने इन चुनावों में ओबीसी आरक्षण के मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से जारी रिजर्व क्षेत्रों की प्रॉविजनल लिस्ट यह कहते हुए रद्द कर दी कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप ट्रिपल टेस्ट की शर्तें पूरी नहीं की गयी हैं। सुप्रीम कोर्ट के बहुचर्चित ट्रिपल टेस्ट फॉर्म्युले के मुताबिक आर्थिक, शैक्षणिक स्थितियों और नगरीय निकायों में ओबीसी पिछड़ेपन की प्रकृति और उसके प्रभावों का अध्ययन करके आंकड़े जुटाने के लिए एक आयोग का गठन होना चाहिए। इस आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार निकायों के लिए ओबीसी आरक्षण तय कर सकती है, लेकिन वह 50 फीसदी की अधिकतम सीमा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। हाइकोर्ट ने साफ कर दिया है कि जब तक इस ट्रिपल टेस्ट की शर्तें हर लिहाज से पूरी नहीं की जातीं, तब तक राज्य में स्थानीय निकायों में ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया जा सकता। लेकिन ट्रिपल टेस्ट की शर्तें पूरी करने में वक्त लगेगा, जबकि म्युनिसिपैलिटीज का कार्यकाल अगले महीने के आखिर तक समाप्त हो रहा है। यही वजह है कि हाइकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि ओबीसी आरक्षण के बगैर ही इन चुनावों की अधिसूचना तत्काल जारी कर दी जाये, ताकि कार्यकाल समाप्त होने से पहले निकाय चुनाव संपन्न हो सकें। हाइकोर्ट के इस फैसले के बाद जहां विपक्षी दलों की बांछें खिली हुई हैं, वहीं सत्तारूढ़ बीजेपी के सामने मुश्किल खड़ी हो गयी है।

**मुख्यमंत्री ने संकेत दिया है कि चुनाव से पहले ओबीसी आरक्षण का यह मसला सुलझा लिया जायेगा। कहा जा रहा है कि राज्य सरकार इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से स्टे लेने की कोशिश कर सकती है।**

समाजवादी पार्टी और बीएसपी जैसे दलों ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार ने जानबूझकर यह स्थिति पैदा होने दी। उनके मुताबिक राज्य सरकार ने कोर्ट में ढंग से अपना पक्ष नहीं रखा क्योंकि वह चाहती ही नहीं थी कि ओबीसी समुदायों को आरक्षण मिले। बीजेपी भी यह बात जानती है कि अगर बगैर ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवाये गये तो उसे इस विशाल वोटर समुदाय की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। इसीलिए सरकार कोई रास्ता निकालने की कोशिश में है। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया है कि चुनाव से पहले ओबीसी आरक्षण का यह मसला सुलझा लिया जायेगा। कहा जा रहा है कि राज्य सरकार इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से स्टे लेने की कोशिश कर सकती है। मगर क्या सुप्रीम कोर्ट अपने ही बताये ट्रिपल टेस्ट से छूट लेने की इजाजत राज्य सरकार को देगा? बहरहाल, इस मसले का क्या हल निकलता है यह समय बतायेगा, लेकिन फिलहाल एक सबक तो सभी दलों के लिए है कि ओबीसी आरक्षण को समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के एक साधन के ही रूप में इस्तेमाल किया जाये। चुनावी राजनीति के टूल की तरह उसका प्रयोग ना किया जाये।

अभिमत
आजाद सिपाही

**घटनाओं के अचानक परिवर्तन में नेपाली कांग्रेस और सीपीएन के बीच पहले सरकार के प्रमुख के मुद्दे पर बातचीत में बाधा उत्पन्न हुई और प्रचंड ने लाभ उठाने के लिए कोई लचीलापन नहीं दिखाया। इस अवसर पर उन्होंने कट्टर प्रतिद्वंद्वी ओली से हाथ मिलाया, जो भारत समर्थक ताकतों को दर-किनार रखना चाहते थे। एक वर्ष पूर्व ओली को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद देउबा तथा दहल गठबंधन सहयोगी थे।**

# नेपाली कांग्रेस ने सरकार बनाने का स्वर्णिम अवसर खोया

केएस तोमर

सही कहा गया है कि राजनीति अनिश्चितता का खेल है और इस पर आत्मकेंद्रित दृष्टिकोण प्रभावी रहता है जिसे नेपाल में दोहराया गया है। नेपाली कांग्रेस अपने अड़ियल रवैये के कारण एक नयी गठबंधन सरकार बनाने का अवसर चूक गयी, जिसने इसके सांझीदार पुष्प दहल 'प्रचंड' को पूर्व प्रधानमंत्री केपीएस ओली के नेतृत्व वाले चीन समर्थक बलों के साथ सौदा करने को मजबूर कर दिया।

घटनाओं के अचानक परिवर्तन में नेपाली कांग्रेस और सीपीएन के बीच पहले सरकार के प्रमुख के मुद्दे पर बातचीत में बाधा उत्पन्न हुई और प्रचंड ने लाभ उठाने के लिए कोई लचीलापन नहीं दिखाया। इस अवसर पर उन्होंने कट्टर प्रतिद्वंद्वी ओली से हाथ मिलाया, जो भारत समर्थक ताकतों को दर-किनार रखना चाहते थे। एक वर्ष पूर्व ओली को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद देउबा तथा दहल गठबंधन सहयोगी थे। ओली के साथ हुई सौदेबाजी के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री एवं पूर्व माओवादी गुरिल्ला नेता प्रचंड, जिन्होंने नेपाल की हिंदू राजशाही के खिलाफ एक दशक तक हिंसक विद्रोह जारी रखा, पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान पहले अर्द्ध में नयी सरकार का नेतृत्व करेंगे।

**भारत के साथ नेपाल की खुली सीमा से चीनी वस्तुओं को बड़े पैमाने पर भारत में तस्करी कर भेजने में भी सुविधा होगी।**

ओली तथा प्रचंड ने दो वर्ष पूर्व अपने रास्ते अलग कर लिये थे। हालांकि 2018 के आम चुनाव उन्होंने मिल कर लड़े थे और साम्यवादियों ने सरकार बनाई थी, लेकिन ओली ने प्रचंड के अधिकार को नीचा दिखाने का प्रयास किया, जो कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (सीपीएन) के चेयरमैन थे, जिन्होंने दिसंबर 2020 में पार्टी को दोफाड़ करने का नेतृत्व किया था। प्रचंड की सीपीएन माओवादी ने नेपाली कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया और संसद में ओली की शर्मनाक हार सुनिश्चित की। मगर अब ओली को अपनी शर्तें मनवाने की बारी प्रचंड की थी, जो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए गठबंधन से बाहर निकल गये।



**विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल के तराई क्षेत्र में चीन द्वारा किये गये बड़े निवेश के 2 उद्देश्य हैं। पहला, बड़े पैमाने पर निवेश से अच्छा लाभ और इस तरह से नेपाल को भारत से दूर करना। इससे नेपाल में चीन के पक्ष में राजनीति में बदलाव लाने में भी सहायता मिलेगी।**

प्रचंड तथा ओली बेशक एक घातक गठबंधन के रूप में उभरे हैं, मगर प्रचंड का रुख भारत के प्रति नर्म था। जब उनकी पार्टी ने गठबंधन सांझीदार के तौर पर लगभग एक वर्ष के लिए नेपाल पर शासन किया। दूसरे, चीन ने नेपाल के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी शुरू कर दी थी और पूरी तरह से ओली धड़े के साम्यवादियों का दिल जीत लिया था, जो 2017 में नेपाली कांग्रेस को हराकर सत्ता में आये। अब नयी सरकार के सामने चीन के साथ अपने पुराने रिश्तों को मजबूत करने में कोई रुकावट नहीं आयेगी, जो प्रचंड-ओली गठबंधन का प्रमुख कार्य होगा। तीसरे, ओली शासन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नेपाल को लुभाने के लिए निजी तौर पर प्रयास किये और दो बार इस हिमालयी राजशाही का दौरा किया, जिसके दौरान अरबों डालर की वित्तीय सहायता की घोषणाएं की गयीं।

विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल के तराई क्षेत्र में चीन द्वारा किये गये बड़े निवेश के 2 उद्देश्य हैं। पहला, बड़े पैमाने पर निवेश से अच्छा लाभ और इस तरह से नेपाल को भारत से दूर करना। इससे नेपाल में चीन के पक्ष में राजनीति में बदलाव लाने में भी सहायता मिलेगी। फिर भारत के साथ नेपाल की खुली सीमा से चीनी वस्तुओं को बड़े पैमाने पर भारत में तस्करी कर भेजने में भी सुविधा होगी। चीन द्वारा बड़े पैमाने पर नेपाल को अपने ऋण जाल में फंसाने के बावजूद संभवतः दहल चीन का विरोध करने को प्राथमिकता नहीं देंगे। चौथा, नेपाल में चीन की पूर्व राजदूत ने ओली सरकार बचाने के लिए खुले तौर पर लाबिंग की और प्रचंड धड़े पर उनके साथ मिलने के लिए दबाव डाला, लेकिन यह कदम असफल साबित हुआ, क्योंकि नेपाली कांग्रेस तथा प्रचंड सहित अन्य दो पार्टियों ने एक वर्ष पहले संसद के पटल पर ओली को एक शर्मनाक पराजय दी। अब दोनों धड़े साथ आ गए हैं जो शी को प्रसन्नता देंगे तथा भारत के लिए और परेशानी खड़ी करेंगे। पांचवां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक आधा दर्जन बार नेपाल का दौरा कर चुके हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत नेपाल के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाने के लिए कितना बेताब है। भारत में महामारी के दौरान नेपाल की मदद में भी योगदान दिया जो विशुद्ध तौर पर मानवीय आधार पर थी, जिसकी सामान्य लोगों ने प्रशंसा की, मगर नयी सरकार के साथ कुछ भी सुनिश्चित नहीं है, जिस पर भारत विरोधी तत्वों का दबदबा है।

**कर्मवीर योजना का अनिश्चित भविष्य :** विशेषज्ञों का कहना है कि देउबा ने भारतीय सेना में नेपाल से 28,000 युवकों की भर्ती के लिए कर्मवीर परियोजना के क्रियान्वयन को रोक दिया था, पर अब यह बाधा दूर हो जायेगी, क्योंकि मौजूदा गठबंधन जल्द सत्ता में आ सकता है। भारत आशावादी था कि यदि देउबा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो इसे लागू किया जायेगा, लेकिन अब यह अनिश्चित है कि नेपाल की जनता का दबाव दहल और भागीदारों को कर्मवीरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए मजबूर कर सकता है अन्यथा दोनों देशों के बीच संबंधों में और गिरावट आयेगी।

# एआइसीसी गांधी परिवार के आउटहाउस में सिमट कर रह गयी

**राहुल एंड टीम ने डुबोई कांग्रेस की नैया, कांग्रेसियों की दुर्गति के ज़िम्मेदार एआइसीसी पर हुए काबिज**

शाहनवाज हसन

देश की आजादी के बाद अगले 50 वर्षों तक देश की राजनितिक पटल पर कांग्रेस पार्टी का शासन रहा। वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के हाथ से न केवल केन्द्र सरकार की सत्ता हाथ से जाती रही बल्कि दो चार राज्यों तक ही कांग्रेस सीमित होकर रह गयी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के साथ भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व ने जो सलूक किया था उसी राह पर राहुल गांधी की कांग्रेस भी चल पड़ी। कांग्रेस को युवा पीढ़ी से जोड़ने के नाम पर पार्टी से वरिष्ठ कांग्रेसियों को हाशिए पर धकेल दिया गया। कभी राजीव गांधी के करीब रहने वाले पार्टी और जनता में प्रभावशाली नेतृत्व की छमता रखने वाले कांग्रेसियों को हाशिए पर धकेल उनके स्थान पर उन व्यक्तियों को पार्टी में महतवपूर्ण पदों पर बैठाया गया जो केवल राहुल प्रियंका के दरबारी बने रहे जिनका जनमानस पर कोई प्रभाव नहीं था। कभी एआईसीसी में महत्तवपूर्ण पद पर रहने वाले एक वरिष्ठ कांगरेसी कहते हैं कि वे और उन जैसे लाखों कांग्रेसी कार्यकर्ता जिनके जीन में कांग्रेस है कांग्रेस की नैया डूबते बड़ी बेबसी से देख रहे थे पर उनकी सोनिया-राहुल दरबार में एक नहीं सुनी जा रही थी वहां ऐसे लोग काबिज हो गए थे जिनका अपना स्वयं का कोई जनाधार नहीं था।एआईसीसी गांधी परिवार के आउटहाउस में सिमट कर रह गई थी। एआईसीसी में अन्य दलों से शमिल होने वाले नेताओं और पत्रकारिता से राजनिति में कदम रखने वाले एक नेता ने पार्टी को पूरी तरह से हाईजेक कर लिए था। कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी संभालने के बाद राहुल गांधी ने सीनियर नेताओं को साथ लेकर चलने की बात कही थी। परंतु संगठन की महत्तवपूर्ण नियुक्तियों में केवल युवाओं को तरजीह देकर कांग्रेस के अंदर सीनियर नेताओं की पूरी तरह से अन्देखी की गई, उनके लिए 10 जनपद के दरवाजे लगभग बंद कर दिए गए, जिससे कांग्रेस के अंदर सीनियर नेताओं में असंतोष बढ़ता चला गया।

बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र समेत अलग अलग राज्यों के युवा नेताओं को राहुल एंड कंपनी ने दिल्ली में जिम्मेदारी देकर न केवल राष्ट्रीय पहचान दी बल्कि उन्हें लोकसभा चुनाव में टिकट से भी नवाजा गया। राहुल गांधी एंड कंपनी का यह प्रयोग पूरी तरह से विफल रहा ऐसे सभी नेताओं को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया यहां तक कि कई राष्ट्रीय प्रवक्ता अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जिन्हें इग्नोर कर नई कांग्रेस बनाने की पहल राहुल एंड कंपनी कर रही है वे पार्टी के बुजुर्ग अध्यक्ष खड़गे को केवल रबर स्टांप की तरह देखना चाहते हैं इसका उदाहरण तब देखने को मिला जब हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री का चयन किया गया, हिमाचल के मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने के बाद कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का नाम तक लेना गवारा नहीं किया। जिन्हों ने कांग्रेस की नैया डुबोई उन्हें ही राहुल एंड टीम ने महत्तवपूर्ण पदों पर सुशोभित किया। हाल ही में झारखंड कांग्रेस में जिस तरह से जिला अध्यक्षों की नियुक्ती की गई है वह यह दर्शाती है कि आने वाले समय में भाजपा का ₹कांग्रेस मुक्त भारत₹ का नारा पूरी तरह से सफल होता दिखाई दे रहा है जिला अध्यक्ष नगर अध्यक्ष पद पर आजसू एवं अन्य राजनितिक दल से आए नेताओं को परोसा गया है जबकि एनएसयूआई और युवा कांग्रेस से जुड़े रहे नेताओं को पूरी तरह इग्नोर कर दिया गया, बाद में भारी विरोध होने पर कांग्रेस प्रदेश कमेटी के नाम पर जंबो जेट कमेटी बनाकर इसे रफू करने की कोशिश की गई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाबजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी कोई करिश्मा नहीं कर सकती क्योंकि सिनियर कांग्रेसियों की अनदेखी कर कांग्रेस की सत्ता में वापसी की बात करना भी मुंगेरी लाल के हसीन सपनों की तरह होगें। राहुल एंड कंपनी सत्ता के लिए नहीं बल्कि विपक्ष की मान्यता प्राप्त करने के लिए फिलहाल तैयारी कर रहे हैं यह कहा जाएं तो गलत नहीं होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# राज्यस्तरीय विकास-सह-परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया

सुधीर सिन्हा



**गिरिडीह।** राज्य सरकार के 03 वर्ष पूर्ण होने के आलोक में आज राज्यस्तरीय विकास-सह-परिसंपति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा प्रोजेक्ट भवन से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जहां कई लाभुकों के बीच सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। उक्त कार्यक्रम में सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सुखाड़ राहत योजना, गव्य विकास योजना, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, समाज कल्याण व अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु चयनित 240 लाभुकों को कुल 74,14,327 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। जिसके तहत बकरा विकास योजना, सूकर पालन योजना, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना एवं बैकवार्ड लेयर कुक्कुट पालन योजना के तहत कुल 222 (ओएसपी) लाभुकों 67,90,706 रुपये तथा बकरा विकास योजना, सूकर पालन योजना, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना एवं बैकवार्ड लेयर कुक्कुट पालन योजना के तहत कुल 18 (एससीएसपी) लाभुकों को 06,23,621 रुपए की राशि उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2022-23 मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु चयनित कुल 38 लाभुकों को 2050817.00 रुपये की राशि उपलब्ध कराया गया है। जिसके तहत 29 लाभुकों को दो गाय (ओएसपी), 02 लाभुकों को दो गाय (एससीएसपी), 02 लाभुकों को 05 गाय (ओएसपी), 03 लाभुकों को दीप बोरिंग, वर्मी कंपोस्ट, काउ मेट ओएसपी तथा 02 लाभुकों चारा विकास ओएसपी के तहत लाभांवित किया गया है। तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण योजना के तहत कुल 147437 छात्र छात्राओं के बीच 300415000.00 रुपये राशि का वितरण किया गया। इसके अलावा जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई कि गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों को राज्य सरकार द्वारा सुखाग्रस्त घोषित किया गया है, इस आलोक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को राहत प्रदान करने हेतु प्रत्येक किसान को 3500 रुपये की दर से आनुग्राहिक राहत राशि कुल 65,708 (पैसठ हजार सात सौ आठ) किसानों को कुल 22.99.78,000 (बाइस करोड निन्यानबे लाख अठहत्तर हजार रुपये राशि (डीबीटी) के माध्यम से भुगतान किया गया है। उक्त कार्यक्रम में गिरिडीह जिला से उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर और श्री कृष्ण मंदिर की तलहटी पर लगायी जायेगी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को स्थित भुवनेश्वरी मंदिर और श्री कृष्ण मंदिर की तलहटी पर स्वामी विवेकानंद की ध्यान मुद्रा की प्रतिमा का अनावरण 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया जायेगा। 12 जनवरी को देशभर में युवा दिवस मनाया जाता है. विधायक सरयू राय ने गुरुवार को उस स्थल का मुआयना किया जहां स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित की जानी है. यह प्रतिमा जनसहयोग से स्थापित की जा रही है, कारण कि विधायक निधि से प्रतिमा स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन ने निधि का आवंटन नहीं किया है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने 6 जनवरी को इस बारे में पूर्वी सिंहभूम के उप विकास आयुक्त को पत्र के माध्यम से इस स्थल पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के लिए विधायक निधि से राशि विमुक्त करने के लिए आवश्यक कारवाई करने का अनुरोध किया था परंतु इस बारे में अभी तक जिला प्रशासन ने निधि विमुक्त करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किया है।

# झारखंड में हेमंत सरकार के जनता की सेवा काल का 3 साल बेमिसाल : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड में हेमंत सरकार के 3 साल पूरे होने पर सभी जिले में झामुमो नेता व कार्यकर्ता खुशियां मना रही है। वही गुरुवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सचेतक मंगल कालिंदी ने आजाद सिपाही के संवादाता से वार्ता के दौरान कहा झारखंड में जनता की सेवा काल का हेमंत सरकार के 3 साल बेमिसाल रहा है। उन्होंने कहा झारखंड अलग राज्य के बाद हेमंत सोरेन ही पहला मुख्यमंत्री है जिन्होंने गांव के अंतिम व्यक्ति के घर तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा ने का काम किया है। ग्रामीण क्षेत्र के एक एक जनता हेमंत सोरेन के तीन साल का कार्यकाल की सराहना कर रही है। उन्होंने बताया हेमंत सरकार की यह सोच हमेशा से रही है। ताकि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिले। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मानना है अगर योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त नहीं होगा, तो योजना बनाने का कोई औचित्य नही है। मुख्यमंत्री का सोच था अगर जरूरतमंद सरकार की योजनाओं तक अपनी पहुंच बनाने में असमर्थ हैं तो क्यों ना सरकार योजनायें लेकर उनके दरवाजे तक पहुंचे। इस सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए हेमंत सरकार ने धरती आबा भगवान



बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला। सभी समाज के लोगों को उनका हक व अधिकार प्राप्त हुआ। विधायक ने कहा हेमंत सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल में 2 वर्ष कोरोना महामारी के दौरान राज्य के जनता की सेवा में बिता। लेकिन हेमंत सरकार की विकास कार्य धीरे धीरे चलते रहे। झारखंड की जनता 35 लाख लोग विभिन्न योजनाओं से आच्छादित हुए। हेमंत सरकार के महा अभियान के जरिए अन्य छुटे हुए लोगों को भी योजनाओं से जोड़ने के लिए एक बार फिर आपकी सरकार आपके द्वार योजनाओं को लाया गया। विधायक ने कहा राज्य के सभी पंचायत तक आपकी सरकार योजनाओं को धरातल में उतारा गया ताकि कोई अछूता ना रहे। विधायक मंगल कालिंदी ने बताया पूर्व में आपकी सरकार अन्न के अधिकार से वंचित लगभग 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से जोड़ा गया। विधायक ने कहा सरकार की योजनाएं में बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना,पुरानी पेंशन योजना समेत अन्य कई योजनाओं की शुरूआत की गई है। झारखंड के जनता को हेमंत सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रत्येक वृद्ध, निःशक्त, परित्यक्त और विधवा महिला को योजना का लाभ मिल रहा है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा सरकार जो भी योजनाएं चला रही है उसको तैयार करने में यहां के गांव, जंगल, जमीन, परंपरा और संस्कृति को प्राथमिकता में रखा गया है। विधायक ने कहा सरकार की योजना सभी गांव,टोला,हर घर,हर दरवाजे तक पहुंचा ने का लक्ष्य लेकर हेमंत सरकार काम कर रही है।

# शौंडिक समाज ने ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नंदलाल साहू का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर (आजाद सिाही)।** शौंडिक कल्याण परिषद् के तत्वावधान में 81, स्ट्रेट माइल रोड, साकची में लिट्टी पार्टी सह समाज की भावी रुपरेखा तय करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नन्दलाल साहू का अभिनंदन गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि शौंडिक समाज के सदस्यों की संख्या झारखण्ड में दूसरे अन्य समाज की तुलना में काफी अधिक है। हमारे समाज में एक से बढ़कर एक क्षमतावान लोग हैं परन्तु दुर्भाग्य की बात है आपसी एकता के अभाव में बिखरे हुए हैं। समाज को संगठित करने के लिए नये- पुराने सभी सदस्यों को आपसी मतैक्य को भूलकर एक मंच पर आने होगा। शौंडिक समाज अगर संगठित हो जायेगा तो हम प्रदेश के किसी भी विधायक को हराने जिताने की क्षमता रखते हैं।

**तेंदुआ की दहशत :** तीन तेंदुआ को एक साथ देखे जाने पर ग्रामीणों ने जंगल को चारों तरफ से घेरा, लेकिन तेंदुआ भाग निकला

# उग्र ग्रामीणों ने भंडरिया-डालटनगंज मुख्य पथ को किया जाम

**ग्रामीण जामस्थल पर डीएफओ को बुलाने, तेंदुए को जल्द पकड़ने व तेंदुए के हमले में मृतकों के आश्रितों को दस लाख रुपये मुआवजे देने की मांग पर अड़े थे**

**सुबह 10 बजे से लगी जाम लगभग तीन बजे रंका वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा के आश्वासन के बाद हटाया गया**




**अशोक कुमार/शिव कुमार रवि**

**भंडरिया/रंका/गढ़वा।** रमकंडा थाना क्षेत्र के जरही सिरकी गांव के सटे जंगल में गुरुवार की सुबह तीन तेंदुआ को एक साथ देखे जाने की चर्चा पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। बाद में आसपास के शिंजो, रोदो, मंजरी, बिराजपुर, बैरिया, छेतकी, पिपरा आदि गांव के पांच सौ की संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे से लैस होकर जंगल को चारों तरफ से घेर लिया। लेकिन तेंदुआ सभी ग्रामीणों को चकमा देते हुए जंगल की आड़ लेकर भाग निकला। आंखों देखा हाल बताते हुए सिरकी गांव निवासी तेज प्रताप बाड़ा ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह शौच के उपरांत गांव से सटे जंगल में दतुवन तोड़ने के लिए जैसे ही प्रवेश किया वैसे ही सामने एक साथ तीन तेंदुए पर उसकी नजर पड़ी। तीन जंगली जानवर को एक साथ देख वह काफी डर गया तथा किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा। गांव पहुंच इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीण इकट्ठा होकर जंगल में आकर देखे तब तक तीनों जंगली जानवर वहां से भाग चुके थे। जिस जगह पर तेंदुआ देखा गया था वहां उसके पदचिन्ह भी देखा गया। देखते ही देखते ग्रामीण काफी उग्र हो गए तथा सड़क पर उतर कर वन विभाग विभाग मुदार्बाद आदि नारे लगाने लगे। साथ ही भंडरिया-डालटेनगंज मुख्य पथ पर पेड़ काट कर सड़क जाम कर दिया। जिससे आवागमन बाधित हो गया। सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाईन लग गई। ग्रामीण जामस्थल पर डीएफओ के आने के मांग पर अड़े रहे। साथ ही जितना जल्द हो तेंदुए को पकड़ने तथा तेंदुए के हमले में मृत लोगों के आश्रितों को चार लाख मुआवजा के जगह दस लाख रुपये मुआवजे देने की मांग कर रहे थे।

जाम स्थल पर पहुंचे जिला परिषद अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, रमकंडा प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता के द्वारा जामकर्ताओं से जाम हटाने के लिए कई बार वार्ता की गई, लेकिन सभी वार्ता विफल साबित हुई। सड़क जाम के दौरान राहगीरों व जामकर्ताओ के बीच हल्की फुल्की झड़प भी होती रही। सुबह 10 बजे से लगी जाम शाम लगभग तीन बजे रंका वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा के आश्वासन के बाद हटाया गया। हालांकि जाम के कारण दिन भर राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ड्रोन कैमरे के साथ उक्त स्थल पर पहुंच चुकी थी।

इधर नॉर्थ डिवीजन डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने बताया कि तेंदुआ यदि किसी ग्रामीण या उसके परिवार के सदस्य पर हमला करता है तो वह व्यक्ति आत्म रक्षा करते हुए उसे मार सकता है। अन्यथा ऐसे किसी ग्रामीण या ग्रामीणों का समूह बनाकर उक्त जानवर को मरना कानूनन जुर्म होगा। डीएफओ ने बताया कि उस आदमखोर तेंदुए को मारने के लिए हायर अथॉरिटी से परमिशन मांगी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि तेंदुआ एक ही है। जो आदमखोर हो चुका है। उसे पकड़ने के लिए रमकंडा और भंडारिया क्षेत्र के 30 स्क्वायर किलोमीटर के दायरे में 70 कैमरे लगाए गए हैं। जिसमें तेतरडीह, कुसमार, रामकंडा, बैरिया, सिजो, रेदो, बिराजपुर, सेवाडीह, बिजका आदि क्षेत्रों में कैमरे स्थापित किए गए हैं।

## तेंदुआ के शिकार मृत बच्चों के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा दे सरकार : अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडे ने कहा है कि गढ़वा जिले में लगातार तेंदुए के आतंक से पूरा गढ़वा जिला डरा हुआ है। कल तेंदुए के द्वारा लगातार तीसरी बार ग्रामीण पर अटैक कर मौत के घाट उतार दिया गया है। जिले के रमकंडा प्रखंड के गांव में एक 12 साल के बच्चे को मार डालने के बाद पूरे जिले में डर का माहौल बना हुआ है। अलखनाथ पांडे ने कहा है कि वन विभाग आदमखोर तेंदुआ को पकड़ने में पूरी तरह से विफल रहा है। लोगों की जान बचाने के लिए उन्होंने सरकार से आग्रह करते हुए कहा है कि तेंदुए को आदमखोर घोषित करके उसको मारने की अनुमति दें। जिससे कि असमय और बच्चों के मृत्यु ना हो सके। अभी तक यह आदमखोर तेंदुआ तीन बच्चों की जान ले चुका है। इसलिए सरकार को चाहिए कि तेंदुए को आदमखोर घोषित करके गांव में रहने वाले गरीब किसान और मजदूर के जानमाल की रक्षा करे। और जो बच्चे तेंदुआ के शिकार हुए हैं उनके परिवार वालों को बीस-बीस लाख रुपये मुआवजा दिया जाए।

## तीन बच्चों की मौत के बाद सहमे रंका अनुमंडल क्षेत्र के लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका अनुमंडल क्षेत्र तेंदुआ के आतंक से सहम गया है। लोगों में दहशत का माहौल कायम है। भय से नव वर्ष के अवसर पर पिकनिक स्पॉट स्थल फीका रहने की संभावना है। जंगली क्षेत्रों के विद्यालयों में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित है। 28 दिसंबर को रमकंडा प्रखंड अंतर्गत कुशवार गांव निवासी बली घांसी के 13 वर्षीय पुत्र हरेंद्र कुमार घांसी की तेंदुआ के द्वारा मार डालने की घटना तीसरी घटना है। इसके पूर्व भंडरिया क्षेत्र में पहली घटना में रोदा गांव निवासी ब्रह्मदेव तूरी के छह वर्षीय पुत्र विक्रम तुरी तथा रंका प्रखंड क्षेत्र के सेवाड़ीह गांव के खरवारी टोला निवासी जगदेव सिंह की द्वितीय पुत्री सात वर्षीय सीता कुमारी को तेंदुआ ने मौत के घाट उतार दिया। इन घटनाओं के एक माह भी नहीं हुए कि आदमखोर तेंदुए ने तीसरी घटना को अंजाम दिया है और ना जाने आगे कितने को मारेगा कुछ कहा नहीं जा सकता। ग्रामीणों के द्वारा आदमखोर तेंदुए को जान से मारने के लिए वन विभाग से मांग की जा रही है। जिसमें वन विभाग के द्वारा आदमखोर तेंदुए को जान से मारने की मांग के आलोक में विभाग द्वारा जल्द स्वीकृति मिलने की प्रबल संभावना है। इसके संबंध में पूछने पर रंका पूर्वी वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने बताया कि वन विभाग के संबंधित उच्चाधिकारियों से आदमखोर तेंदुए को सर्वप्रथम पिंजड़े में फंसाकर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यदि वह पकड़ से बाहर रहा तो उस आदमखोर तेंदुए को मारने के लिए उच्चाधिकारियों से मांग की गयी है, जिसके लिए तीन शूटर को मंगाया गया है।

### झामुमो नेता ने मृतक के परिजन से मिलकर ढांढ़स बंधाया



रमकंडा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुशवार निवासी बली घांसी के 13 वर्षीय पुत्र मृतक हरेंद्र कुमार घांसी के परिजनों से वन एवं पर्यावरण विभाग के विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू ने मिलकर ढाढ़स बंधाया। इसके संबंध में झामुमो नेता संजय सिंह छोटू ने बताया कि आदमखोर तेंदुए के द्वारा रंका अनुमंडल क्षेत्र में लगातार मनुष्य को शिकार बनाये जाने की घटना से दुःखी और चिंतीत हैं। इसके लिए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को भी इस समस्या के बारे में जानकारी दी गयी है। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों से भी इसका समाधान के लिए बातचीत जारी है। वहीं क्षेत्र में ग्रामीणों से भी सावधानी बरतने को कहा जा रहा है और उन्हें सहयोग करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ताकि इस समस्या से निजात पायी जा सके। संजय सिंह छोटू लगातार घटना वाले गांवों का दौरा कर रहे हैं। घटनास्थल पर वन विभाग के अधिकारी रामाशंकर प्रसाद, राजीव पांडेय सहित रंका पूर्वी एवं पश्चिमी वन क्षेत्र के वन कर्मी लगे हुए हैं।

## धुरकी में कांग्रेस प्रखंड इकाई ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा, जिलाध्यक्ष हुए शामिल



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत गढ़वा जिला के धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित मदरसा दारूल उलूम गौसिया नुरिया के प्रांगण से गुरूवार को की। वहीं भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजीनियर ओबेदुल्लाह हक अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा में पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य राजनीतिक दल के नेता समाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। यह यात्रा मदरसा परिसर से निकलकर मुख्यालय पथ होते हुए चांदनी चौक, गुलशन चौक, कर्पुरी चौक से गुजरते हुए प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट पर सभा में तब्दील हो गयी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत में तीव्र गति से धर्म-जाति और मजहब को तोड़ने वाले नफरत फैलाने वाले शक्तियों के खिलाफ प्यार मोहब्बत और देशप्रेम की भावना को बढ़ावा देने के लिए राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। जिसमे कांग्रेस ही नहीं, देश के तमाम लोग इससे जुड़कर प्रेरणादायक बन रहे हैं। वहीं युवक कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष एकलाख अंसारी ने कहा कि केंद्र में भाजपानीत मोदी सरकार गरीब मध्यम लोगो को जानबूझकर महंगाई की आग मे देशवासियों को झोक रही है। इस दौरान कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, ज्याउद्दीन खान, इसराइल खान अख्तर अंसारी मुश्ताक अंसारी, शैलेश यादव, सफीक अंसारी विमला देवी, फैजुल्लाह अंसारी सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## मुखिया ने ग्रामीणों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी का किया वितरण

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने गुरुवार को अपने आवास पर 52 ग्रामीणों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की चुनाव के समय ताली गांव के ग्रामीणों से वादा किया था की चुनाव जीतने के बाद सभी ग्रामीणों के बीच शत प्रतिशत मच्छरदानी वितरण करूंगा। उन्होंने कहा की इससे पुर्व भी 650 ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी वितरण किया था। उन्होंने कहा कि हर गांव की कच्ची सड़क को पक्कीकरण किया जायेगा, पेयजल की समस्यायों को दूर किया जायेगा। मौके पर एएनएम सुलेखा कुमारी, रामजीत साह, संजय सिंह, विनोद सिंह,राम केवल गुप्ता, देवमणि देवी,सुनीता देवी,शिलवंती देवी, संतोष कुमार साह नागेश्वर चंद्रवंशी मणिलाल गुप्ता, सुनील कुमार, वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह,अरबिंद चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पंसस एवं 20 सूत्री की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा, दिये गये निर्देश



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य तथा 20 सूत्री समिति की बैठक हुई जिसमें विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। पंसस की बैठक प्रभारी प्रमुख निजामुद्दीन खान की अध्यक्षता में वहीं दूसरी पाली में 20 सूत्री समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। दोनों बैठक में बीडीओ प्रवेश कुमार साव सहित सभी विभाग के कर्मी शामिल हुए तथा पंसस की बैठक में सभी सदस्य शामिल थे। प्रभारी प्रमुख निजामुद्दीन खान द्वारा द्वारा सभी विभागों की समीक्षा की गई। उपस्थित पंसस अपने अपने क्षेत्र में की जा रही विकास योजनाओं की समीक्षा के बाद पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय को मूर्त रूप देने तथा जनहित के कार्यों में तेजी लाने की बात कही। वहीं 20 सूत्री की बैठक में अध्यक्ष शंभू प्रसाद द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की तथा जनहित के आवश्यक कार्यों को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति को विद्यालय विकास के लिए दिए गए फंड से बिना कार्य किए ही पैसा निकासी का मामला उठाया। जिस पर बीडीओ श्री साव द्वारा बीईईओ को इसकी जांच कराने का निर्देश दिया। दोनों ही बैठक में मुख्य रूप से एमओ राहुल कुमार, बीपीओ फिरोज अंसारी, प्रखंड सहायक सुनील कुमार, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा, सहायक अभियंता देवनाथ गौतम, आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, एजीएम सतीश कुमार सिंह, जेई सुमित कुमार, आनंद कृष्णा, नंदकिशोर प्रसाद, धर्मेंद्र मिश्रा, शिक्षा विभाग के डीपीओ पूनम श्री, बीटीएम अजय साहू, भीएलडब्ल्यू बसंत पांडे, दिलीप रजक, दीपक कुमार, पंचायत समिति सदस्य नंदू चौधरी, छाया कुमारी सहित सभी सदस्य शामिल थे।

## करोड़ों की लागत से बन रहे हासनदाग पुल में कई अनियमितताएं उजागर

**निरीक्षण कर कार्यपालक अभियंता ने मुंशी एवं जेई को लगायी फटकार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय से हासनदाग को जोड़ने वाला यूरिया नदी पर करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे पुल निर्माण कार्य में अनियमितता उजागर हुई है। कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा निर्माण कार्य में कार्यस्थल नदी से ही जहां अवैध उत्खनन कर बालू तथा पत्थर का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है वह त्रुटिपूर्ण कार्य किया जा रहा है जिसकी वजह से निमार्णाधीन पुल के गार्डवालों में बड़ी दरार पड़ गयी है। उक्त घटिया निर्माण कार्य पर हासनदाग निवर्तमान मुखिया दुखन चौधरी, वर्तमान मुखिया पति हरेंद्र चौधरी तथा करकोमा पंचायत के पूर्व मुखिया पति शिव कुमार चौधरी ने कड़ा एतराज जताते हुए कार्यपालक अभियंता से इसकी शिकायत की थी। लोगों का कहना है कि कार्यस्थल पर कभी भी कनिय अभियंता को अपने मौजूदगी में ढलाई का कार्य कराते नहीं देखा गया है। लोगों का कहना है कि बड़ी नदी में बन रहे पुल का निर्माण कार्य घटिया होने से कभी भी धराशाई हो सकता है। शिकायत मिलने पर कार्यपालक अभियंता पहुंचे मौके पर मुंशी व जेई को फटकार लगायी। इस संबंध में पूछे जाने पर विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता राजीव रंजन ने बताया कि लोगों के शिकायत पर गुरुवार को कार्य स्थल पर जाकर स्थल जांच की। कार्यस्थल में नदी से तोड़कर पत्थर तथा बालू उठाकर निर्माण कार्य में लगाने संबंधित अनियमितता पायी गयीं। उन्होंने मौके पर मौजूद संवेदक को फटकार लगायी तथा जेई को अपने समक्ष कार्य कराने का कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने गार्ड वालों में दरार पड़ने की बात को छुपाते हुए कहा कि लाइनिंग हुई है जिसका पिचिंग कर दिया जाएगा।

## जंगली हाथियों ने घर ध्वस्त कर अनाज खाकर किया नष्ट

**रंका (आजा सिपाही)। प्रखंड** अंतर्गत चुटिया पंचायत के ग्राम भौंरी तिसिया टोला निवासी कृष्णा राम पिता लक्ष्मण राम का घर बीती रात्रि हाथियों ने ध्वस्त कर घर में रखे क्विंटलों धान, मकई, अरहर, चना, गेहूं खा गए और चलते बने। इसके संबंध में कृष्णा राम की पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि हाथी आने की आहट सुनाई देने पर डर के कारण लोग घर में दुबक कर जान बचाये। हाथी घर की दीवार को सुंड़ से ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को चट कर गए। पीड़ित प्रमिला देवी ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## मुखिया प्रतिनिधि ने मृतक के परिजन को किया सहयोग

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोहड़गड़ा पंचायत के मेरौनी निवासी बिगन ठाकुर 55 वर्ष की गंभीर बीमारी से मौत हो गयी थी। मृतक के परिजन को इलाज कराने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। परिजनों ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मृतक का अच्छे अस्पताल में इलाज नहीं हो पाया। जिसकी वजह से असमय मृत्यु हो गयी। मृतक के परिजनों की स्थिति को देखते हुए मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा ने गेहूं, चावल एवं नगद राशि देकर सहयोग किया। उन्होंने बताया कि मृतक के दाह संस्कार कराने में मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं मुखिया नीलम देवी ने बताया कि गरीब असहाय लोगों को मदद करना मेरी पहला प्राथमिकता है।

## उग्रवादी हिंसा में मृत सामान्य नागरिक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान राशि देने का निर्णय

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा में मृत सामान्य नागरिक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान अथवा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति संबंधी लंबित मामले की बैठक की। बैठक में कुल के 11 प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें स्वर्गीय इस्लाम अंसारी ग्राम लवाही कला थाना मेराल के आश्रित को अनुग्रह अनुदान की राशि देने की बात कही गई। इनमें से 8 प्रस्तावों में स्व. श्रवण यादव, स्व. हीरा यादव एवं स्व. शिवलाल यादव, सभी के ग्राम- बारी खजूरी, थाना- भंडरिया तथा स्वर्गीय शनिचर उरांव ग्राम- चेटे, थाना- रमकंडा, स्वर्गीय कलावती देवी ग्राम- बौलिया, थाना- डंडई, स्व. जितेंद्र किसान ग्राम- खपरी महुआ, थाना- भंडरिया, स्वर्गीय अखिलेश श्रीवास्तव ग्राम- तोरेलावा, थाना- खरौंधी एवं स्वर्गीय नवीन कुमार उर्फ विक्की गुप्ता ग्राम- रमकंडा, थाना- रमकंडा के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान राशि देने का निर्णय लिया गया। शेष दो प्रस्तावों पर आवश्यक जांचोपरांत अनुकंपा आधारित नौकरी/अनुग्रह अनुदान की राशि पर निर्णय लेने की बात कही गई। बैठक में डीडीसी राजेश राय, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, सामान्य शाखा प्रभारी निकिता बाला आदि उपस्थित थें।

**प्रेस कांफ्रेंस :** सामुदायिक अध्यापक संघ की जिला कमेटी भंग, सात सदस्यीय संयोजक मंडल गठित

# वर्तमान जिलाध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण कमेटी भंग की गयी : प्रदेश महासचिव

**संयोजक मंडल के सदस्य सभी प्रखंडों में करेंगे नयी कमेटी का गठन : दशरथ ठाकुर**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** सामुदायिक अध्यापक संघ की गढ़वा जिला कमिटी भंग कर दी गई है। साथ ही सात सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया है। सामुदायिक अध्यापक संघ के प्रदेश महासचिव दशरथ ठाकुर एवं जिला संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

श्री ठाकुर ने बताया कि संघ के वर्तमान जिलाध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण कमिटी भंग की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान जिलाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में संघ की एक भी बैठक नहीं की और न ही सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया।

श्री ठाकुर ने बताया कि इस कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए सात सदस्यीय संयोजक मंडल का गठन किया गया है। इनमें गोविंद सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, प्रदीप रवि, अमानुल्लाह खां, रविंद्र यादव एवं दिनेश गुप्ता को शामिल किया गया है।

महासचिव ने बताया कि संयोजक मंडल के सभी सदस्य आपस में समन्वय बनाकर सभी प्रखंडों में नयी कमेटी का गठन करेंगे। साथ ही जिला कार्यालय से संपर्क करते हुए सहायक अध्यापकों की समस्या का निदान करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदीप सिंह, रविंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

पी०टी०सी० ग्राउण्ड के दक्षिण, हजारीबाग – 825301 फैक्स/फोन – 06546-222474
E-mail :- nhdivisionhazaribagh@gmail.com / eenhhazari-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय की निविदा आमंत्रण सूचना – NH/HAZARIBAGH/2022-23/05 (2nd Call) जो PR No. – 285769 (Road) 22-23 (D) द्वारा दिनांक 24.12.2022 एवं 25.12.2022 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, को निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :–

Name of work : Widening/Reconstruction of Existing Pavement to Two Lane with Paved Shoulder from Km 60.50 to Km 79.00 of NH -99 in the state of Jharkhand under EPC mode (Job No. – NH-99/AP/JHR/2021-22-311)

| Description | Previous | Corrected |
|---|---|---|
| Bid Opening Date | 06.01.2022 | 06.02.2022 |

शेष अन्य सभी सूचनाएँ यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंतारा०उ०
पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 286262 Road(22-23)D

जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार राँची के निदेशानुसार एतद् द्वारा इच्छुक भारवाहक वाहन यथा पीकअप, 207, 407, मिनी ट्रक, ट्रेक्टर, टेलर सहित के मालिकों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत जिले के प्रखण्डस्तरीय गोदाम से विद्यालयों तक स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम् से चावल पहुँचाने हेतु स्वतंत्र एजेन्सी के चयन के लिए मुहरबंद अल्पकालीन निविदाएँ प्रकाशन की तिथि से 16.01.2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय गुमला में प्राप्त की जाएँगी तथा दिनांक 16.01.2023 को ही अपराह्न 4:00 बजे उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदाएँ खोली जायेंगी। निविदा की विस्तृत शर्त्तें एवं निविदा का नमूना जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः इच्छुक वाहन मालिक से निर्धारित समय सीमा के अंदर निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला

PR 286237 Jharkhand Education Project Council(22-23)#D

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 44/2022–23
दिनांक 29/12/2022

मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | एन0एच0–33 से जवाहर नवोदय विद्यालय, बोंगा ईचाक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 6410400.00 | 10000.00 | 129000.00 | छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 06.01.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 07.01.23 से 15.01.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 16.01.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.01.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.286265 District(22-23):D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## रमेंद्र कुमार के तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर यूसीडब्ल्यूयू ने दी बधाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद और जेबीसीसीआई सदस्य रमेन्द्र कुमार को तीसरी बार एटक का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर यूनाईटेड कोल वर्क्स यूनियन (यूसीडब्ल्यूयू) के लोगों में खुशी है। यूनियन के सीएचपी/सीपीपी शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्लाह ने बताया कि केरल के संपन्न हुए एटक के 42 वां राष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वसम्मति से करीब डेढ़ हजार डेलीगेट द्वारा तीसरी बार रमेंद्र कुमार को एटक का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर यूसीडब्ल्यूयू सीएचपी/सीपीपी की ओर से बधाई दी है। इसमें शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला, सचिव क्यूम अंसारी, मुकेश महतो, हीरालाल महतो, मुंशी महतो, कुतुबुद्दीन अंसारी, मोहम्मद एहसान, राजेश महतो, तारकेश्वर महतो, विकास यादव, जर्नादन गिरी और चमन महतो आदि शामिल है।

### आधार कार्ड बनाने के लिए खूंटी जिले में संचालित हैं 86 आधार केंद्र

# शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार कार्ड बनाने में तेजी लायें : उपायुक्त

**पंचायतवार आधार अपडेट करने के लिए शिविर आयोजित करने का निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जिले में आधार कार्ड बनाने के लिए 86 आधार केंद्र संचालित हैं, जिनमें सभी व्यक्तियों का आधार पंजीकरण, अद्यतन आदि कार्य किये जाते हैं। यह जानकारी जला परियोजना पदाधिकारी यूआइडी ने गुरुवार को जिला आधार निगरानी समिति की बैठक में दी। इस दौरान डीसी ने निर्देश दिये कि 10 वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता और पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी ऑनलाइन या आधार केंद्रों के माध्यम से अपलोड करें। डीसी ने जिला परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शून्य से पांच वर्ष आयु के बच्चों के आधार पंजीकरण में तीव्रता लाएं। साथ ही सदर अस्पताल, शिक्षा विभाग, बैंक और जिला समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध आधार किट को संचालित करते हुए आधार पंजीकरण का कार्य आरंभ करें। उन्होंने कहा कि पंचायतवार आधार अपडेट करने के लिए शिविर का आयोजन करें। इसके लिए प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया। कहा कि सभी आधार ऑपरेटर आम जनों का आधार केंद्र में बच्चों का नया आधार पंजीकरण एवं मोबाइल नंबर आदि अपडेट अवश्य करें। जिला परियोजना पदाधिकारी को आधार खो जाने या पंजीकरण रसीद खो जाने की समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर एक एडवांस सर्च आईडी उपलब्ध कराने के लिए विभाग से पत्राचार करने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर जिला आधार निगरानी समिति के संयोजक संजय भगत, निदेशक आइटीडीए, जिला आधार निगरानी समिति के सदस्य समाज कल्याण पदाधिकारी ग्लैडियस बाड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रवि रंजन, आलोक कुमार परियोजना प्रबंधक यूआइडी रांची, आशीष कुमार जिला परियोजना पदाधिकारी यूआइडी, सीएससी मैनेजर प्रभात पुराण, माजिद सुलतान, चंदन कुमार डाक निरीक्षक, अमित तिवारी इंडियन पोस्ट पेमेंट्स बैंक, प्रतिनिधि सादर अस्पताल सहित अन्य उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया बलथरवा गांव के किसान छोटू पाहन और सुरेश गंझू को सम्मानित



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर गुरुवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में खलारी प्रखंड के खलारी पंचायत और बमने पंचायत के 15 लाभुक किसान शामिल हुए। खलारी के सभी किसान पारंपरिक पोशाक धोती-कुर्ता और हरा साफा में शामिल हुए। कार्यक्रम में खलारी पंचायत के ग्राम बलथरवा से शामिल हुए दो किसान छोटू पाहन और सुरेश गंझू को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से चेक देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि झारखंड में कम बारिश होने के कारण खरीफ फसलों को काफी नुकसान हुआ था। खरीफ फसलों की बुवाई पर असर पड़ा, जिसे देखते हुए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना शुरू की गई। इस मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, किसान छोटू पाहन, सुरेश गंझू, गुजरा पाहन, लाला मुंडा, बाबूलाल पाहन, प्रभात महतो, किशन मुंडा, देवी गंझू, सजीत मुंडा, सुलेंद्र कुमार मुंडा, नारायण महतो, अशोक कुमार, मनभवन लोहरा, भीखू महतो एवं कृष्ण कुमार शामिल हुए।

## बुंडू में वाहन के धक्के से छात्र की मौत

**बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोसाईडीह के निकट रांची टाटा रोड पर बुधवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान निखिल सेठ के रूप में हुई है। वह तमाड़ का रहने वाला था। मृतक के चाचा शैलेश सेठ ने बताया कि निखिल रांची के मारवाड़ी कॉलेज में बीएससी पार्ट वन का छात्र था। उन्होंने बताया कि निखिल बुलेट से तमाड़ से बुंडू एक पार्टी में शामिल होने गया था पार्टी के बाद वापस अपने घर लौट रहा था तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बुंडू पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा। जहां पोस्टमार्टम होने के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया गया। दूसरी ओर, तमाड़ थाना क्षेत्र के बस स्टैंड चौक पर गुरुवार की देर शाम 7.30 बजे डोरेया की तरफ से काफी तेज रफ्तार से आ रहा बाइक असंतुलित होकर शंकर रवानि उर्फ टूना की गुमटी में घूस गया। जिससे बाइक चला रहे गोदा मुंडा व पिछे बैठे रंजन सवासी गंभीर रूप से घायल हो। पुलिस की मदद से दोनों को तमाड़ अस्पताल ले गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां गोदा मुंडा की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों अड़की के सोनपुर गांव के रहने वाले हैं।

## किशोर पर शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा का यौन शोषण और गर्भवती करने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तोरपा।** किशोर पर एक नाबालिक छात्रा को शादी का झांसा देकर कई महीनों से यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान नाबालिग के गर्भवती हो गई। जिसके बाद तोरपा थाना में किशोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के बाद पीड़िता से शादी करने से इन्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा पंचायत क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के साथ 17 वर्षीय किशोर ने शादी का झांसा देकर कई महीनों तक यौन शोषण किया। पीड़िता ओर से दर्ज मामले में बताया कि मार्च महीने में फोन पर पहली बार किशोर से उसकी बात हुई थी। जिसके बाद वे लोग अक्सर बाते करने लगे। इसी बीच धीरे-धीरे दोनों में प्यार मोहब्बत की बातें होने लगी। इस बीच मई महीने में कुमांग क्षेत्र में एक शादी समारोह में दोनों मिले, जहां किशोर ने किशोरी को रात के अंधेरे में खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी के मना करने पर आरोपी ने उसके साथ शादी करने का वादा किया। मई से अब तक शादी के नाम पर लगातार उसका यौन शोषण करता रहा। जिससे किशोरी गर्भवती हो गई। जब किशोरी ने किशोर को गर्भवती होने और शादी करने की बात कही तो उसने इन्कार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने गुरुवार को तोरपा थाना में आरोपित किशोर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल करा लिया है। वहीं शुक्रवार को पीड़िता का 164 के तहत बयान दर्ज कराया जाएगा।

## शिलापट्ट में सांसद का नाम न होना प्रोटोकॉल का उल्लंघन : संजय मुंडा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के अड़की प्रखंड की सोसोकुटी पंचायत के सोनपुर गांव के पास करकरी नदी पर पांच करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उच्चस्तरीय पुल के निर्माण को लेकर लगाए गए शिलापट्ट में स्थानीय सांसद सह केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा का नाम ना होना तय प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। उक्त बातें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय मुंडा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क ही। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बुधवार को तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा उक्त पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, लेकिन लगाए गए शिलापट्ट में स्थानीय सांसद का नाम नहीं है। हम पुल निर्माण कार्य का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल खूंटी के कार्यपालक अभियंता को यह स्पष्ट करना चाहिए कि शिलापट्ट में सांसद का नाम न दर्ज कर तय प्रोटोकॉल का उल्लंघन कैसे अथवा किसके कहने पर किया गया।

## जर्जर सड़क को बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री को भेजा गया ज्ञापन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के ओकड़ा पंचायत अंतर्गत अंगराबारी से जापुत रोड़ो होते हुए ओकड़ा गांव तक जर्जर हो चुकी आठ किलोमीटर सड़क निर्माण अविलंब कराने की मांग ओकड़ा पंचायत के ग्रामीणों ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री से की है। इस संबंध में एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन ग्रामीण विकास मंत्री को प्रेषित किया गया है। जिसमें कहा गया है कि अंगराबारी से सीधे कर्रा प्रखंड को जोड़ने वाली यह सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। जगह-जगह बन चुके गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सड़क निर्माण के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही संबंधित अधिकारियों से कई एक बार गुहार लगाई गई है, लेकिन अब तक कहीं से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। दूसरी ओर ग्रामीणों के इस मांग पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सयूम अंसारी ने भी गुरुवार को उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन ग्रामीण विकास मंत्री को प्रेषित कर अविलंब इस सड़क का निर्माण कराने की मांग की है।

## जामुदाग में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जामुदाग गांव में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन हुआ। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी बलराम प्रियदर्शी ने बताया कि जिस पंचायत में लैंपस की सुविधा नहीं होती है, वहां सरकार के निर्देशानुसार सहकारिता समिति को धान क्रय करने की अनुमति दी गई है। जामुदाग गांव में ऑपरेटिव सोसाइटी की ओर से धान क्रय किया जाएगा। सरकारी दर पर किसानों का भुगतान होगा। सहकारिता समिति द्वारा धान क्रय करने से किसानों को लाभ मिलेगा और बिचौलियों पर अंकुश लगेगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, रूप कुमार साहू, फनीभूषन सिंह मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा, बिपिन जयसवाल, महादेव महतो और दलेल महतो आदि उपस्थित थे।

## देश के औद्योगिक विकास में हिंद मजदूर सभा का बड़ा योगदान : संजय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** डकरा स्थित जनता मजदूर संघ (जमसं) कार्यालय में गुरुवार को हिंद मजदूर संघ (एचएमएस) का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास में हिंद मजदूर सभा का बड़ा योगदान रहा है। यह संगठन प्रबंधन और ट्रेड यूनियन को पक्ष-विपक्ष के रूप में नहीं, बल्कि उद्योग के विकास के लिए साथ मिलकर काम करने में विश्वास रखता है। इसलिए एचएमएस देश के कई औद्योगिक क्षेत्र में नंबर-वन ट्रेड यूनियन है। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में इनसे जुड़े कई श्रमिक संगठन काम कर रही है और सभी अपना साकारात्मक योगदान कंपनी के लिए दे रहे हैं। एचएमएस के झारखंड कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि देश की आजादी के बाद एक स्वतंत्र, स्वालंबी एवं प्रजातांत्रिक केंद्रीय श्रमिक संगठन की आवश्यकता को महसूस करते हुए बड़े समाजवादी सोच के नेताओं ने इसका गठन किया। संगठन ने हमेशा खुद को सभी राजनीतिक दलों से दूर रखते हुए सिर्फ मजदूरों के कल्याण और उद्योग के विकास को प्राथमिकता दिया है। कहा कि आज का दिन मजदूर और उद्योग के सर्वांगीण विकास का शपथ लेने का दिन है। इस मौके पर सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवींद्रनाथ सिंह, आरके एमयू के सुनील सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, गुल्फी देवी, चुरामन दास, विकास दूबे, संदीप सिंह छोटू ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोल्टेन प्रसाद यादव, संचालन डीपी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मंतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर मनु सिंह, अजय झा, निर्भय सिंह, उज्वल सिंह, गोलू यादव, जिमी, छोटू बारीक, अजय चौहान, गणेश ठाकुर शर्मा, निरंजन चौबे, प्रकाश उरांव, टुपा महतो, विजय प्रताप सिंह, टेकलाल महतो, चंद्र भूषण सिंह, बुटन चौहान, फूलचंद मिश्रा, राकेश कुमार, शशिकांत सिंह, आनंद सिंह, सुधीर कुमार चौहान, रविंदर उरांव, निरंजन साव, राजमुनी उरांव, बैजंती देवी, ललिता देवी, रतन लोहार, अमृत बाई, पार्वती कुमारी, मोहनी देवी, मीणा देवी, सुकरी देवी, गणेश राम, बिबता मुंडा आदि मौजूद थे।



## ए डिविजन क्रिकेट में कौशल यादव का दोहरा शतक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे ए डिवीजन क्रिकेट लीग में कौशल यादव के दोहरे शतक की बदौलत तोरपा क्रिकेट अकादमी ने वीर बिरसा अकादमी को 378 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। तोरपा क्रिकेट अकादमी ने गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बललेबाजी का फैसला किया और 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 445 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें कौशल यादव ने 203 रन, शशांक ने 58, नीरज कुमार ने 52 और दीपक सिंह ने 34 रन का योगदान दिया। रन के पहाड़ का पीछा करते हुए वीर रिसा अकादमी की टीम 17 ओवर में सभी विकेट गांवाकर मात्र 67 रन ही बना सकी। तोरपा क्रिकेट अकादमी की ओर से दीपक सिंह और अभिषेक कुमार (लालटू) ने तीन-तीन विकेट लिए। जबकि गौरव सिंह और कृष्ण नंदन ने दो-दो विकेट झटके। वीर बिरसा अकादमी की ओर विवेक महतो ही 15 रन बनाकर दहाई का आकंड़ा छू सके। कौशल यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## मुखिया गुंजन सिंह ने पीएनबी प्रबधंक को सौंपा मांग पत्र



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा उत्तरी की मुखिया सह झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने पीएनबी बचरा शाखा के प्रबंधक अरविंद कुमार से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से उन्होंने बचरा बाजार बाजारटांड़ और बचरा वर्कशॉप काली मंदिर के पास एक-एक एटीएम मशीन लगाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि सिर्फ बैंक शाखा में एटीएम मशीन रहने से लोगों को काफी परेशानी होती है। बैंक में अधिक ग्राहक होने के कारण लोगों को अपने ही पैसे निकालने में घंटों लाइन में लगना पड़ता है। बचरा बाजारटांड़ और काली मंदिर के पास एटीएम मशीन लगने से स्थानीय लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। मांग पत्र के बाद शाखा प्रबंधक ने इस समस्या को वरीय अधिकारियों से अवगत कराने का आश्वासन दिया।

## कांग्रेस व्यवस्था में चाहती है परिवर्तन : अजगुत

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कांग्रेस की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजगुत महतो ने की। बैठक में रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस व्यवस्था में परिवर्तन चाहती है। इसके लिए सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं को उपयोगी बनना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं को उद्देश्य के साथ कार्य करने की जरूरत है। डॉ महतो ने कहा कि नौ जनवरी को सिल्ली में होने वाली भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तन-मन-धन से प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। इसके लिए गांव-गांव में लोगों को जागरूक करें। वहीं, युवा वर्ग व महिलाओं के संगठन की मजबूती के लिए काम करना होगा, तभी संगठन में मजबूती आएगी। इसके बाद कांग्रेस से जुड़े जनप्रतिनिधियों को जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने सम्मानित किया। इस मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, निशिकांत गौंझू, पंसस गोगी बाला देवी, जयंती देवी, कलेशवर मुंडा, जगरनाथ मुंडा, राधामाधव सेठ, किरण मांझी, मुकुंद यादव, गिरीधारी महतो, बरन सिंह मुंडा, परमेश्वर महतो, शैलेंद्र महतो, चक्रधर मुखियार, जगदीश महतो, साधुचरण महतो, आशुतोष सिंह मुंडा, कुंज बिहारी, तीर्थ नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## कोलियरी मजदूर कांग्रेस पिपरवार कमेटी का गठन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोलियरी मजदूर कांग्रेस पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी का गठन किया गया है। पिपरवार प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। नवगठित कमेटी में संजीव कुमार को अध्यक्ष और अरूण कुमार सिंह को सचिव बनाया गया है। वहीं, गीता एक्का और प्रदीप राम को संगठन सचिव बनाया गया है। इसके अलावा शंकर राम और रोहित सिंह को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार और कृष्णा साव को सहायक सचिव और ललका मुण्डा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि गीता देवी, कुंदन कुमार, धनेश्वर महतो, दीपक राम, संजय साह, राजेश कुमार, देवनाथ उंराव, नरेन्द्र उंराव, सैफ खान आदि को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## पुलिस ने अवैध शराब और भट्ठी नष्ट की

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में महुआ जावा, अवैध शराब और भट्ठी को नष्ट कर दिया है। थाना प्रभारी आकाश दीप की अगुवाई में पुलिस दल ने थानंतर्गत मूरहू, मूरहू टोला फुलटांड, गोड़हा टोला अमरूकोचा में नदी किनारे अवैध शराब भट्ठी में छापामारी कर शराब बनाने के उपकरण, ड्राम में रखे करीब 10 क्विटल महुआ जावा और 50 लीटर से अधिक शराब को नष्ट कर दिया। हालांकि पुलिस के आने की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोग भाग निकले। अभियान में थाना प्रभारी सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

### बुंडू में कांग्रेस की ओर से निकाली गयी भारत जोड़ो यात्रा

# बढ़ चला है नफरत की राजनीति का चलन : कालीचरण मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** कांग्रेस की ओर से गुरुवार को तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। सभी कार्यकर्ता पुराना पानी फिल्टर के समीप बिरसा मूर्ति से जुलूस की शक्ल में पदयात्रा शुरू की, जो मांझी टोली, उरांव टोली, राधा रानी मंदिर, काली मंदिर चौक और सुभाष चौक होते हुए धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मूर्ति तक पहुंच कर समाप्त हुआ। वहां भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। यहां सभी की गई जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष मनोहर महतो और जिला सचिव रोशन महतो ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की दूरी तय की है। राहुल गांधी ने जो बीड़ा उठाया है उसमें जन आक्रोश उमड़ पड़ा है जो बुंडू में देखने मिला। उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा की जमकर आलोचना की। कहा कि देश में नफरत की राजनीति की चलन काफी बढ़ गया है। वहीं, जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण ने कहा कि देश में लोग नफरत की राजनीति से तंग आ चुके हैं। युवा बेरोजगारी को लेकर परेशान है। महंगाई के चलते गरीबों की थानी से एक-एक कर खाने-पीने की चीजें गायब हो रही है। इससे लोगों में भारी आक्रोश है। इसी का नतीजा है कि बुंडू में आज भारी तादाद में लोगों का जनसमर्थन मिला है। कांग्रेस खूंटी लोकसभा एवं पूरे झारखंड के लोगों को जोड़ने का काम कर रही है। इस मौके पर संजय सेठ, किशन लायक, नीतीश पांडे, काबुल दा, नंदकिशोर महतो, भीम मछुआ, गणेश मछुआ, रतन गुप्ता, अनिल मंडल, राधारमण सेठ, मृत्युंजय दास, ललित कृष्ण मुंडा, संजय कुमार साहू, बापी गांगुली, झल्लू पांडे, पूजा देवी, मंगली देवी, सोमवारी देवी, अर्चना देवी, गीता देवी, पीसीसी डेलीगेट, नईमुद्दीन खान, क्यूम अंसारी आदि थे।



बुंडू में आयोजित कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल लोग।

## कुहासा के बाद ठंड से बढ़ी ठिठुरन, अलाव का सहारा

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली-मुरी व आसपास के इलाकों में कुहासे के बाद ठिठुरन काफी बढ़ गयी है। लोग इससे निजात पाने के लिये अलाव का सहारा ले रहे है। सिल्ली-बुंडु रोड, महाबीर चौक, मेन रोड सिल्ली समेत कई सार्वजनिक स्थानों पर लोग शाम व सुबह अलाव जलाकर ठंढ से राहत पाने की कोशिश कर रहे है, लेकिन सरकार की तरफ से अब तक कोई अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## सिल्ली कॉलेज की ओर से चार दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग एवं एडवेंचर कैंप का आयोजन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली कॉलेज के भूगोल विभाग के प्रो भवानंद चौधरी के नेतृत्व में चार दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में 21 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है। इस दौरान सभी पश्चिम बंगाल के झालदा के बांसा पहाड़ पर रॉक क्लाइंबिंग का अभ्यास कर रहे हैं। सिल्ली कॉलेज के सुदेश कुमार महतो, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, डॉ मुकुंद महतो, त्रिभुवन महतो, श्यामल दे, सुमंत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए शुभकामना दी है।

## खलारी पीएचसी में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन को सदर भेजे जाने का आदेश हुआ निरस्त

**खलारी (आजाद सिपाही)।** पीएचसी खलारी में लगे अल्ट्रासाउंड मशीन को सदर अस्पताल भेजे जाने का आदेश वापस ले लिया गया है। राजनीतिक दलों के सामूहिक प्रयास से यह संभव हो पाया। 28 दिसंबर को खलारी के सजग लोगों को जैसे ही जानकारी मिली कि मशीन को 29 दिसंबर को रांची सदर अस्पताल भेजा जाना है, वैसे ही लोग सक्रिय हो गए। विधायक, सांसद, राज्यसभा सांसद, मंत्री तक को सिविल सर्जन के इस निर्णय से अवगत कराए। झामुमो नेता नंदकिशोर सिंह चंदेल के पहल पर बुधवार रात ही राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने डीसी से बात की। वहीं सांसद संजय सेठ ने भी ट्वीट कर डीसी से मशीन वापस नहीं ले जाने का आग्रह किया।

**पिकनिक स्पॉट :** बेड़ो प्रखंड के पहाड़ों व जंगलों से भरे मन लुभाते मनोरम दृश्य से पिकनिक मनाने वालों को करते हैं आकर्षित

# सैलानियों के स्वागत को तैयार हैं क्षेत्र के डैम

**प्रकृति की सुंदर वादियों के बीच मनायें नया साल का जश्न**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के पहाड़ों व जंगलों से भरी मन लुभाते मनोरम दृश्य से भरा डैम पिकनिक मनाने वालों के लिए तैयार है। जिसमें हरिहरपुर जामटोली पंचायत स्थित पद्मश्री सिमोन उरांव का सिमोन डैम, घाघरा पंचायत का पारस डैम व करांजी पंचायत का करांजी डैम है। जो प्रकृति की खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ है। जो प्रत्येक वर्ष नये साल के मौके पर पिकनिक मनाने के लिए लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। इस वर्ष भी प्रखंड के ये तीनों डैम पिकनिक मनाने के लिए तैयार हैं।



करांजी डैम



पारस डैम

अगर आप पिकनिक मनाने के लिए तैयार हैं तो आप यहां पहुंच सकते हैं। यहां पर प्रकृति की अनोखी व मनमोहक छटा देखने को मिलती है।

**मनमोहक वादियां :** लोगों का कहना है कि यहां पिकनिक मनाने व घूमने के लिए पहुंचने के बाद मन सकून महसूस करता है और यहां से लौटने का मन नहीं करता है। डैम के चारों तरफ हरे-भरे पेड़ पौधे देखने से एक अलग अनुभूति प्राप्त होती है।

यहां रांची, गुमला व लोहरदगा जिलों के अलावा भी कई अन्य जिलों के लोग पिकनिक मनाने आते हैं। यहां की सुंदर व मनमोहक वादियों के बीच पिकनिक मनाने की बात ही कुछ और है। पूरे प्रखंड में ये तीनों जगह सबसे अच्छी है। यहां पर आने के लिए लोग निजी वाहनों से आ सकते हैं। इन तीनों जगहों में सालों भर पानी बहते रहता है।

**स्वागत के लिए तैयार डैम :** प्रखंड के ये तीनों डैम सैलानियों के स्वागत को लेकर पूरी तरह से तैयार है। यहां पर नए वर्ष के मौके पर एक जनवरी को पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों की संख्या में लोग आते हैं। डैम की मनोरम वादियां पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। डैम की खूबसूरत वादियों का सैर सपाटा करनेवाले सैलानी के आने जाने का क्रम तो वैसे हमेशा बना रहता है। लेकिन ठंड के दिनों में इसका मजा ही कुछ और है। ठंड शुरू होते ही लोगों की भीड़ यहां जुटने लगती है।


डैम से निकली नहर जगलों से होते हुए कई छोटे छोटे गांवो तक पहुंचती है। डैम का कलकल करती पानी की ध्वनि सैलानियों को अपनी ओर खींचती है। नये वर्ष में डैम व नहर के किनारे सैलानियों का जमावड़ा लग जाता है। ऐसे तो सालों भर लोग पिकनिक मनाने डैम के किनारे आते रहते हैं। वहीं शहर के लोग नये वर्ष को यादगार बनाने इन स्थानों पर परिवार की साथ आते हैं।

## नगड़ी सीओ ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने के लिए खिलाड़ियों को किया रवाना




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी अंचल सह प्रखंड परिसर परिसर से गुरुवार को नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच को देखने के लिए नगड़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों के दर्जनों युवा खिलाड़ियों ले जा रही बस को मोरहाबादी बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के लिए झंडा दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपस्थित युवा फुटबाल खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा आप परिश्रम और अनुशासन के साथ खेल का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। मौके पर विगल साहू, भुनेश्वर ठाकुर, छवि बैठा सहित कई पंचायत सेवक उपस्थित थे।

## नगड़ी पुलिस ने हौजी जुआ खेलाने के आरोप में दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल, सामान जब्त



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय आनी टोली के सरना मैदान में हौजी जुआ खेलने के दौरान नगड़ी पुलिस ने छापामारी की। साथ ही ग्रामीणों की सूचना पर हौजी जुआ खेलाने के आरोप में नयासराय आनी टोली निवासी इदरीस अंसारी और सुधीर महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आनी टोली निवासी दिलीप कुमार और अन्य पांच छह अज्ञात सहयोगियों पर भी हौजी जुआ खेलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस के काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में 150 से 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। मौके पर पुलिस ने हौजी जुआ खेलने में प्रयुक्त एक एल्युमिनियम का गोलाकार पिंजरा और साठ गोटियां बरामद की।

## 32वां जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2022 : पंजाब ने खिताब पर जमाया कब्जा




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खेलगांव रांची में चल रहे 32वां जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2022 के तीसरे दिन गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला पंजाब और छतीसगढ़ के बीच हुआ। जिसमें पंजाब ने बेहतर खेल का प्रर्दशन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनगड़ा के पूर्व जिला परिषद सदस्य रंथा महली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। मौके पर रंथा महली ने जीवन में खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल के माध्यम से आप देश विदेश में सोहरत, धन दौलत और पहचान हासिल कर सकते हैं। मौके पर आयोजन मंडली के सुनील राज चक्रवर्ती, अनिल कु महतो, डॉ रिझु नायक, महेन्द्र महतो, अनुज महली आदि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने गोंदलीपोखर चौक में राज्य सरकार का किया पुतला दहन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** महागठबंधन के तीन साल के कार्यकाल को असफलताओं से भरा गिनाते हुए गुरुवार को भाजपाइयों ने गोंदलीपोखर में राज्य सरकार का पुतला फूंका। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विवेक जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर उपस्थित भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मुण्डा, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा एवं विवेकानंद जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। तीन साल में सरकार ने बेरोजगारों, किसानों एवं गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, उमेश महतो, संतोष महतो, रंजन कुमार, संजीत सिंह, शुभम चैल, रामनाथ महतो, सुप्रेश महतो, राजेन्द्र महतो, सुनील महतो, विनोद साहू, रोहित महतो, परमेश्वर महतो, अजय करमाली, घनेनाथ महतो, अगमलाल महतो, अजय सिंह भोगता, उमेश बड़ाइक, सिकंदर अंसारी आदि शामिल थे।

# रातू आमटांड़ में गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**भुक्तभोगी महिला ने रातू थाने में दर्ज करायी थी प्राथमिकी, बाइक व मोबाइल फोन बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रातू। थाना क्षेत्र के आमटांड़ में 19 दिसंबर को महिला समूह की एक महिला पर गोली चलाने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास से कांड में प्रयुक्त यामहा एफजेड बाईक व एक मोबाइल बरामद किया है। आरोपी 21 वर्षीय सुभम कुमार उर्फ छोटू



रामगढ़ जिला के बासल बलकुदरा का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गुरुवार को जेल भेज दिया

### क्या है मामला

रातू आमटांड़ में 19 दिसंबर को महिला सहायता समूह के सदस्यों से एक महिला मनिता देवी ने 25 हजार रुपया लोन लिया था। लोन चुकता करने के लिए समूह के सदस्य मनिता से रुपये की मांग कर रहे थे। इसी बीच महिला समूह व मनिता में नोक-झोंक हो गयी। मनिता देवी ने इसकी जानकारी देकर अपने भाई व अन्य लोगों को बुलाया। नोंक-झोंक बढ़ता देख महिला के भाई छोटू के साथ आये सुभम ने देसी कट्टा से गोली चला दी। इसके उपरांत वह और महिला के भाई छोटू फरार हो गये। घटना के बाद आम टांड़ निवासी भुक्तभोगी महिला सपना देवी ने रातू थाने में अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छपेमारी कर रही थी। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, एएसआई हसनैन अंसारी, अंजन कुमार, पिंटू कुमार, उज्जवल सिंह, हवलदार शेख मुमताज, नागेंद्र सिंह, रामजीवन सिंह के अलावा थाना प्रभारी बासल व रामगढ़ शामिल थे।

# मजदूर ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, पैसे-मोबाइल लौटाये

**मुखिया ने मजदूर की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए पंचायत भवन में किया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के नेहालु पंचायत भवन में गुरुवार को साप्ताहिक रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मनरेगा के जॉब कार्डधारी परिवारों व ग्रामीणों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं मुखिया बीरेंद्र भगत ने बढ़ते कोरोना को लेकर कोविड के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए ग्रामीणों से अपील की। वहीं पंचायत के जेजे



टोली निवासी मजदूर जगरनाथ मांझी को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि 25 दिसंबर रविवार को मजदूरी का काम करके रात में घर लौटने के क्रम में नेहालू गांव के तलाब के समीप सड़क में एक मोबाइल मिला था। मोबाइल के साथ पीछे कवर में 1500 सौ रुपये भी था। जिसे मजदूर ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए मुखिया वीरेंद्र भगत को सुपुर्द कर-के ईमानदारी की मिसाल पेश की है। मुखिया ने बताया कि मोबाइल डिस्प्ले टूटने के कारण मोबाइल की पहचान करना कठिन था। मुखिया ने इसे सोशल मीडिया में शेयर किया। इसके बाद मोबाइल मालिक ने मुखिया से संपर्क किया। वह अपना प्रमाण देकर सभी का आभार व्यक्त करते हुए मोबाइल व पैसे प्राप्त किया। जगरनाथ मांझी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए मुखिया ने पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र व पांच सौ रुपये का इनाम दिया।

मौके पर सचिव करमू कंडिर, उप मुखिया जितिया उरांव, पंसस आशा रानी पन्ना, सभी वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक करमू गोप, जेई सुरेश लिण्डा, वीएलडब्लू राजीव कुमार, बबलू लोहरा, ग्राम प्रधान सुरजू मुण्डा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल में कवाली ने धनबाद को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब के द्वारा आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट में गुरुवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के मैदान में खेले गए रोमांचक मुकाबले में नाइन बुलेट कवाली की टीम ने एफसी धनबाद की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खेल के पहले हाफ के बेहद रोमांचक मैच में कवाली की ओर से राकी कुमार ने 33वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। मध्यांतर तक कवाली की टीम एक गोल से आगे थी। खेल



के दूसरे हाफ में धनबाद को फ्री किक मिला। फ्री किक का फायदा उठाते हुए धनबाद के खिलाड़ी राकेश मुर्मू ने शानदार गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय पर दोनों ही टीमें 1-1 से गोल बराबरी पर रही। अंत में मैच का परिणाम पेनाल्टी शूटआउट से निकला। पेनाल्टी शूटआउट में नाइन बुलेट कवाली की टीम ने एफसी धनबाद को 4-2 से हराया। मुख्य अतिथि जीतू फ्यूल सेंटर रिंग रोड के संचालक प्रेम किशोर महतो ने कवाली के गोलकीपर दीपक टोप्पो को शानदार बचाव के लिए मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर अतिथि के रूप में चमरू बेदिया,शिवदास गोस्वामी,अशोक रजवार, अजगुत करमाली,बालक महतो,नंदलाल राम, जयनंदन सिंह,जगदीश रजवार उपस्थित थे।मैच का संचालन आयोजन समिति के प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया। समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा,संरक्षक फारूक खान,अध्यक्ष राजेश पहान,सचिव प्रकाश यादव,शिवधर रजवार व बलराम कुमार साहू ने मैच के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**कार्यक्रम :** कलावती ट्रेक्टर्स ऑफ ऑटोमोबाइलस पियाजियो शोरूम गोंदलीपोखर में ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन

# नयी पियाजियो ऑटो रिक्शा क्लासिक को किया गया लॉन्च

**ग्राहक मिलन समारोह में पांच नयी गाड़ियों की डिलीवरी भी की गयी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर स्थित कलावती ट्रेक्टर्स ऑफ ऑटोमोबाइलस पियाजियो शोरूम में गुरुवार को नयी पियाजियो ऑटो रिक्शा क्लासिक (डीजल) को लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर ग्राहक मिलन समारोह का भी आयोजन हुआ।



मुख्य अतिथि ईस्ट जोन हेड सीएस तिवारी, प्रबंधक एनपी सिंह एवं समाजसेवी रामकृष्ण चौधरी ने संयुक्त रूप से लॉचिंग करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पियाजियो का एक मजबूत और भरोसेमंद ऑटो रिक्शा है। यह कई खुबियों से परिपूर्ण है। मौके पर आयोजित ग्राहक मिलन समारोह में पांच नयी गाड़ियों की डिलीवरी भी की गई। समारोह में ग्राहकों को नयी ऑटो रिक्सा की गुणवत्ता से अवगत कराया गया।

मौके पर डीलर सचिन कुमार, सेल्स हेड प्रशांत मिश्रा, सर्विस हेड संदीप झा सहित फिनांस एवं सेल्स के कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खेल मैदान बचाने के लिए गोलबंद होकर ग्रामीणों ने की सरना झंडागड़ी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सिदरौल पंचायत के बाजार एवं खेल मैदान को बचाने के लिये ग्रामीण एकजुट होकर विरोध करने लगे हैं। गोलबंद सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरुवार को मैदान के चारों ओर सरना झंडागड़ी की। ग्रामीणों का कहना है कि मैदान की जमीन को गलत तरीके से कुछ लोगों के द्वारा बेचने की योजना बनायी जा रही है। मैदान का क्षेत्रफल 2.64 एकड़ है। जिसमें 1 एकड़ से अधिक जमीन पर कब्रिस्तान है, जो लगभग 150 साल पुराना है। बाकी जमीन पर में खेल मैदान, सप्ताहिक हाट एवं सभी प्रकार के सामाजिक आयोजन किये जाते हैं। यह पंचायत का एकमात्र खेल मैदान है जिसमें आसपास के कई गांवों के लोग खेलने आते हैं। जिन कागजात के आधार पर जमीन बेचने की बात की जा रही है वह 1955 की रजिस्ट्री है। जबकि जिस जमीन पर पहले से कब्रिस्तान है उसकी बिक्री अवैध होती है। ग्रामीणों ने 26 दिसंबर को ग्रामसभा की बैठक कर गुरुवार को सामूहिक रूप से झंडागडी करने का निर्णय लिया। कहा किसी भी हाल में मैदान को बेचने नहीं देंगे। उन्होंने मैदान के संरक्षण के लिये जल्द उपायुक्त एवं अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने की बात कही।

### आदिवासी सेना के अध्यक्ष ने नवविवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत सारोजमडीह गांव निवासी मंगल सिंह टोप्पो के पुत्र के विवाह समारोह में आदिवासी सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप शामिल हुये और नवविवाहित जोड़ी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उपस्थित आदिवासी सेना के वरिष्ठ नेता सह केन्द्रीय सचिव मंशा बड़ाईक, रांची जिला संगठन सचिव सुमन लोहरा, झाविमो के पूर्व वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी बंधना उरांव, हाहाप पंचायत मुखिया नन्हे कच्छप, ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खंटा सांगा पडहा समिति चेटे सचिव गणेश मिर्धा, सदस्य शशि लोहरा, मादी टोप्पो व अन्य शामिल हुए। उक्त जानकारी नामकुम क्षेत्र के मीडिया प्रभारी बच्चन बड़ाईक ने दी।

### भारत विकास परिषद ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद के रांची मध्य शाखा द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम 2022 का आयोजन रांची के ओबर गांव में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव जी.के. शर्मा के द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हमें सक्षम बनाया है ताकि हम सभी लोग समाज के आर्थिक पिछड़े लोगों के लिए कुछ अच्छा कर सकें। मौके पर रांची मध्य शाखा के सचिव जी.पी. सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में लोगों को कितनी तकलीफ होती है इस बात को समाज के सक्षम लोगों को समझना चाहिए और जरूरतमंद लोगों को आगे बढ़कर सहायता करनी चाहिए। रांची मध्य शाखा के द्वारा कुल 100 कंबल वितरित किया गया। जिसमें 65 कंबल ओबर गांव के जरूरतमंद लोगों को दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर.पी. सिंह, एस.के. बीद, डॉ. भारत भूषण, सावित्री कुमारी, उमेश कुमार, जुगल बेदिया एवं भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### इटकी प्रखंड के मलटी गांव में मशरूम की खेती का दिया गया प्रशिक्षण



**इटकी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय समन्वित मशरूम परियोजना के तहत आईसीएआर, पलांडू के तत्वावधान में गुरुवार को मलटी गांव में मशरूम की खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मशरूम खेती के कृषि वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार ने मशरूम की खेती लगाने के तरीकों की जानकारी दी व कहा कि इससे जुड़कर महिलाएं स्वावलंबी बन सकती हैं। उन्होंने मशरूम से सब्जी के अलावा आचार, बड़ी व पाउडर सहित अन्य सामग्री बनाने की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में मशरूम से संबंधित प्रगतिशील किसान श्यामधनी महतो, मंजू देवी, बंदे उरांव, योगिया उरांव, अमरावती देवी, कार्तिक व अमित सहित अन्य शामिल थे।

### झामुमो और आजसू नेता ने नये थानेदार से शिष्टाचार मुलाकात कर दी बधाई



**कांके (आजाद सिपाही)।** झामुमो के वरिष्ठ नेता अजीजुल अंसारी और आजसू नेता सह समाजसेवी तनवीर आलम ने कांके थाना में पदस्थापित किए गए नये थानेदार संजीव कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और कांके थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने की बात कही। इस मुलाकात में थानेदार ने नेताओं को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### हेमंत सोरेन सरकार के तीन साल

# पलामू जिले के किसानों, छात्र-छात्राओं और अन्य लाभुकों को मिली सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर रांची के प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले के उपायुक्त अपने-अपने जिले के पदाधिकारियों संग भाग लिये। इसी क्रम में समाहरणालय के झारनेट सभागार में पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। डीसी ने इस संबंध में कहा कि सरकार ने पूर्व में ही सूखा प्रभावित प्रत्येक किसान को 3500 रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की थी। सरकार के तीन साल पूरे दिन होने के उपलक्ष्य पर 'मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना' के तहत पलामू जिले के 53947 किसानों के बैंक खाते में कुल 18 करोड़ 88 लाख 14 हजार 500 सौ रुपए अंतरित किए गये। शेष अन्य किसानों का आवेदन सत्यापन होने के बाद उनके खातों में राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। इसी प्रकार 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना' के अंतर्गत पलामू जिले के कुल 34726 बच्चियों के बीच 14 करोड़ 16 लाख 97 हजार 500 सौ रुपए की राशि ट्रांसफर की



गयी,जिसमें 8वीं कक्षा के 8671 छात्राओं को 2500 रुपये,9वीं कक्षा के 7570 छात्राओं को 2500 रुपये,दसवीं के 7636 छात्राओं को 5000 रुपये,वहीं 11वीं कक्षा के 5686 छात्राओं को 5000 रुपये,12वीं कक्षा के 4585 छात्राओं के बीच 5000 रुपये शामिल हैं। इसके अलावे जिले में 18 से 19 वर्ष की आयु पूरी कर लेनी वाली 578 लाभार्थी बालिकाओं के बीच 20,000 रुपये का अनुदान राशि दिया गया। इसी तरह कल्याण विभाग अंतर्गत 'प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति 'के तहत पलामू जिले के विभिन्न वर्गों के 106728 छात्रों के बीच 22 करोड़ 15 लाख 27 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी। जिसमें अनुसूचित जाति के कक्षा 1 से 8वीं तक के 35397 छात्रों के बीच 66250500 रुपये और कक्षा 9वीं से 10वीं के अनुसूचित जाति के ही 2864 छात्रों के बीच 12888000 रुपये,वहीं अनुसूचित जनजाति के कक्षा 1 से 8वीं तक के 12093 छात्रों के बीच 22653500 रुपये,कक्षा 9वीं से 10वीं तक के 488 छात्रों के बीच 2196000 रुपये,वहीं अनुसूचित जनजाति केन्द्रांश के कक्षा 9वीं से 10वीं तक के 819 छात्रों के बीच 3685500 रुपये शामिल है। इसी तरह पिछडी जाति के कक्षा 1 से 8वीं तक के 49684 छात्रों के बीच 89630000 रुपये और कक्षा 9वीं से 10वीं तक के 5383 छात्रों के बीच 24223500 रुपये की राशि शामिल है। इसके अलावे पशुपालन विभाग अंतर्गत जिले में 'पशुधन विकास योजना' के तहत 609 लाभुकों के बीच 2 करोड़ 17 लाख 63 हजार 665 रुपये की राशि अंतरित की जा रही है। यह राशि बकरी पालन,सुकर पालन,बत्तख पालन,व मुगीर्पालन करने वाले लाभुकों के खाते में भेजी जायेगी। वहीं गव्य विकास योजना में 100 लाभुकों के बीच 61 लाख 84 हजार 636 रुपये की राशि हस्तांतरित की जा रही है।

## निरंतर प्रयास और कड़ा परिश्रम सफलता की सबसे बड़ी पूंजी : निर्मल कुमार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के वर्ग आठ के पास आउट बच्चों ने मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना में सफलता हासिल की हैं। सफल अभ्यर्थियों नाम प्रिंस कुमार, राजीव कुमार, शशि कुमार सहित अन्य हैं। ये सभी अभी नौवीं कक्षा में अध्ययनरत है। सफल विद्यार्थियों को चार साल में छात्रवृत्ति की राशि 48,000 रुपये है, यानी प्रत्येक माह 1000 रुपये है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार गुप्ता ने सभी उतीर्ण छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नही होता है, निरंतर प्रयास और कड़ी परिश्रम सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है। सफल बच्चों ने बताया कि मध्य विद्यालय की पढ़ाई और कोरोना काल में सतत ऑनलाइन की पढ़ाई हम सबों के लिए काफी कारगर सिद्ध हुई है।उन्होंने कहा कि कोरोना काल के समय भी बच्चों को पेड़ के नीचे शिक्षा देने का कार्य किया जाता था।उस विते दिनों का परिश्रम और मेहनत रंग लाया। उनकी सफलता पर बधाई देने वालों में प्रधानाध्यापक के अलावे श्रीराम सिंह,उपेंद्र कुमार,लक्ष्मी कुमारी,मोहम्मद असलम का नाम शामिल है।

## चैनपुर प्रखंड कार्यालय में हुई बीस सूत्री बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के चैनपुर प्रखंड सभागार में गुरुवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक की गई। बैठक में महत्वपूर्ण रूप से सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं का अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से जन वितरण प्रणाली,आंगनबाड़ी, मनरेगा, शिक्षा, जल नल योजना एवं अंचल से संबंधित कार्य, थाना से संबंधित सभी कार्य,स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी पूर्वक करें। सरकार के द्वारा चल रही सभी योजनाओं को वे पंचायत स्तर के कर्मियों द्वारा सुगमता पूर्वक योग्य लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का काम करें। बेवजह जनता को परेशान ना करें। पंचायत में खराब पड़े जल मीनार को अविलंब ठीक कराने का प्रस्ताव सभी सदस्य के द्वारा लाया गया जिसमें बीडीओ ने उसे अविलंब ठीक कराने की बात कही। सभी मुखिया को उनके द्वारा जल्द ही एक पत्र के माध्यम से सूचित करने का कार्य किया जाएगा। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारी के ऊपर कारण बताओ नोटिस जारी करने की भी बात की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 20 सूत्री उपाध्यक्ष सागर दास,सदस्य कमरुद्दीन अंसारी, बबलू अंसारी, रामलाल प्रसाद, शंभू चौरसिया, नीतीश सिंह,बीडीओ गिरवर मींज,सीओ संजय बाखला, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चमन कुमार, सीडीपीओ लक्ष्मी भारती, पेयजल स्वच्छता विभाग के जेई रणवीर सिंह, मनरेगा सहायक अभियंता अभिषेक कुमार,बीईओ संजीव कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र राम,राधेश्याम राम सहित कई विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिश्रामपुर पुलिस ने अवैध देशी शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर(पलामू)।** पुलिस ने गुरुवार को गुरी एवं भंडार में अवैध देशी शराब निर्माण व विक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस क्रम मे पुलिस ने ताबड़तोड़ कई जगहों पर छापामारी किया। दर्जनों लीटर निर्मित देशी शराब को नाली बहा दिया। कई किलो से ज्यादा जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया।



पुलिस की यह कर्रवाई बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के गुरि व भंडार सहित कई जगहों पर चला। छापेमारी दल का नेतृत्व एएसआई वीरेंद्र तिवारी ने किया, तिवारी ने कहा कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह करवाई की है। किसी भी परिस्थिति में अवैध कारोबार को बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में फलने फूलने नही दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस कप्तान और बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन के दिशा निर्देश अनुसार अवैध कारोबार पर करवाई आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में कई पुलिस जवान भी शामिल थे।

## शराब बेचने से मना करने पर पिता ने पुत्र को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज(पलामू)।** थाना क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत ग्राम शिकारपुर में अपने पिता को शराब बेचने से मना करना पुत्र को महंगा पड़ा। इस सम्बंध में घायल सुभाष कुमार की पत्नी निभा कुमारी ने अपने ससुर बिंदेश्वर साव , चचेरा ससुर बुधन साव तथा बुचीया देवी के खिलाफ हरिहरगंज थाने में गुरूवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बीते



सोमवार को सुभाष ने अपने पिता को घर में शराब बेचने से मना किया जिससे गुस्साए पिता सहित उक्त आरोपियों ने उसे लाठी से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान उसे सिर पर गंभीर चोट लग गई और वह जमीन पर बेहोशी की हालत में गिर पड़ा। मौके पर हल्ला सुनकर गांव के ही कुछ लोगों ने आकर बीच बचाव किया। साथ ही घायला अवस्था में उसे कुटुंबा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में रेफर कर दिया। बहरहाल बनारस ट्रामा सेंटर में इलाजरत है। वहीं घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस मामले की छान वीन कर रही है।

## अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर डीएमओ ने की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार उपायुक्त के निर्देश पर गुरूवार को विश्रामपुर पहुंचे एवं पुअनि संजय कुमार सिंह एवं पुलिस बल के साथ विश्रामपुर के अतिसुदूवरर्ती क्षेत्र कचनरिया टोला में संचालित क्रशर की जांच की। जांच के क्रम में पाया कि बिना भंडारण अनुज्ञप्ति के क्रशर में संचालक सकेन्द्र यादव के द्वारा अवैध तरीके से पत्थर,चिप्स का भंडारण किया जा रहा है,जिस पर उन्होंने अविलंब कार्रवाई करते हुए क्रशर में रखे गए 3 सौ सीएफटी बोल्डर,5 सौ सीएफटी स्टोन चिप्स एवं एक सौ सीएफटी डस्ट को जप्त कर लिया एवं संचालक सकेन्द्र यादव,पिता बाबूलाल यादव समेत भंडारण स्थल के रैयत एवं इस में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ विश्रामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं अविलंब संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई की बात कही। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि विश्रामपुर थाना के मौजा घरतिया,टोला कचनरिया में संचालित क्रशर के खिलाफ ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त द्वारा लगाए गए जनता दरबार में शिकायत की गयी थी,जिसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर गुरूवार को विश्रामपुर के अतिसुरूवर्ती क्षेत्र कचनरिया में पुलिस बल के साथ पहुंचे जहां सकेन्द्र यादव द्वारा क्रशर का संचालन किया जा रहा था,जहां क्रशर में रखे गए 3 सौ सीएफटी बोल्डर,5 सौ सीएफटी स्टोन चिप्स एवं एक सौ सीएफटी डस्ट पाया गया,इसकी जांच की गयी तो पाया गया कि संचालक के द्वारा भंडारण संबंधित किसी प्रकार की अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं किया गया है,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए बोल्डर,चिप्स एवं डस्क को जप्त किया गया एवं संचालक समेत रैयत एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी अवैध खनन,भंडारण या परिवहन में संलिप्त है,उन्हें किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा एवं ऐसे व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

## युवा जागृति केंद्र के कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सामाजिक संगठन युवा जागृति केंद्र के भंडरिया एवं बड़गड़ प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकताओं ने भागीदारी की। भंडरिया के दबंग चौक के निकट आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम मे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि भंडरिया एवं बड़गड़ प्रखंड में कार्यकताओं के उत्साह एवं लगातार प्रयासों से संगठन का जो विस्तार हुआ है वह



प्रशंसनीय है। कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख के हिस्सेदार बनें तथा उनकी समस्याओं के समाधान का निरंतर संगठित प्रयास होते रहना चाहिए। भंडरिया और बड़गड़ प्रखंड में संगठन का विशाल रूप में उद्भव यह दशार्ता है कि जनता युवा जागृति केंद्र को विकल्प एवं सच्चे साथी के रूप में देखती है। कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं तथा कार्यकताओं के प्रयास से ही संगठन का स्वरूप निर्धारित होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सब इंस्पेक्टर राजेश कुजुर ने कहा युवा जागृति केंद्र की गतिविधियां प्रशंसनीय तथा सृजनात्मक है। संगठन के प्रयासों से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने किया। प्रखंड सचिव विजय सिंह के द्वारा स्भंडरिया एवं बड़गड़ प्रखंड के सभी पंचायतों से सभी समितियों के प्रतिनिधि एवं कार्यकताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रूपेश कुमार, राकेश कुमार के साथ साथ संगठन के केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा, जिला सचिव अमित रंजन, मंगल सिंह, नीरज तिवारी, वाईजेकेएसएफ प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला सचिव विकास यादव, कुमार कुणाल, सोनू सिंह, बलवंत, आनंद, विशेश्वर सिंह, मोहित, सिंपल गुप्ता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हमारी योजना, हमारा विकास अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हमारी योजना हमारा विकास अभियान 2022-23 के तहत ग्राम पंचायत विकास योजनांतर्गत ग्राम पंचायत संसाधन दल के तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड सभागार हुसौनाबाद में किया गया।शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा,जेएसएलपीएस बीपीएम सुनील कुमार,बीपीएम बीरेंद्र कुमार,पंचायती राज प्रखंड समन्वयक राजू रंजन,पंचायत सेवक सूर्यदेव राम,वशिष्ठ तिवारी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पंचायती राज प्रखंड समन्वयक ने बताया कि 5 जनवरी 2023 से सबकी योजना सबका विकास अभियान का संचालन किया जाना है। इस अभियान में समुचित ग्राम विकास को ध्यान में रखते हुए प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव में ग्राम सभा आयोजित कर योजना चयन की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा है। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा में ऐसी योजनाओं को लेना है, जिससे ग्राम पंचायतों का सामाजिक, आर्थिक व व्यक्तित्व का विकास हो सके।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 2023-24 के लिए ग्राम पंचायत के विकास हेतु योजनाओं निर्माण करना है।मास्टर ट्रेनर के रूप में सत्यानंद शुक्ला व विनीता रंजन के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।कम्प्यूटर आपरेटर सोनी समेत कई लोग मौजूद थे।

## आरएसएस के प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग में स्वयंसेवकों को पढ़ाया जा रहा है राष्ट्रसेवा का पाठ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,पलामू जिला का सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में किया गया। इस वर्ग में जिले के जपला, मेदिनीनगर, पांकी, सतबरवा, पाटन, लेस्लीगंज, चैनपुर खंड से 80 शिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें कर्मचारी, किसान, व्यवसायी, पत्रकार, महाविद्यालय व नवम से बारहवीं तक के छात्रों ने भाग लिया।यह प्राथमिक शिक्षा वर्ग 22 दिसंबर 2022



से प्रारंभ होकर 30 दिसंबर 2022 प्रातः तक चलेगी। प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों को संघ की पृष्ठभूमि, भगवा ध्वज की जानकारी, दंड संचालन,नियुद्ध समेत अन्य शारीरिक व आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया गया। शारीरिक प्रशिक्षण के साथ ही बौद्धिक प्रशिक्षण भी हुआ। जिसमें स्वयं सेवकों को देश के मौजूदा हालातों, संघ की ओर से राष्ट्रहित व समाज सेवा में किए जा रहे कार्यों, संघ के उद्देश्यों और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। स्वयं सेवकों को राष्ट्र व समाज हित के लिए सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित किया गया। विभाग प्रचारक व्यापक जी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को जागृत करने के काम में लगातार जुटना ही स्वयंसेवक की पहचान है। मौके पर जिला संघचालक दिनेश प्रसाद कश्यप,जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, संतोष सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, बिद्या मंदिर के अध्यक्ष शिव प्रसाद मेहता, सचिव राकेश कुमार, प्रधानाचार्य कृष्णकांत तिवारी, आलोक केशरी,विभाग बौद्धिक प्रमुख राजेश सिंह, जपला नगर कार्यवाह सुनील सह नगर कार्यवाह चंदन, समेत आरएसएस के कई पदाधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित थे ।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांकः– 1361 हजारीबाग / दिनांकः– 28 / 12 / 2022

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित e-Tender no-WRD/MID/HAZARIBAG/F2-21/2022-23 dt. 20.12.2022 जिसका प्रकाशन PR No. 285535 (Minor Irrigation) 22-23(D) है में अंकित "Two Envelop System" के बदले "Single Envelop System" पढ़ा जाय।

निविदा सूचना की शेष शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

PR 286271 (Minor Irrigation)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांकः– 1362 हजारीबाग / दिनांकः– 28 / 12 / 2022

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित e-Tender no-WRD/MID/HAZARIBAG/F2-22/2022-23 dt. 20.12.2022 जिसका प्रकाशन PR No. 285538 Minor Irrigation (22-23).D है में अंकित "Two Envelop System" के बदले "Single Envelop System" पढ़ा जाय।

निविदा सूचना की शेष शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

PR 286272 (Minor Irrigation)22-23*D

## स्पोर्ट्स



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तान ने जारी की 21 संभावित खिलाड़ियों की सूची

# 32वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का हुआ रंगारंग समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 32 वीं जूनियर थ्रोबॉल नेशनल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में हरियाणा एवं कर्नाटक के बीच हुए कड़े मुकाबले में हरियाणा ने विजय हासिल किया जबकि पुरुष वर्ग में हरियाणा और मुम्बई के बीच हुए मुकाबले में भी हरियाणा ने ही विजय हासिल किया। इस प्रकार दोनों ही वर्ग में हरियाणा ने फतह हासिल कर नेशनल विजेता बना।सीसीएल रांची के वित्त निदेशक पवन कुमार मिश्रा एवं पद्मश्री मुकुन्द नायक ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी एवं उपहार दिया।पहली बार किसी खेल के सभी मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए भी ट्राफी दी गई।दोनों ही फाइनल मैच अतिथियों की उपस्थिति में कराई गयी। आज के फाइनल एवं समापन समारोह के अतिथियों में सीसीएल के सीएमडी निदेशक पवन कुमार मिश्रा, पद्मश्री मुकुन्द नायक,,वरीष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार,सुधा के मो मोजउद्दीन, इंडियन आइडल विजेता शगुन पाठक, श्रेया तिवारी, थ्रोबॉल एसोशिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रमन साहनी मुख्य रूप से उपस्थित होकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया एवं प्रोत्साहित किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सीएमडी पवन कुमार मिश्रा ने सफलतम आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दिया एवं खिलाड़ियों को हर प्रकार के



हरियाणा बना दोनो वर्गों में चैंपियन

सहयोग का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा झारखण्ड खेल जगत में अपना परचम लहरा रहा है, थ्रोबॉल में भी मेजबानी करके झारखण्ड ने देश में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। समापन समारोह में स्वागत भाषण करते हुए आयोजन समिति के ओगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी आलोक कुमार दूबे ने कहा व्यावसायिक युग में क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव एवं दबदबा के बीच थ्रोबॉल को भी देश में पहचाना जा रहा है। उन्होंने सीसीएल, एनटीपीसी एवं कारपोरेट घरानों से आग्रह किया कि खेल खिलाड़ियों को संस्थानों में अलग से नौकरी की व्यवस्था होनी चाहिए। समापन समारोह में एसोशिएशन के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि देश भर से शामिल होने वाले दिल्ली, तेलंगाना, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, दिल्ली, पांडिचेरी, केरल,त्रिपुरा, असाम, राजस्थान, हरियाणा, उड़ीसा, बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, बिहार, गुजरात, उत्तराखंड, पंजाब, दमन-दीव, मुम्बई, झारखण्ड के टीम मैनेजर,सचिव एवं कोच को झारखंड अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष गौतम कुमार सिंह एवं नगीना कुमार ने किया। पिछले तीन महीने से नेशनल गेम की मेजबानी को सफल बनाने में आशुतोष कुमार, अरविन्द कुमार, मेंहुल दूबे, सुनील चक्रवर्ती,जमील अंसारी,सोनू सिंह, प्रशांत पाठक,नीरज वर्मा, नीतिश सिंह, देवव्रत कुमार संजीव कुमार, श्रीकांत दास गुप्ता, ब्रजेश पाण्डेय, जाकिर अली, नरेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। खिलाड़ियों के रहने,खाने,आने जाने एवं अन्य आतिथ्य आवभगत में पूरी तैयारी की गई थी। खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने कहा झारखण्ड की मेजबानी अब तक के थ्रोबॉल के इतिहास में सबसे अच्छा और सफलतम रहा जो हमेशा याद किया जाता रहेगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## एबीवीपी की कतरास इकाई के अध्यक्ष बने गुरुकुल के संस्थापक डॉ रंजीत सिंह



कतरास/महुदा (आजाद सिपाही)। गुरुकुल कोचिंग संस्थान के संस्थापक डॉ रंजीत सिंह को गुरुवार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का कतरास नगर इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर पर जागो संस्था के संस्थापक चुन्ना, धनबाद जिला संयोजक अंशु तिवारी, विश्वविद्यालय संयोजक सहदेव रवानी, रांची महानगर संगठन मंत्री अभिनव जीत, कार्यकारिणी सदस्य अक्षय गुप्ता, प्रेरणा शौनक, आकाश कुमार, सुधांशु कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य शिवम रवानी, कतरास कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण, मंत्री सुशांत कुमार, डीएवी विद्यालय अध्यक्ष दिव्यांश यादव, नगर सह मंत्री ऋतिक पटवा, काजल कुमारी, अनुज सिंह, राहुल शर्मा, सानू बर्मन, लक्ष्मी कुमारी, लक्ष्मी मुर्मू, स्नेहा कुमारी, अमीशा माथुर, गौरव महतो, अनुराग महतो, अमन महतो, सौरव मंडल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पाइप फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद



झरिया (आजाद सिपाही)। झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार जाने वाले 30 इंची पाइप बुधवार की रात फट जाने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया है। सूचना मिलने के बाद गुरुवार सुबह मजदूरों ने संयंत्र केंद्र को बंद कर पाइप मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। जल संयंत्र केंद्र के 12 एमजीडी प्लांट से झरिया 30 इंची एवं 18 इंची पाइप लाइन से भौरा, पाथरडीह में पानी की सप्लाई की जाती हैं। वहीं, सर्दी के मौसम में दामोदर नदी में शैवाल व जलकुंभी की बढ़ोतरी होने से पाइप लाइन जाम हो जाता है, जिस कारण जल भंडारण में दिक्कत होती है। जल संयंत्र केंद्र के कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया कि नदी की सफाई हो गयी है। 30 इंची पाइप लाइन की मरम्मत कार्य भी पूरी कर ली गई है। शाम से सभी क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी।

## धड़ल्ले से की जा रही है पीडीएस अनाज की कालाबाजारी




झरिया (आजाद सिपाही)। सरकारी राशन से मिलने वाले चावल और गेंहू की कालाबाजारी करने वाले गिरोह प्रशासन को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहे है। इतनी छापामारी के बावजूद पीडीएस अनाज की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है। इसका जाता उदाहरण गुरुवार को फुसबंगला में देखने को मिला, जहां पीडीएस चावल ले जा रहे बाइक सवार विजय कुमार महतो व संतोष कुमार को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। झरिया एमओ राजीव रंजन के बयान पर कांड संख्या 282/22 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं, दोनों युवकों ने बताया कि अपने राशनकार्ड पर एक क्विंटल 10 किलो चावल ले जा रहे थे। तभी कुछ लोगों ने पकड़ कर मारपीट की और थाने पहुंचा दिया।

## पर्यावरणीय स्वीकृति को लेकर हुई जनसुनवाई



बोकारो (आजाद सिपाही)। डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड की एक इकाई बोकारो सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग वर्क्स की सीमेंट उत्पादन क्षमता को 2.0 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 3.1 मिलियन टन प्रतिवर्ष तक बढ़ाने के प्रस्ताव के लिए गुरुवार को जनसुनवाई बैठक अधिसूचित बोकारो औद्योगिक क्षेत्र, बलीडीह फेज-4 में हुई। निम्नलिखित प्रस्ताव पर ग्रामवासियों का मत और सुझाव लेने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। यह जनसुनवाई झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद रांची की ओर से आयोजित की गई थी। इस जनसुनवाई में दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एसडीओ, सादात अनवर अपर समाहर्ता बोकारो, राम प्रवेश कुमार क्षेत्रीय अधिकारी, जेएसपीसीबी धनबाद, कुमार मणि भूषण क्षेत्रीय अधिकारी, जेएसपीसीबी-रांची, दिलीप कुमार सीओ-चास, डालमिया सीमेंट बोकारो के यूनिट हेड प्रियरंजन जी, सरपंच, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, जिला परिषद्, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपना समर्थन देते हुए अंचल के विकास की मांग की।

## झारखंड सरकार ने किया युवाओं के साथ विश्वासघात: मंटू



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। एकडा स्थित आवासीय कार्यालय में आजसू के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने प्रेस वार्ता कर झारखंड महागठबंधन सरकार के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर आलोचना करते हुए राज्य के युवाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। कहा कि नियोजन नीति, रोजगार, बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवकों को ठगा गया है। मुख्यमंत्री ने एक साल में पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन तीन साल में महज साढ़े 550 नियुक्तियां ही दी गई है। राज्य में संसाधनों की लूट मची है। सरकार ने तीन साल में जनादेश और जनभावना का अपमान किया है। आजसू ने शुरू से इस विषय पर अपनी आवाज मुखर करती आ रही है। कहा कि जिला में अपराध चरम पर है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। किसानों के हितों को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हुई। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल बुरा है। मंटू महतो ने कहा कि 12 जनवरी से आजसू गांव से लेकर शहर तक, पंच से पंचायत तक राज्य के खिलाफ व्यापक संघर्ष करेगी। इस मौके पर जीतू पासवान, संतोष महतो, वंशराज कुशवाहा, रिंकू महतो, दयानंद महतो, संतोष पासवान, सौरभ महतो और बबलू महतो आदि थे।

## मुखिया ने की पंचायत समिति के गठन को लेकर बैठक



महुदा (आजाद सिपाही)। तेलमोचो पंचायत नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति के गठन को लेकर मुखिया मीरा कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रखंडको ऑर्डिनेटर भागीरथ सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की। कहा कि यह कार्यक्रम 15 साल के ऊपर आयु वर्ग के असाक्षरो को पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित कर स्वयं सेवको के माध्यम से साक्षर किया जाना है। बैठक में पंचायत साक्षरता समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुखिया मीरा कुमारी, साक्षरता पर्यवेक्षक बसंत प्रसाद कोऑर्डिनेटर सह साक्षरता स्वयं सेवक मुमताज अंसारी आदि को बनाया गया है।

### जरीडीह बाजार में चाऊमीन और इलायची दाना फैक्ट्री की आड़ में चल रहा था धंधा

# अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**भारी मात्रा में स्पिरिट, विभिन्न ब्रांड के नकली शराब, खाली बोतल, लेबल, कैप आदि जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



आरोपितों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

जरीडीह बाजार/बेरमो। उत्पाद विभाग और गांधीनगर पुलिस ने बुधवार की देर रात तीन बजे जरीडीह बस्ती में संयुक्त छापामारी की। जहां चाऊमीन और इलायची दाना फैक्ट्री की आड़ में अवैध विदेशी शराब बनाने का कारखाना चल रहा था। गांधीनगर थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि जरीडीह बस्ती सरैया टांड में चाऊमीन और इलाईची दाना फैक्टरी की आड़ में अवैध विदेशी शराब बनाने की फैक्टरी से 100 लीटर स्प्रिट, रंगीन गंध युक्त स्प्रिट 25 लीटर, विभिन्न ब्रांड के नकली शराब 225 लीटर, 5000 विभिन्न ब्रांड के खाली बोलल, 5000 विभिन्न ब्रांड के लेबल, कैप, स्ट्रेथ मशीन और मेजर ग्लास आदि जब्त किया गया है। घटना स्थल से चार आरोपित बैद्यनाथ महतो, बिनोद महतो, राकेश महतो और कैलास महतो को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि मुख्य सरगना हरि नारायण महतो और शंभु साव के विरुध फरार अभियोग दर्ज किया गया। छापामारी उत्पाद निरीक्षक संजीत देव के नेतृत्व में किया गया है। छापामारी में उत्पाद विभाग के त्रिपुरारी कुमार, रवि रंजन सहित गांधीनगर थाना के थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह, एएसआई संजय सिंह, राजेश छतरी शामिल थे। गौरतलब है कि पुलिस व उत्पाद विभाग की इस तरह की कार्रवाई कोई नई नहीं है। बल्कि कई बार जरीडीह बस्ती के अवैध शराब फैक्ट्री में छापामारी कर इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बावजूद इसके तस्करों-धंधेबाजों का हौसला इस कदर बढ़ा हुआ है कि छापामारी के कुछ ही दिन बाद से फिर पुनः यह धंधा जोर शोर से शुरू हो जाता है।

## उस्मान अंसारी की गिरफ्तारी के विरोध में गिरिडीह पुलिस का किया गया पुतला दहन



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सह झामस नेता व जिला परिषद सदस्य कॉमरेड उस्मान अंसारी की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को भाकपा माले की ओर से धनबाद जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक पर गिरिडीह पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित राज्य कमेटी सदस्य नागेंद्र कुमार ने कहा कि गिरिडीह पुलिस ने बिना कोई वारंट के बुधवार की रात में कॉमरेड उस्मान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। इसी के विरोध में पूरे झारखंड में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

## बीएंडके जीएम ने बोकारो डीसी को सौंपा 14.80 लाख का चेक



**जिले में गरीबों के बीच कंबल वितरण में खर्च होगी राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली/बेरमो। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के जीएम एमके राव ने बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी को वित्तीय सहायता के तौर पर जिले में गरीबों के बीच कंबल वितरण के लिए 14 लाख 80 हजार रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। यह कार्य उन्होंने सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के सीएसआर मद से किया। उन्होंने बोकारो जिला प्रशासन कार्यालय के समाहरणालय में जाकर 14.80 लाख की राशि का चेक सौंपा। यह कार्य जिला प्रशासन और सीसीएल के बीच हुए एमओयू के अनुसार जिला प्रशासन इस राशि का उपयोग 5000 गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण के लिए करेगा। जिले में पड़ रहे भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण की यह पहल बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी और सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद के मार्गदर्शन में बोकारो एवं करगली क्षेत्र के सीएसआर मद से किया जा रहा है।

## गैर आबादी की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत

महुदा (आजाद सिपाही)। सीमाटांड प्राथमिक विद्यालय के अध्यक्ष समशुल अंसारी ने बाघमारा अंचल अधिकारी को लिखित शिकायत देकर गांव के कुछ लोगों द्वारा विद्यालय के समीप गैर आबाद जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। बताया कि सीमाटांड़ गांव के राम कुमार सिंह उर्फ रामा महतो, जग्गु महतो, मुकेश कुमार महतो, सनातन महतो, संतोष महतो आदि ने कब्जा किया है।

### हर मोर्चे पर विफल सरकार नाकामी छिपाने को मना रही तीसरी वर्षगांठ

# तीन साल में झारखंड सरकार ने किया राज्यवासियों से केवल छलावा : सचिन

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने गुरुवार को बोकारो सिटी पार्क में संवाददाता सम्मेलन कर झामुमो महागठबंधन सरकार के तीन साल पूरे होने पर मनाए जा रहे जश्न की कड़ी आचोलना की। कहा कि सरकार गठन के बाद से पैसे की कमी का रोना रो रही झारखंड सरकार ने अपनी नाकामी का जश्न मनाने में रांची के मोरहाबादी में करोड़ो रुपये फूंक दिए। अपनी नाकामी को छिपाने का प्रयास कर रही झारखंड सरकार के पास राज्य के विकास के लिए न तो कोई नीति है और न ही उसकी नीयत है। इस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा जहां तार-तार हो गई है, वहीं किसानों और बेरोजगार युवाओं के साथ भी छलावा किया गया है। कहा कि झामुमो ने सत्ता में काबिज होने से पहले एक साल में पांच लाख युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारी भत्ते के रूप में पांच से सात हजार रुपये प्रति माह देने का वादा किया था। लेकिन बेरोजगारों को न तो नौकरी मिली और न ही बेरोजगारी भत्ते के रूप में एक फूटी कौड़ी ही मिली। इतना ही नहीं कई विभागों में संविदा पर नियुक्त कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई, जिससे हजारों युवा बेरोजगार हो गए। यही नहीं अपने अधिकार की मांग कर रहे झारखण्ड के बेरोजगार अभ्यर्थियों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज कराकर सरकार ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। कहा कि तीन साल की अवधि में ही सरकार ने भ्रष्टाचार की बड़ी मिशाल पेश की है। झारखंड सरकार के मुखिया के साथ-साथ उनके प्रतिनिधि के ऊपर राज्य के संसाधनों के लूटने का आरोप लग चुका है। जिसकी जांच ईडी कर रही है। इसी सरकार में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल पर करोड़ो रुपए का मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल जा चुकी है। इससे बड़ी सरकार की तीन साल की उपलब्धि क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि अपराध चरम पर है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। किसानों के हितों को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हुई। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल बुरा है। तीन साल में आधारभूत ढांचा का एक काम नहीं हुआ। कहा कि झारखंडी जनविषयों को लेकर आजसू गांव से लेकर शहर तक, पंच से पंचायत तक व्यापक संघर्ष करेगी और अगले महीने 12 जवनरी, युवा दिवस के दिन से इसकी शुरूआत होगी। इस मौके पर प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो, कार्तिक गोराई, जिला प्रवक्ता प्रकाश शर्मा, लखन ख्वास, अनिल झा, मुरारी लाल गोराई, देवाशीष सिंह और मुन्ना कुमार आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल के स्टोर्स विभाग ने रेल वैगन खाली करने में बनाया नया कीर्तिमान

बोकारो (आजाद सिपाही)। स्टील प्लांट के स्टोर्स विभाग ने 40 रेल वैगनों को मात्र 42 घंटों में खाली कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विगत वर्षो में यही काम औसतन 66 घंटो में होता रहा है। इन वैगनों में महाराष्ट्र में सेल के चंद्रपुर प्लांट से फेर्रो मैंगनीज और सिलिको मैंगनीज खनिज लाये गए थे जिनका उपयोग इस्पात बनाने में होता है। इस कार्य को स्टोर्स विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने एकजुट होकर आपसी समन्वय से संसाधन एवं समय का बेहतरीन प्रबंधन कर इस मुश्किल काम को रिकॉर्ड समय में अंजाम देकर एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। इस कार्य की सफलता में स्टोर्स विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मियों एवं ठेका कर्मियों का अहम् योगदान रहा। स्टोर्स विभाग की टीम की इस उपलब्धि पर अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव स्टोर्स जाकर स्टोर्स विभाग की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्टोर्स विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को आने वाले समय में भी बेहतर प्रदर्शन के सिलसिले को जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम सहित स्टोर्स विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## हरेंद्र चौहान को झामुमों प्रखंड उपाध्यक्ष बनने पर समर्थकों-कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन



लोयाबाद। कनकनी निवासी हरेंद्र चौहान को झारखंड मुक्ति मोर्चा का बाघमारा प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया है। झामुमो केंद्रीय समिति के विनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध मे पत्र जारी किया है। हरेंद्र इसके पूर्व भी झायुमो के जिला संगठन सचिव रह चुके है। उनके प्रखंड उपाध्यक्ष बनने पर झामुमो संयोजक मंडली ने समारोह आयोजित कर उन्हें बधाई दी।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –23 / 2022–23

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 05.01.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 06.01.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 06.01.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची।
2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राषि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Reconstruction of drain & soak pit and sanitary fittings & sewerage works at staff quarter Machhalighar campus Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 230875.00 | 5,000.00 | 500.00 | 30 Days |
| 2. | Renovation of toilet room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at ACB office campus Jharkhand Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 263598.00 | 6,000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 3. | Renovation of toilet & bath room and Kitchen with improvement of W/S & sanitary fittings, sewerage work at quarter No-A/6 Audrey house campus Ranchi and others its allied works under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 285509.00 | 6,000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 4. | Renovation of toilet cum bathroom & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at staff quarter, Speaker Residence campus Kanke Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 396247.00 | 8,000.00 | 750.00 | 30 Day |
| 5. | Supplying & Installation of Iron Removal Plant (FRP) with shade at Ex. CM Jharkhand & Hon'ble MP (Rajya Sabha) Residence at Morahabadi Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 537289.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 6. | Operation & maintenance of 2000 LPH Reverse Osmosis Plant filter system with necessary water supply and its allied work at Rajbhawan campus under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 546376.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 7. | Renovation of toilet bath room and Kitchen with improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Quarter No A/11 (Near Templd) Audrey house campus & BCD-45 Harmu Ranchi and others its allied works under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 596737.00 | 12,000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 8. | Seepage repair & Renovation of Toilet cum bathroom improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Works at Qtr. No. 32 and others, Judge Colony, Kanke Road, Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 631045.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 9. | Seepage repair & Renovation of Toilet room Impro vement of W/S and sanitary fittings and sewerage works at Civil Judge cum 1st Class Judicial Magistrate XXIX Fast Track Court Building 2nd floor Civil court Jharkhand Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 673235.00 | 14,000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 10. | Repairing and maintenance of water supply each 1,00,000 Gallon having capacity ESR & Sump at Booty Road officer's flat Dindayal Nagar Officer's quarter, MLA/IAS quarter and adjoining area with cleaning of supm, ESR, pipe line and operation of pump motor, sluice valve under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. (six months 2022-23) | 682259.00 | 14,000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 11. | Seepage repair & Renovation of Toilet cum b ath room Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage works at Qtr. No-34 Judges colony Kanke Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 704615.00 | 15,000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 12. | Renovation of toilet bathroom & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st Floor at Election Commission Jharkhand Secetry Under Seeritry Sinor principal private secritry election building (East side) New Market Chowk Ratu Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 813269.00 | 17,000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 13. | Renovation of toilet and bathroom & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd Floor at Election Commission Jharkhand at Deputy Secretary, DDO and PPS and Ladies Toilet in Election Building (East Side) New Market Chowk Ratu Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 823215.00 | 17,000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 14. | Seepage repair & Renovation of Toilet ro om Improvement of W/S and sanitary fittings and sewerage works at Civil Judge cum 1st Class Judicial Magistrate VI, XVI & XXVI Fast Track Court Building 2nd floor Civil court Jharkhand Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 906922.00 | 19,000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 15. | Seepage repair & Renovation of Toilet room Improvement of W/S and sanitary fittings and sewerage works at Civil Court Building Ground Floor Jharkhand Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 942034.00 | 19,000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 16. | Renovation of toilet, bath room and Improvement of W/S and sanitary fittings, sewerage work 1st & 2nd Floor at Election commission Jharkhand Commissioner Chamber, Conference Hall Joint secretory Chamber and Guest House Election building (west side) New Market Chowck Ratu Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 1072860.00 | 22,000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 17. | Construction of Male & Female toilet and water supply arrangement at Hon'ble Speaker Jharkhand Vidhan Sabha Residence-03 Campus Kanke Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 1372860.00 | 28,000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 18. | Renovation of toilet and bath room & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Hon'ble speaker Jharkhand Vidhan Sabha Residential campus Kanke Road Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 1567108.00 | 32,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 19. | Seepage repair & Renovation of toilet cum bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Residence of IAS Bungalow No-03 Dindayal Nagar Booty Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 1698972.00 | 34,000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 20. | Seepage repair & Renovation of toilet cum bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Hon'ble Chief Justice Residence of Kanke Road Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 1755274.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 21. | Seepage repair & Renovation of toilet room Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at General toilet Ground Floor, JMFC-XVII Cum Additional Munssif and Video Conference Hall Fast Track Civil Court Main Building Jharkhand Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 1816120.00 | 37,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 22. | Improvement of water supply by Replacement of damaged water supply pipe line & Repairing of Pump house its allied works at Ex-CM Jharkhand & Hon'ble MP (Rajya sabha) Residence at Morahabadi Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 1984978.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 23. | Renovation of toilet cum bathr room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at staff quarters, Old Chief Engineer Office, Government of Jharkahand at Deputy Para Ranchi under D.W. & S.Division, Gonda, Ranchi. | 2122689.00 | 43,000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

प्रभारी कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.286243 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## 6 देशों से आने वालों के लिए आरटी-पीसीआर जरूरी

# जनवरी से 72 घंटे पुरानी निगेटिव रिपोर्ट देनी होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच चीन समेत 6 देशों से आने वाले यात्रियों पर अगले हफ्ते से सख्ती बढ़ाई जाने की तैयारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हॉन्गकॉन्ग, थाईलैंड और सिंगापुर से आने वाले पैसेंजर्स के लिए 1 जनवरी 2023 से निगेटिव आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट अनिवार्य कर दिया गया है। इन पैसेंजर्स को यात्रा से पहले अपनी 72 घंटे पुरानी निगेटिव आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इधर, आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोरोना की एडवांस तैयारियों को लेकर मनसुख मांडविया और फार्मा कंपनियों के बीच वर्चुअल मीटिंग शुरू हो चुकी है।

### स्वास्थ्य मंत्री की दवा कंपनियों के साथ मीटिंग



### इजराइल का रिसर्च- कोविड का बूस्टर डोज सुरक्षित

द लांसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 की बूस्टर डोज पूरी तरह सुरक्षित है। इजराइल की तेल अवीव यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने करीब 5,000 इजरायलियों को स्मार्टवॉच से लैस किया और दो साल उनकी बॉडी की निगरानी की। इनमें से 2,038 को कोविड-19 वैक्सीन की बूस्टर डोज लगी थी। इसके अलावा टीम ने मैकाबी हेल्थ सर्विसेज के 2 लाख 50 हजार सदस्यों की मेडिकल फाइलों का अध्ययन करके बूस्टर डोज की सुरक्षा जांची। तेल अवीव यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डेन यामिन ने कहा- स्मार्टवॉच का उपयोग हार्ट बीट, हार्ट एक्टिविटी में डिफरेंस, नींद, कितने कदम चले और अन्य एक्टिविटीज की निगरानी के लिए किया गया था। हमने टीके के बाद महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे। हमारा अध्ययन बूस्टर डोज के बाद इसे लेने वाले पूरी तरह सुरक्षित हैं। शुरूआत में बूस्टर डोज लेने वाले कुछ लोगों को थकान, सिरदर्द आदि की शिकायत थी, लेकिन दो या तीन दिन के बाद वे अच्छा महसूस करने लगे। देशभर में मंगलवार को कोरोना से निपटने के लिए तैयारियों को लेकर कोविड हेल्थ सेंटर्स में मॉक ड्रिल की गई। देशभर में मंगलवार को कोरोना से निपटने के लिए तैयारियों को लेकर कोविड हेल्थ सेंटर्स में मॉक ड्रिल की गई।

### भारत के लिए अगले 40 दिन मुश्किल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि जनवरी के मध्य में भारत में कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं। पिछले ट्रेंड्स के एनालिसिस के बाद यह माना जा रहा है कि अगले 40 दिन देश के लिए मुश्किल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, देश में कोरोना की एक और लहर आ सकती है। ऐसे में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की जा रही है।

# केंद्रीय खान मंत्री ने नालको के प्रदर्शन की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला तथा खान मंत्री प्रल्हाद जोशी चुनौतीपूर्ण वैश्विक कारोबारी माहौल के बावजूद, रिकॉर्डतोड़ परिणाम हासिल करने हेतु कर्मचारियों और नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। माननीय केंद्रीय मंत्री आज भुवनेश्वर में नालको निगम कार्यालय के अपने दौरे के दौरान कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि देश के अग्रणी एल्यूमिना और एल्यूमिनियम निमार्ता और निर्यातक तथा खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने वित्त वर्ष 2021-22 में चौतरफा सफलता दर्ज की है। नालको ने




2,952 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो कंपनी की स्थापना से अब तक का सर्वाधिक है। मंत्री जोशी ने कोविड-19 का सामना करते हुए कंपनी के उत्पादन और उत्पादकता को सही दिशा में चलाने के लिए नालको टीम और उसके नेतृत्व की प्रशंसा की। जोशी ने कहा कि सामरिक धातु-एल्यूमिनियम की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में नालको हमेशा सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा कि नालको और कई अन्य खनन और धातु उद्योग जैसे संगठन वास्तव में 'आत्मनिर्भर भारत' के उज्ज्वल उदाहरण हैं। श्री जोशी ने कहा कि जब संगठन और उद्योग अपनी सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल करना जारी रखते हैं और हर बार नये मानक स्थापित करते हैं, तो यह विश्वास देता है कि हमारी अर्थव्यवस्था और नए भारत की दृष्टि को प्राप्त करने के हमारे प्रयास सही दिशा में हैं । इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने उन सभी कर्मचारियों के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में कर पूर्व लाभ का 1% उत्पादन और प्रदर्शन उपहार देने की घोषणा की, जिन्होंने पिछले 42 वर्षों के इतिहास को तोड़ते हुए कई रिकॉर्ड हासिल करने की उपलब्धि को संभव बनाया है। सभी संविदा कर्मियों के लिए श्री जोशी ने उनके मूल्यवान योगदान के लिए 1 महीने के मूल वेतन के रूप में प्रदर्शन पुरस्कार की भी घोषणा की। विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय, भारत सरकार भी इस अवसर पर उपस्थित थे। श्री श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको ने कंपनी की ओर से खान मंत्रालय को निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कर्मचारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत और अन्य हितधारकों से प्राप्त सहयोग को भी सफलता का श्रेय दिया।

# हाइकोर्ट के निर्णय के खिलाफ योगी सरकार ने दाखिल की एसएलपी

0आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के निर्णय के खिलाफ प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुज्ञा याचिका दायर की है। एसएलपी में सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने की मंजूरी देने का आग्रह किया जायेगा। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया है। आयोग का गठन करने के बाद अब सरकार ने एसएलपी दायर की है। एसएलपी में सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने, आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही चुनाव कराने की मंजूरी देने का आग्रह किया है। बुधवार को दिनभर नगर विकास विभाग और विधि विभाग के अधिकारी लखनऊ से दिल्ली तक एसएलपी दायर करने की तैयारी में जुटे रहे।

### यह है तीन रास्ते

उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंगनाथ पांडेय का मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय सरकार को आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी आरक्षण का निर्धारण कर चुनाव कराने की अनुमति दे सकता है। इसके लिए समय सीमा भी निर्धारित कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर केंद्र सरकार लोकसभा में इससे संबंधित कोई बिल लाकर ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने का रास्ता निकाल सकती है। लेकिन उसके लिए सभी राज्यों की सहमति लेनी होगी। यह रास्ता मुश्किल है और इसमें समय भी अधिक लगेगा।

# भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए नींव का पत्थर रखा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बहुप्रतीक्षित भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास योजना के लिए भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर शिलान्यास किया। इसके साथ ही इस अवसर पर पुरी-जलेश्वर-पुरी मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखायी गई। सभा को संबोधित करते हुए, माननीय केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रहलाद जोशी ने रेल मंत्री



अश्विनी वैष्णव द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रेलवे में नयी लाइनें बिछाने और स्टेशनों का पुनर्विकास करके देश में ढांचागत विकास को गति देने के लिए प्रशंसा की। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने भाषण में कहा कि ओड़िशा में रेलवे के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। अब ओड़िशा को 2014 से पहले के 700 से 800 करोड़ रुपये के बजाय 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिल रहे हैं। अब रेलवे महज 20 से 30 किलोमीटर की बजाय साल में करीब 300 किलोमीटर रेल लाइन बिछा रही है। इसके अलावा, ओडिशा के 36 रेलवे स्टेशनों को अब आधुनिक सुविधाओं से उन्नत किया जा रहा है, जहां राज्य के हर कोने को प्राथमिकता दी गई है। इनके अलावा कुछ दिन में जगन्नाथ सर्किट ट्रेन भी चलेगी। वैष्णव ने कहा कि भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ कई सुविधाएं होंगी। परियोजना की निर्माण अवधि कार्य शुरू होने से 24 महीने की है। सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और अपराजिता सारंगी, विधायक अनंत नारायण जेना भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर आयौजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। अनुगुल स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्रीय मंत्रीगण धर्मेंद्र प्रधान, प्रह्लाद जोशी और अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में संबलपुर और शालीमार के बीच नयी एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। बहुप्रतीक्षित संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस के शुभारंभ होने से तालचेर-ढेंकानाल और भद्रक सहित इस क्षेत्र के लोगों की आकांक्षा पूरी होगी। इसके बाद केंद्रीय मंत्रीगण धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी और अश्विनी वैष्णव द्वारा इलैक्ट्रिक लोको शेड, अनुगुल में आयोजित समारोह में 14 किलोमीटर लंबी अनुगुल-बलराम नयी रेलवे लाइन का उद्घाटन किया गया। अनुगुल-बलराम नयी रेलवे लाइन देश के विभिन्न उद्योगों और बिजली घरों को माल, विशेष रूप से कोयले के परिवहन के लिए सुविधा प्रदान करेगी और राष्ट्र के लिए अतिरिक्त राजस्व जोड़ेगी। ओड़िशा विधान सभा के उपसभापति रजनी कांत सिंह, सांसद महेश साहू, विधायक ब्रज किशोर प्रधान एवं सुशांत कुमार बेहरा भी अनुगुल रेलवे स्टेशन और अनुगुल स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने उपरोक्त समारोह में स्वागत भाषण दिया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**